CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 27 दिसम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 346 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार राहुल के विदेश दौरों की निगरानी कर रही: पित्रोदा पेज 2



स्टीव स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा खेल टाइम्स



भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर सम्पादकीय



पाकिस्तान ने एलओसी पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए पेज 12



नई दिल्ली: 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया।

# 22 राज्यों में तेज सर्दी और कोहरा, यूपी में जीरो विजिबिलिटी

## 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट, माउंट आबू में पारा एक डिग्री, पचमढ़ी में 3.6 डिग्री सेल्सियस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। यूपी-एमपी, राजस्थान समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेज ठंड और घना कोहरा हो रहा है।



- अगले दो दिन में सर्दी और बढ़ेगी
- मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में ठंड और कोहरा और ज्यादा बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में हालात सबसे ज्यादा खराब बने हुए हैं। यूपी में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी जीरो हो गई। यूपी में पहाड़ों पर बर्फबारी और सर्द हवाओं के चलते मौसम बिगड़ गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में शिमला-मनाली (7डिग्री सेल्सियस), नैनीताल (9 डिग्री सेल्सियस) और जम्मू (10 डिग्री सेल्सियस) से भी ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सड़कों पर कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं दे रहा। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इधर, मध्य प्रदेश में भी ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के 25 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। गुरुवार को पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होते ही उत्तरी ठंडी हवाओं ने सर्दी और बढ़ा दी है। 4 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री और 21 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया। 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी इनमें शामिल हैं। 20 बच्चों में से 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का पुरस्कार उनके माता-पिता ने लिया। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के 4 बेटों की शहादत के सम्मान में मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह के तीन पत्नियों से चार बेटे थे, जिनका नाम अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह था। इन्हें साहिबजादे भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के 9 साल के अजय राज को साहस के लिए अवॉर्ड दिया गया।

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) केपी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया। दरअसल 9 दिसम्बर को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया था। 50 वार्डों पर भाजपा जीती थी। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का कब्जा था। एलडीएफ ने 29 और कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) ने 19 वार्ड जीते थे। तिरुवनंतपुरम कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ है।

### नेपाली जेल से भागे 80 कैदी नेपाल को सौंपे गए

**नई दिल्ली।** जेन-जी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान नेपाल की जेलों से भागे लगभग 80 कैदियों को पकड़ लिया गया है और पड़ोसी मुल्क के संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इस साल सितम्बर में जेन-जी प्रदर्शनकारियों द्वारा विभिन्न कारागारों से निकाले गए लगभग 80 कैदी सीमा पार कर भारत में शरण लेने की कोशिश कर रहे थे, जिनमें से कुछ ने फर्जी नामों का इस्तेमाल किया था।

# यूपी में 2.89 करोड़ मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से कटना तय

## एसआईआर फॉर्म जमा करने की समयसीमा हुई खत्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ के नाम कटने अब तय हैं। शुक्रवार को एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है।

यह ऐसे मतदाता हैं, जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत व डुप्लीकेट श्रेणी में शामिल हैं। यह कुल मतदाताओं का 18.70 प्रतिशत है। अब 31 दिसम्बर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। जिन जिलों में सबसे अधिक नाम कट रहे हैं उनमें लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा व बरेली आदि शामिल हैं। मतदाता सूची में दर्ज 1.11 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड नहीं मिल रहे हैं। वर्ष 2003 -शेष पृष्ठ दो पर



- लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा और बरेली में सबसे ज्यादा नाम कटे

### 1.11 करोड़ वोटर्स को भेजा जाएगा नोटिस

**लखनऊ।** चुनाव आयोग के मुताबिक, यूपी में मैपिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। यानी साल 2003 की वोटर लिस्ट से वर्तमान वोटर लिस्ट का मिलान किया गया, जिसमें लगभग 91 प्रतिशत लोगों का डेटा मिलान हो चुका है। ऐसे वोटर्स के नाम उनके रिलेटिव्स जैसे मां-बाप, दादा-दादी या नाना-नानी से मिलाया गया है। बाकी 9 प्रतिशत यानी 1.11 करोड़ वोटर्स को चुनाव आयोग की तरफ से नोटिस भेजा जाएगा। यानी अब इन मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट चुनाव आयोग को देने होंगे। उत्तर प्रदेश में फिलहाल 11 लाख से ज्यादा लोग वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म भर चुके हैं। जिन लोगों की उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 साल पूरी हो रही है, वो भी फार्म भर सकते हैं। बता दें कि एसआईआर के लिए यूपी के तमाम जिलों में विशेष कैंप लगाए गए। मतदान केंद्रों पर बीएलओ को तैनात किया गया था। इसके अलावा सभी पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधि, बीएलओ ने एसआईआर गणना फॉर्म को भरवाने में मदद की।

# मध्यस्थता कानून की कमजोरी नहीं, विकास है: सीजेआई

पणजी, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को पणजी में कहा कि मध्यस्थता कानून की कमजोरी का संकेत नहीं है, बल्कि यह उसका सबसे बड़ा विकास है। यह न्याय की संस्कृति से भागीदारी के संस्कृति की ओर एक सच्चा बदलाव है, जहां हम सद्भाव पैदा करते हैं।

सीजेआई ने दक्षिण गोवा के सांकवाले गांव में इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च के इवेंट मिडिएशन अवेयरनेस वाकथान में भाग लिया। यहां मध्यस्थता आज के संदर्भ में कितना महत्वपूर्ण विषय पर बोलते हुए उन्होंने अपनी बात रखी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वह एक मल्टी-डोर कोर्टहाउस की ओर बदलाव की कल्पना करते हैं, जहां कोर्ट सिर्फ ट्रायल की जगह नहीं, बल्कि विवाद समाधान के लिए एक व्यापक केंद्र हो। कार्यक्रम में उन्होंने 2 लाख मिडिएटर्स के साथ वाकथान में भाग लिया। साथ ही पौधारोपण भी किया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मीडिएशन को सफल और किफायती के तौर पर स्वीकार किया जा रहा है। यह दोनों पक्षों के लिए विन-विन स्थिति है, क्योंकि यह एक सेटलमेंट है। मीडिएशन के मामले में, कोई भी मीडिएटर किसी भी पक्ष पर कुछ भी थोपेगा नहीं। यह सिर्फ वही है जो वे चाहते हैं या जो वे चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेकहोल्डर्स को एक संदेश देने के लिए मीडिएशन फॉर नेशन पहल शुरू की है। यह संदेश न केवल न्याय के उपभोक्ताओं के लिए है, बल्कि बार और बेंच जैसे सीधे स्टेकहोल्डर्स के लिए भी है। अगर लोग खुद को संवेदनशील बनाते हैं, तो वे इस बात से अवगत हो जाते हैं कि मीडिएशन एक सफल टूल है।



**कहा: देश में मल्टी-डोर कोर्ट बनें, विवादों का महज ट्रायल न हो, उन्हें सुलझाया भी जाए**

# दिल्ली की हवा में फिर घुला जहर, एक्यूआई 292 पहुंचा

**नई दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार सुबह छह बजकर पांच मिनट पर दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 292 दर्ज किया गया। इससे वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़कर 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई।

- पर्यावरण मंत्री ने आगामी दिनों में हालात और बिगड़ने की आशंका जताई

राजधानी का औसत एक्यूआई 300 से नीचे भले हो, लेकिन दिल्ली के कई इलाकों में हवा अब भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में एक्यूआई 395, बवाना में 381, चांदनी चौक में 356 और अलीपुर में 327 दर्ज किया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में प्रदूषण का स्तर असमान बना हुआ है। स्थानीय वाहनों के धुएं और पड़ोसी राज्यों से आने वाले प्रदूषकों को इस गिरावट के मुख्य कारणों के तौर पर देखा गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आगामी दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई है।

# दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

**उन्नाव दुष्कर्म केस**

**नई दिल्ली।** 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।



पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़िता की मां ने शुक्रवार को कहा कि वह दोषी कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगी। उन्होंने पिछले हफ्ते आए फैसले के विरोध में दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पीड़िता की मां ने कहा कि वह हाईकोर्ट इसलिए आई हैं, क्योंकि उनकी बेटी ने असहनीय पीड़ा झेली है। उन्होंने कहा, मैं पूरे हाईकोर्ट को दोष नहीं दे रही हूं, बल्कि सिर्फ उन दो जजों को, जिनके फैसले ने हमारे भरोसे को तोड़ दिया।

# भारत में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन हो: मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई, वार्ता

**मद्रास हाईकोर्ट** ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

- अदालत ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के फैसले का उदाहरण दिया

हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस. विजयकुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसम्बर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है। यह मामला एक पुरानी जनहित याचिका से जुड़ा है। इसमें शिकायत की गई थी कि बच्चों को इंटरनेट पर अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट बहुत आसानी से मिल जाता है।

# वीर साहिबजादों ने मजहबी कट्टरता व आतंक का वजूद हिलाया: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया।




- कहा: वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं
- जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने का वीडियो भी सामने आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए। इससे मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर औरंगजेब की हुकूमत थी। उन्होंने कहा कि हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था कि उसे अगर भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है, तो इसके लिए उसे हिंदुस्तानियों का मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि भले -शेष पृष्ठ दो पर

### भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने यह बात एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है। हाईकोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्भल के 13 पुलिस कर्मचारियों पर एफआईआर का आदेश

**सम्भल।** सम्भल में एक फर्जी मुठभेड़ के मामले में अदालत ने 13 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस ने जिस दिन लूट की घटना को दर्शाया है, उस दिन आरोपी एक अन्य मुकदमे के मामले में जिला कारागार बदायूं में बंद था। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा कि प्रारंभिक तौर पर यह नजर आता है कि कुछ पुलिसकर्मियों षड्यंत्र का सहारा लेते हुए गलत तरीके से जांच की, साथ ही अपने पद का दुरुपयोग भी किया और दस्तावेजों में जालसाजी की है। कोर्ट ने कहा कि लोकसेवकों को गैरकानूनी काम के लिए संरक्षण प्राप्त नहीं है।

### मीरवाइज ने अपने एक्स प्रोफाइल से हटाया हुर्रियत का पदनाम

**श्रीनगर।** कश्मीर के उदारवादी अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल से सर्वदलीय हुर्रियत सम्मेलन के अध्यक्ष का पदनाम हटा दिया है। कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज के सत्यापित एक्स हैंडल पर दो लाख से अधिक फॉलोवर हैं। उनके संपादित बायो में अब केवल उनका नाम और स्थान विवरण शामिल है। उन्होंने इस बदलाव के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। मीरवाइज के नेतृत्व वाली उदारवादी हुर्रियत कांफ्रेंस 2019 में अनुच्छेद 370 के निरसन के बाद से लगभग निष्क्रिय रही है। इसके अधिकांश घटक संगठनों पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें मीरवाइज का अपना राजनीतिक संगठन, अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) भी शामिल है। इस समूह ने पिछले छह वर्षों में शायद ही कभी राजनीतिक बयान जारी किए हैं।

## उप्र में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात

# 12492 गांवों का किया जाएगा कायाकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कार्यों में तेजी लाने के लिए विकेन्द्रीकृत लागू, 910 गांवों में कार्य हो चुका है पूर्ण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति बाहुल्य 12 हजार 492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं को और सदृढ़ करने का फैसला किया है।

अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समावेशन को मजबूती मिल सके। वर्ष 2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का निर्माण, सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बोरवेल, डिजिटल लाइब्रेरी, ट्रांसफॉर्मर, मोटर शेड, शवदाह गृह तथा पाइपलाइन एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद ने बताया कि समाज कल्याण की कार्यदाई संस्था यूपीसिडको के माध्यम से अब तक 2562 ग्रामों में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 910 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के टर्मिनल वर्ष को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब ग्राम पंचायतों को ही कार्यदाई संस्था नामित किया गया है। इससे एक ओर जहां प्रशासनिक प्रक्रिया सरल हुई है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से योगी सरकार न केवल गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि अनुसूचित जाति समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी ठोस और दूरदर्शी पहल कर रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए ठोस नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को नमन योगी के आवास पर कीर्तन समागम

**लखनऊ।** वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को पूरे देश में श्री गुरु गोबिद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप का आगमन हुआ और कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों की शहादत अदम्य साहस, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। उनका बलिदान युगों-युगों तक देशवासियों को कर्तव्यनिष्ठ, सत्यनिष्ठ और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कीर्तन समागम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और गुरुवाणी के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया। उधर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि साहिबजादों का अद्वितीय साहस, अटूट आस्था और अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है। उनका जीवन और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सत्य, धर्म और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर निरंतर प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि राष्ट्र 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाता है।

## भाजपा राज में बाटी-चोखा नहीं सिर्फ माटी-धोखा मिला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भाजपाई लोगों के जीवन से कर रहे खिलाड़

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज में आम जनता को विकास और सम्मान नहीं, बल्कि केवल 'माटी-धोखा' ही मिला है।

उन्होंने कहा कि अब स्थिति 'हाता नहीं भाता' से बहुत आगे निकल चुकी है और उपेक्षा तिरस्कार में बदल चुकी है, जिसे कोई भी स्वाभिमानी समाज सह नहीं सकता। यादव ने एक्स पर लिखा- जब किसी समाज के सामने केवल दो विकल्प सत्ता या सम्मान बचे रह जाते हैं, तब स्वाभिमानी समाज हमेशा सम्मान को ही चुनता है। यह सच्चाई किसी एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि हर वर्ग और समुदाय पर समान रूप से लागू होती है। भाजपा किसी की सगी नहीं है और आज 'भाजपाई' कहलाना एक नकारात्मक सामाजिक पहचान बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण जैसी संवेदनशील धरोहरों से खिलवाड़ करते हैं, दोष-सिद्ध अपराधियों को संरक्षण और महिमामंडन देते हैं तथा दवाइयों के नाम पर जहरीली-नशीली चीजें बेचकर लोगों की जदिगी खतरे में डालते हैं। उन्होंने चुनावी प्रक्रियाओं में लूट, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप भी लगाए। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि नफरत और भय का वातावरण बनाकर समाज को बांटना, संविधान और कानून के बजाय भीड़ और दबाव की राजनीति करना तथा वैज्ञानिक सोच, शिक्षा और कला से डरना,यह सब मौजूदा सत्ता की कार्यशैली को उजागर करता है। उनके अनुसार इसी वजह से अमीर-गरीब की खाई बढ़ी है, बेरोजगारी और महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और महिला, गरीब, वंचित व शोषित वर्गों के अधिकारों पर लगातार हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि देशभक्त, सभ्य, मानवतावादी, ईमानदार और स्वाभिमानी समाज अब ऐसे राजनीतिक आचरण के साथ खड़ा होकर अपमान और जनाक्रोश का शिकार नहीं होना चाहता। अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि जब तक सत्ता की इस प्रकार की राजनीति समाप्त नहीं होती, तब तक समाज को बराबरी का सम्मान मिलना संभव नहीं है।

## सरकार कर रही राहुल के विदेशी दौरों की निगरानी: पित्रोदा

■ दूतावास के अफसर उनका पीछा करते हैं, विदेशी नेताओं से मिलने को मना करते हैं: सैम

**नई दिल्ली।** ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है।

पित्रोदा ने राहुल के दौरे को लेकर गुरुवार को इंडिया टुडे से बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा कि मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं। वहीं पित्रोदा ने भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को खारिज किया। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर उन्होंने कहा कि विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है।

पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी पर विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने के आरोपों पर कहा कि सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में। डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते। जार्ज सोरोस और विदेशी फंडिंग से जुड़े आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

## अरावली को हम मरने नहीं देंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ सरकार इसे खत्म करने पर तुली हुई है: चिब

कांग्रेस ने अरावली को देश का भविष्य बताते हुए कहा है कि सरकार इसे बर्बाद करना चाहती है लेकिन कांग्रेस अरावली को मरने नहीं देगी और सात जनवरी से इस मुहिम में सत्याग्रह यात्रा निकालेगी।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभानु चिब ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं, हमारी जीवन रेखा है। ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे मोदी सरकार तबाह करने पर तुली है। अरावली को बचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना सबकी जिम्मेदारी है और युवा कांग्रेस इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस अरावली को बचाने के लिए सात जनवरी से 'अरावली सत्याग्रह' यात्रा निकाल रही है और यह यात्रा 20 जनवरी तक चलेगी।

यह यात्रा गुजरात से शुरू होगी और राजस्थान, हरियाणा से होते हुए दिल्ली आएगी। अरावली सत्याग्रह भविष्य को बचाने की यात्रा है, जो सात जनवरी से शुरु होगी और गुजरात, राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। यह यात्रा करीब करीब 1,000 किमी की होगी। चिब ने कहा कि युवा कांग्रेस इस यात्रा के जरिए मांग करेगी कि अरावली रेंज पर 100 मीटर का पैंतरा खत्म कर अरावली क्षेत्र को महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी क्षेत्र घोषित करे। उनका कहना था कि उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा हो और अरावली को लेकर जो प्रस्ताव दिया गया है सरकार उस प्रस्ताव वापस ले तथा अरावली रेंज में खनन को पूरी तरह से प्रतिबंधित करे। युवा कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पहले देश की संस्कृति को प्रदूषित किया और अब पर्यावरण को भी प्रदूषित करने की तैयारी में है। उनका कहना था कि अरावली महज पहाड़ नहीं हैं, ये उत्तर भारत को सुरक्षा देते हैं।

### सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सपा के टिकट पर उतरेंगे घोसी के मैदान में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह के छोटे बेटे सुजीत सिंह को उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने औपचारिक ऐलान किया है। यादव ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सुजीत सिंह घोसी क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि समाजवादी पार्टी का पूरा संगठन एकजुट होकर सुजीत सिंह को भारी मतों से विजई बनाने के लिए काम करेगा। शिवपाल यादव ने सुजीत सिंह को कर्मठ, जिम्मेदार और जनता से जुड़ा युवा नेता बताते हुए कहा कि पार्टी का पूर्ण समर्थन उनके साथ है। घोसी विधानसभा सीट सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई थी।

---

सेंसेक्स 85052.46
निफ्टी 26042.30



सोना रु. 137914
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 232100
प्रति किलो



---

## शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स फिसला

मुंबई, वार्ता



रुपये में जारी नरमी से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 356.24 अंक (0.42 प्रतिशत) टूटकर 85,052.46 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 99.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 26,042.30 अंक पर रहा। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार में गिरावट में रही है। डॉलर की तुलना में रुपये में नरमी का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत फिसल गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.08 फीसदी टूटा। आईटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरकर बंद हुए। धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयर करीब डेढ़ फीसदी टूट गए। टीसीएस, इटरनल, सनफार्मा और टेक महिद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक गिरे। पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसी आईसीआई बैंक, आटीसी, अडानी पोर्ट्स और टाटा स्टील में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिदुस्तान यूनीलिवर में भी तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.37 अरब डॉलर बढ़ा स्वर्ण भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर दो महीने के उच्चतम स्तर 693.318 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इससे पहले 12 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें 1.689 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह 688.949 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का दूसरा सबसे बड़ा घटक स्वर्ण भंडार 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर रहा। आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.641 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 559.428 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी एन शामिल हैं। इसका मूल्य डॉलर की तुलना में उनकी विनिमय दर के आधार पर तय किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 9.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.782 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 80 लाख डॉलर चढ़कर 18.744 अरब डॉलर हो गया।

## चांदी 2.32 लाख पार सोना 1.38 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम लगातार चौथे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए)के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 13,117 रुपए बढ़कर 2,32,100 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को इसकी कीमत 2,18,983/किलो थी। वहीं सोने की कीमत 1,287 रुपए बढ़कर 1,37,914 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को सोने की कीमत 1,36,627/10 ग्राम थी। दस दिन में चांदी 36,920 रुपए महंगी हुई है। 12 दिसंबर को इसकी कीमत 1,95,180 रुपए प्रति किलो थी। इस साल चांदी अब तक 150 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दे चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,752 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,37,914 रुपए हो गया है।

## नीदरलैंड में स्थानीय निवासियों ने टाटा स्टील से मांगा जुर्माना

मुंबई, वार्ता

नीदरलैंड के वेल्सन-नूरड के निवासियों ने टाटा स्टील पर स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए 1.4 अरब यूरो (लगभग 148 अरब रुपये) के हर्जाने की मांग के लिए मुकदमा दायर किया है।

टाटा स्टील ने गुरुवार देर रात शेयर बाजारों को बताया कि नेल्सन-नूर्ड के निवासियों के संगठन स्टिचिंग फ्रिस विड-एनयू (एसएफडब्ल्यू) ने हारलेम स्थित उत्तरी हॉलैंड की जिला अदालत में यह मुकदमा दायर किया है। मामले में टाटा स्टील नीदरलैंड बीवी और टाटा स्टील इज्मुदेन को समन जारी किए गए हैं। टाटा स्टील ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया है। आरोप है कि कंपनी के संयंत्रों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ गए हैं। टाटा स्टील ने कहा है कि एसएफडब्ल्यू ने आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण पेश नहीं किया है, जिससे उसके दावों में तथ्यों की कमी है और ये सिर्फ कल्पना पर आधारित हैं। याचिका सार्वजनिक दावों के सामूहिक निपटान संबंधी डच कानून (डब्ल्यूएएमसीए) के तहत दायर की गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि इसके तहत दो चरणों में सुनवाई पूरी होती है। पहला चरण मामले की स्वीकार्यता का होता है और दूसरे चरण में उसके गुण-दोष पर विचार किया जाता है। दोनों चरणों में अलग-अलग दो-तीन साल का समय लगता है। इसलिए आने वाले समय में (पहले चरण के दौरान) हर्जाने की राशि पर अदालत में विचार नहीं किया जाएगा। टाटा स्टील ने कहा है कि वह एसएफडब्ल्यू द्वारा मुहैया कराए गए दस्तावेजों का अध्ययन कर रही है और अधिवक्ताओं से परामर्श ले रही है। साथ ही दावों के संभावित प्रभावों का भी आंकलन किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...** की मतदाता सूची में न तो इनके और न ही इनके माता-पिता या बाबा-दादी के नाम मिले हैं। यह कुल मतदाताओं का करीब सात प्रतिशत हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नोटिस देंगे। इन्हें भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमन्य 12 प्रमाण पत्रों में से एक देना होगा। आधार कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा इसके साथ कोई दूसरा प्रमाण पत्र भी लगाना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद 31 दिसम्बर से 30 जनवरी तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। इसी तरह 31 दिसम्बर से 21 फरवरी तक उन मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे, जिनके रिकॉर्ड नहीं मिल पाए हैं। दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को होगा। उन्होंने बताया कि जिनका नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है, वह फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। जिनके पास गणना प्रपत्र आया था, लेकिन वह किन्हीं कारणों से भर नहीं सके तो वे भी फॉर्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। हालांकि इन्हें एक शपथ पत्र भरना होगा। इसमें गणना प्रपत्र की तरह ही 2003 का रिकॉर्ड देना होगा। इसके साथ ही एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं।

**वीर साहिबजादों...** ही पूरी मुगलिया बादशाहत उनके पीछे लग गई, लेकिन चारों साहिबजादों में से एक को भी डिगा नहीं पाई। साहिबजादा अजीत सिंह जी के शब्द आज भी उनके हौसले की कहानी कहते हैं। अजीत सिंह जी ने कहा था कि नाम का अजीत हूं, जीता न जाऊंगा, जीता भी गया तो जीता न आऊंगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने गुरु तेगबहादुर को उनके 350वें बलिदान दिवस पर याद किया था। जिन साहिबजादों के पास गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान की प्रेरणा हो, वो मुगल अत्याचारों से डर जाएंगे, ये सोचना ही गलत था। साहिबजादों के बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई। अब भारत ने तय किया है कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पानी ही होगी। अब हम भारतीयों के बलिदान और शौर्य की स्मृतियां दबेंगी नहीं। अब देश के नायक-नायिकाओं को हाशिये पर नहीं रखा जाएगा और इसलिए वीर बाल दिवस को हम पूरे मनोभाव से मना रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से मुक्त होते हमारे देश में, भाषाई विविधता हमारी ताकत बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वो राष्ट्र क्या कुछ नहीं कर सकता है। जब भी 26 दिसम्बर का दिन आता है, मुझे ये तसल्ली होती है कि हमारी केंद्र सरकार ने साहिबजादों की वीरता से प्रेरित होकर वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया। पीएम मोदी ने जेन-जी और जेन-अल्फा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जी की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था कि कुछ अच्छा हो ही नहीं सकता। चारों ओर निराशा का वातावरण था। लेकिन आज देश प्रतिभा को खोजता है, उन्हें मंच देता है।

## बाराबंकी की पूजा पाल व आगरा के अजय को प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार

बाराबंकी, वार्ता



■ पूजा पाल ने बनाया है धूल रहित थ्रेशर का मॉडल

■ अजय राज ने मगरमच्छ से पिता की जान बचाई थी

सिरौली गौसपुर ब्लॉक के गांव डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल को विज्ञान के क्षेत्र में किए गए नवाचार के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वीर बाल दिवस के मौके पर शुक्रवार(26 दिसंबर) को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया है। इस वर्ष पुरस्कार पाने वालों में 20 बच्चे शामिल हैं, जिनमें दो बच्चे उत्तर प्रदेश के हैं।

पूजा को सम्मान मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं आगरा निवासी 9 साल के अजय राज के पिता को मगरमच्छ ने पकड़ लिया था, लेकिन अजय ने बिना डरे मगरमच्छ को भगाया था और अपने पिता की जान बचाई थी। सिरौली गौसपुर ब्लॉक के डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल ने वर्ष 2021 में कक्षा आठ में पढ़ाई के दौरान थ्रेशर का एक मॉडल तैयार किया। यह मॉडल भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही इंस्पायर्ड एवार्ड योजना में चयनित हो गया। मॉडल को पहले जिला स्तर पर फिर मंडल स्तर पर चुन लिया गया। वर्ष 2021-22 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूजा के थ्रेशर मॉडल की खूब तारीफ हुई और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान मिला।

10 अक्टूबर 2023 में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 60 मॉडलों का चयन किया गया। इन 60 मॉडल्स में पूजा का थ्रेशर मॉडल भी था। पूजा पाल को प्रधानमंत्री मोदी की डॉक्यूमेंट्री 'कर्मयोग एक अंतहीन यात्रा' जो उनके 75 वें जन्मदिवस पर लांच की गई थी, उसमें भी पूजा को मिशन शक्ति फेज 5.0 का रोल मॉडल भी है। इन बच्चों को गणतंत्र दिवस की परेड में शामिल किया जाता है।

## दिल्ली से सटे यूपी के जिलों का एक्यूआई खतरनाक स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में कड़ाके की ठंड के साथ कई जिलों में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। दिल्ली से सटे यूपी के जिलों में एक्यूआई 400 के पार तक पहुंच जा रहा। ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ समेत कई शहरों में प्रदूषण का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदूषण का असर सेहत पर तो पड़ता ही है, साथ ही साथ यह मानसिक रूप से लोगों को परेशान करता है। बहुत से मरीजों को त्वचा संबंधित दिक्कतें होने लगती हैं। विशेषज्ञों ने दुष्प्रभावों और उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया है।केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदूषित वायु केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करती है। सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। इस स्थिति में ऐसे मरीजों को यही कहा जाता है कि बाहर निकलने से पहले मुंह पर मास्क जरूर लगाएं, अनावश्यक बाहर न निकलें, धुंध के समय मॉर्निंग या इवनिंग वॉक न करें। केजीएमयू की त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. पारुल वर्मा ने कहा कि वायु में मौजूद विषैली गैसें और सूक्ष्म कण त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं। इससे समय से पहले ही झुर्रियां, पिग्मेंटेशन और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं आने लगती हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से त्वचा कैंसर का जोखिम बढ़ सकता है।

# शाहपुर मार्ग पर मौत बनकर आई डीसीएम ने दो बाइक सवारों को कुचला

## कसेरवा के अनस व सोरम के शाकिर की मौत से परिवार में मचा कोहराम, पुलिस ने फरार डीसीएम को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर/शाहपुर।** शाहपुर बुढ़ाना मार्ग पर मौत बनकर तेज गति से आई डीसीएम ने बाइक सवार दो किशोरो को रौंद डाला जिससे एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे को जिला अस्पताल में डॉक्टरो ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। दोनो मृतक युवक घर की तंग हाली व गरीबी के चलते अपने गांव से गांव तावली में मोटर साईकिल सर्विस का काम सीख रहे थे, लेकिन दोनो बच्चों की मौत से यह परिवार ओर तंगहाली में आ जाएगा फिलहाल दुर्घटना करने वाला वाहन मौके से फरार हो गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो युवकों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम करा दिया है इस घटना से गांव सोरम और कसेरवा में शोक छा गया और परिवार में भी कोहराम मचा हुआ है।



मृतकों के फाइल फोटो।

शाहपुर थाना क्षेत्र के समीपवर्ती गांव कसेरवा निवासी युनूस मजदूरी करता है। युनूस का चौदह वर्षीय बेटा अनस गांव तावली में बाइक सर्विस का काम सीखता था। अनस के साथ ग्राम सोरम निवासी 17 वर्षीय शाकिर पुत्र साजिद भी काम सीखता था। शुक्रवार की सवेरे दोनो अपने-अपने गांव से तावली के चले। बताया जाता है कि दोनो ने हरसौली के निकट पेट्रोल पंप पर बाइक में तेल डलवाया इसके बाद वह अपनी दुकान की ओर चले। जैसे ही अनस व शाकिर हरसौली पेट्रोल पंप से आगे निकले तभी तेज गति से आई डीसीएम ने दोनो को जोरदार टक्कर मारी जिससे वह दूर जाकर पडे और डीसीएम दोनो को रौंदती हुई फरार हो गई। घटना के तुरंत बाद मौके पर भीड इकट्ठा हो गई और इसकी जानकारी ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस को दी। घायलों को तुरंत ही जिला अस्पताल लाया गया बताया जाता है कि एक घायल की मौके पर ही मौत हो चुकी थी, जबकि दूसरे को चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। जैसे ही यह खबर परिवार के लोगों को लगी तो यहां कोहराम मच गया और रोते बिलखते दोनो के परिजन अस्पताल पहुंच गए। उधर पुलिस ने दुर्घटना करने वाले वाहन की तलाश शुरू की। आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले, लेकिन सूत्रों का कहना है कि कुछ घंटो के बाद दूसरे थाने की पुलिस ने डीसीएम को पकड लिया। पुलिस ने अनस और शाकिर का पोस्टमार्टम कराया और देर शाम दोनो के शवों को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया।

# बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

■ कसेरवा निवासी मुस्तकीम कल्याणपुर से घर लौट रहे थे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक तेज रफ्तार मोटर साइकिल पर सवार एक अज्ञात युवक ने विपरीत दिशा से साइकिल पर आ रहे एक ग्रामीण की साइकिल में जोरदार टक्कर मारकर साइकिल पर सवार ग्रामीण को घायल कर दिया।

इस घटना को अंजाम देकर मोटर साइकिल पर सवार युवक फरार हो गया जबकि किसी राहगीर ने घायल ग्रामीण को एक अस्पताल में भर्ती कराकर घायल के परिजनों को सूचना दी।

मिली जानकारी के अनुसार शाहपुर थाना क्षेत्र के कसेरवा गांव का निवासी लगभग 45 वर्षीय मुस्तकीम चौधरी पुत्र रकमदीन शुक्रवार की सायं अपनी साइकिल पर बैठकर गांव कल्याणपुर की तरफ से किसी कार्य को निपटाकर अपने घर जा रहा था। जब वह बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव रसूलपुर दभेडी के समीप आया तो विपरित दिशा से तेज़ी से आ रही एक मोटर साइकिल के चालक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी और फरार हो गया। उधर किसी राहगीर ने मानवता का परिचय देते हुए सड़क पर घायल पड़े मुस्तकीम को बुढ़ाना कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराकर घटना की सूचना घायल ग्रामीण मुस्तकीम के परिजनों को दी। इस सडक हादसे में मुस्तकीम के पैर की हड्डी टूट गयी है। पुलिस को घटना की सूचना नहीं दी गयी।

बताया जाता है कि दोनो ही गरीब परिवार से थे। और गरीबी व तंगहाली के चलते दोनो ही काम सीख रहे थे और कुछ पैसा कमाकर दोनो ही अपने परिवार का पालन पोषण भी कर रहे थे।

## रामराज में मिला युवक का शव, फैली सनसनी

**मुजफ्फरनगर।** रामराज क्षेत्र के नयागांव के निकट सड़क किनारे अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गइ। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की जहां काफी समय बाद मृतक की पहचान हुई। पुलिस का कहना है कि मृतक की मौत करंट लगने से हुई है। रामराज पुलिस को सूचना मिली कि नयागांव के निकट सड़क किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की छानबीन की। थाना प्रभारी रविन्द्र सिंह यादव का कहना है कि मृतक की पहचान सोभित पुत्र ऋषिपाल उम्र तीस वर्ष निवासी नीला जलालपुर के रूप में हुई है। पुलिस का मानना है कि बिजली के करंट से मौत हुई है।



मुजफ्फरनगर: आरडीएफ मुद्दे पर बैठक में आमने-सामने आए राकेश टिकैत व उद्यमी ।

# आरडीएफ पर उद्यमियों व भाकियू में तकरार

## बोले उद्योगपति- दबाव में नहीं चलाएंगे उद्योग, डीएम को सौंप देंगे चाबी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आरडीएफ को लेकर उठ रहे तरह तरह सवालों के बाद किसान संगठन और उद्योगपतियों की बैठक में जनपद के उद्यमियों ने अफसर की मौजूदगी में दो टूक कह दिया कि दबाव की राजनीति में उद्योग हरगिज नहीं चलाएंगे चाहे उन्हें जिला ही छोड़ना पड़े।

शुक्रवार को पेपर मिल एसोसिएशन और अन्य औद्योगिक इकाइयों से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ बैठक में सभी उद्योगों के मालिक और एसोसिएशन के पदाधिकारी संकल्पित दिखे कि किसी भी नाजायज दबाव को सहन नहीं करेंगे।

किसान यूनियन के नेता राकेश टिकैत ने मीटिंग में जब यह कह दिया कि आरडीएफ जलाया गया या जिले में मंगाया गया तो इसको लाने वाले वाहनों के पहियों में भाला घुसेड़ देंगे तो उद्योगपतियों ने भी दो टूक जवाब देने में परहेज नहीं किया, साफ कर दिया गया कि आरडीएफ में भाला लगा तो उद्योगों पर ताला लगा दिया जायेगा। पेपर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष और बिन्दल डुप्लैक्स लि. के एमडी पंकज अग्रवाल ने साफ कर दिया कि यदि एक जनवरी से आरडीएफ को रोका गया तो जिले में एक भी उद्योग नहीं चलेगा। पेपर मिलों के साथ ही दूसरे उद्योगों को भी बंद कर दिया जायेगा, ताला लगाकर चाबियां डीएम को सौंपने को सभी उद्योग तैयार हैं। उन्होंने कहा कि दबाव और तनाव भरे माहौल में उद्योग चलाने को कोई भी तैयार नहीं है। आये दिन के धरने और प्रदर्शन के नाम पर अवैध वसूली को बढ़ावा दिया जा रहा है।

## अफसरों के सामने अपनी-अपनी बात पर अड़े किसान व उद्यमी

### घंटों चली बैठक में फैलने वाले प्रदूषण पर नहीं निकला कोई निष्कर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** फैक्ट्रियों में आरडीएफ (रिफ्यूज डिराइव्ड फ्यूल) के उपयोग, दूसरे राज्यों से आ रहे गीले कूड़े को जलाने और उससे फैल रहे प्रदूषण को लेकर चल रहे विवाद में प्रशासन सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आगे आया है। किसान नेताओं और उद्यमियों के बीच बढ़ती खींचतान को समाप्त करने के लिए पहली बार दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर वार्ता कराई गई, जिसमें समस्याओं को उठाया गया तो वहीं समाधान के रास्ते भी निकाले गये। उद्यमी अपनी बात पर अड़े नजर आये। किसान नेता राकेश टिकैत ने जब आरडीएफ न जलने देने की चेतावनी देते हुए धमकाया तो पेपर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल भी उग्र हो गये और साफ कह दिया कि सभी उद्योग बंद कर चाबियां डीएम को सौंप देंगे, दबाव नहीं सहन करेंगे। एडीएम प्रशासन संजय सिंह के नेतृत्व में हुई इस बैठक में बिंदुवार समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्यमियों की ओर से पेपर मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं बिन्दल पेपर मिल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक पंकज अग्रवाल ने पक्ष रखा, जबकि किसानों, ग्रामीणों और आम जनता की आवाज बनकर भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत बैठक में मौजूद रहे। बैठक करीब दो घंटे से अधिक समय तक चली, जिसमें दोनों पक्षों के बीच आरडीएफ की परिभाषा, उसकी वैधानिक स्थिति, फैक्ट्रियों में इसके उपयोग और उससे होने वाले पर्यावरणीय प्रभाव को लेकर तर्क-वितर्क होते रहे। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि आरडीएफ की आड़ में दूसरे राज्यों से गीला कूड़ा लाकर जलाया जा रहा है, जिससे गांवों और खेतों में प्रदूषण फैल रहा है और ग्रामीणों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। इस दौरान क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### सुरक्षा देना सरकार की पहली जिम्मेदारी: पंकज

**मुजफ्फरनगर।** बैठक में उद्यमियों ने दबाव बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ऐसे में हम भी संघर्ष करेंगे। फैक्ट्रियों को चलाने के लिए सुरक्षित माहौल बनाने का जिम्मा जिला प्रशासन का है पकंज अग्रवाल ने कहा कि सुरक्षा देने शासन का काम है। यदि कोई उद्योग नाजायज काम कर रहा है, नियमों की अनदेखी हो रही है तो कार्रवाई की जाये।

### किसानों ने काली राख से लबालब पत्तियां लाकर रखी

**मुजफ्फरनगर।** बैठक में किसानो ने काली राख, छाई से लबालब पत्तियां व केले के पत्ते, गन्ने के पराल लाकर रखी तो सब हैरान हो गए। एडीएम ने भी यहां इससे होने वाले कालस का एहसास करते हुए हाथ साफ किए तो वहीं मिल मालिक भी कपड़े झाडने लगे।

### एक महीने की मिली मौहलत, दो फरवरी को होगी बैठक

**मुजफ्फरनगर।** आरडीएफ को लेकर राकेश टिकैत व मिल मालिकों के बीच हुई तकरार के बाद जिला पंचायत सभाकक्ष में मौजूद अफसर चुप-चाप बैठे रहे जिससे यहां भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत के तेवर ओर तल्ख हो गए। उन्होने साफ कहा कि जनपद में किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने दिया जाएगा जिस पर मिल मालिकों ने कहा कि उन्हे सरकार से परमिशन मिली हुई है इसके बावजुद भी उन्हे परेशान किया जा रहा है। जिस पर राकेश टिकैत भड़क गए और उन्होने गेंद प्रशासन के पाले में फेंकते हुए कहा कि हमने तो फैसला कर लिया है बाकि अब बैठक में मौजूद अधिकारी जाने। यह सुनकर अफसर एक दूसरे का मुंह देखने लगे और कुछ बोलने को तैयार नहीं हुए। मिल मालिकों ने भी एक महीने का समय मांगा जिस पर अफसरों की मध्यस्थता में सहमति बनी कि अगली बैठक दो फरवरी को होगी और दोनो पक्ष अपनी-अपनी कमेटियां बनाकर मिलों पर नजर रखेंगे।

# बैंकट हाल स्वामी से मांगी 10 लाख की रंगदारी

## बुढ़ाना पुलिस ने तीन आरोपियों को जेल भेजा, एक फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** एक प्रतिष्ठित बैंकट हाल के स्वामी से शिकायत वापस लेने के नाम पर चार लोगों के द्वारा 10 लाख रूपये की रंगदारी मांगने की बात सामने आई है। इनमें से पुलिस ने शुक्रवार की अल सुबह तीन लोगों को पकड़कर जेल भेज दिया है। यह मामला बुढाना कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।

सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला काजीवाडा निवासी इमरानध जिया के भाई नौशाद का एक बैंकट हाल पुल पार फल मंडी के सामने है। इस बैंकट हाल को बंजर जमीन में बताकर बीते दिनों इन्हीं के घर के समीप रहने वाले चार युवकों ने तहसील दिवस में शिकायत की थी। जिसमें जांच हुई तो उक्त बैंकट हाल सही जमीन में बना पाया गया था। इसी जांच के चलने के दौरान आरोप के मुताबिक चारों शिकायतकर्ता इमरान जिया से ये भी कह रहे थे कि वे अपनी शिकायत वापस ले लेंगे इसके लिए उनको दस लाख रुपये की रकम देनी होगी नहीं तो वे मुख्यमंत्री तक भी जाएंगे। जब बैंकट हाल की जांच हुई तो इसमें इमरान जिया को संबंधित अधिका. रियों की और से क्लीन चिट मिली तो इमरान जिया को बल मिला और उन्होंने इसकी शिकायत बुढ़ाना पुलिस से की तो पुलिस ने भी अंदरुनी जांच करते हुए इमरान जिया से अपनी शिकायत वापस लेने के नाम पर रंगदारी मांगने वालों पर शिकंजा कसते हुए 3 लोगों को उनके घरों से हिरासत में लिया है। पकड़े गये आरोपी रमीज, तारिक और फसी हैं जबकि चौथा आरोपी फरार हो गया है।

## ठगी करने वालों के विरुद्ध भीम आर्मी का प्रदर्शन

**मुजफ्फरनगर।** पैसा डबल करने के नाम पर करोडों रूपये की ठगी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग को लेकर नेशनल भीम आर्मी बहुजन एकता मिशन कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा।

प्रवल कुमार पुत्र शिशपाल ने बताया कि सोनू निवासी चांदपुर, पुष्पारानी व अमित के साथ मिलकर जिले के ग्रामीणों से सर्व समाज के गरीब लोगों को पैसा डबल करने के नाम पर ठगा है। लोकेश कटारिया ने कार्यवाही की मांग करते हुए कहा कि यदि पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो भीम आर्मी आंदोलन करेंगी।

## कोहरे में कार पुलिसबूथ में घुसी, दूसरी नहर में गिरी

**मुजफ्फरनगर।** जिस तरह कोहरे की रफ्तार बढ़ रही है इसी तरह लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। नगर के कई क्षेत्रों में कई दुर्घटनाएं हुई जिसमें कार, बाइक सहित कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। एक घटना महावीर चौक के निकट हुई जहां तेज गति से आई कार पुलिस बूथ में घुस गई। बताया जाता है कि कार जानसठ पुल से उतरती हुए आगे चल रहे ट्रक में टक्कर मारकर पुलिस बूथ में घुस गई जिसमें कार के पूरी तरह परखच्चे उड गए जिसमें चालक अमित पुत्र ऋषिपाल निवासी भौराकलां गंभीर रूप से घायल हो गया।

वहीं दूसरी ओर तितावी क्षेत्र के गांव लालूखेडी के निकट घने कोहरे के कारण अनियंत्रित कार सोहजनी जाटान नहर में गिर गई। इस समय कार में सवार चार लोग किसी तरह कार से कूदे और अपनी जान बचाई। दुर्घटना के दौरान हल्की-फुल्की चोटे आई। चालक का कहना है कि घने कोहरे के कारण सड़क पर खडे हाईटेंशन के खम्भा नहीं दिखा।

# पशु को बचाने के प्रयास में डिवाईडर पर चढ़ा ट्रक

■ तेज रफ्तार आलू से भरा ट्रक पलटकर हुआ क्षतिग्रस्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानसठ।** पानीपत खटीमा राजमार्ग जानसठ निरीक्षण भवन के पास तड़के एक रोंगटे खड़े कर देने वाला हादसा हुआ। एक आवारा पशु को बचाने के प्रयास में आलू से लदा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रक डिवाइडर को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करते हुए उसके ऊपर फंस गया। इसी बीच पीछे से आ रहे एक सीएनजी ट्रक की भी उससे भिड़ंत हो गई। गनीमत रही कि इस पूरी घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन हाईवे पर घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

जानकारी के अनुसार, भगवान स्वरूप पुत्र अमर सिंह (निवासी मथुरा राडी, जिला पीलीभीत) हरियाणा से आलू भरकर ट्रक लेकर बिहार की ओर जा रहे थे। सुबह करीब 03:45 बजे जब उनका ट्रक जानसठ वाजि.



दपुर कव्वाली कट के पास पहुँचा, तो अंधेरे व घने कोहरे के चलते अचानक एक बेसहारा पशु सामने आ गया। चालक ने पशु को बचाने के लिए तेजी से स्टेयरिंग घुमाया, जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर सीधे डिवाइडर पर जा चढ़ा। आलू वाला ट्रक जैसे ही डिवाइडर पर चढ़ा, तो पीछे से आ रहा एक सीएनजी 407 ट्रक (यूपी 32 वीएन 9971) उससे जा टकराया। चूंकि एक ट्रक में ज्वलनशील सीएनजी गैस थी, इसलिए बड़े विस्फोट का खतरा बना हुआ था। संयोगवश, टक्कर सीधे गैस टैंक पर नहीं लगी, जिससे एक बहुत बड़ा हादसा होते-होते रह गया। घटना की सूचना मिलते ही हाईवे 1033 की टीम और हाईवे की एंबुलेंस व क्रेन महज 10 मिनट के भीतर (सुबह 03:55 बजे) मौके पर पहुंच गई। जानसठ कस्बा चौकी प्रभारी दीपक कुमार ने पुलिस बल के साथ तुरंत मोर्चा संभाला वहीं दूसरी और 1033 की टीम ने मिलकर दोनों तरफ के ट्रैफिक को रुकवाया।

क्रेन की मदद से डिवाइडर पर फंसे आलू के ट्रक को नीचे उतारा गया और सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट किया गया प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह हादसा यदि दिन के उजाले में हुआ होता, तो दर्जनों लोग इसकी चपेट में आ सकते थे। इस हाईवे पर पैदल चलने वालों के लिए पर्याप्त जगह नहीं है और दिन में यहाँ भारी भीड़ रहती है।

डिवाइडर पर ट्रक चढ़ने की घटना ने एक बार फिर हाईवे पर आवारा पशुओं के आतंक और सड़क सुरक्षा पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रीय लोगों ने एसडीएम जानसठ व एनएच हाईवे के अधिकारियों से शीघ्र सड़क पर हो रहे ई रिक्षा व अन्य लोगों के द्वारा किए गए अतिक्रमण को शीघ्र हटाने की मांग की है। अब देखना है की स्थानीय प्रशासन और एनएच हाईवे 1033 इस पर कार्रवाई करते है।

# डीएम-एसएसपी ने परखी जेल की सुरक्षा व्यवस्था



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। उन्होने सुरक्षा उपकरणों को चैक करते हुए कारागार के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है।

डीएम उमेश मिश्रा और एसएसपी संजय कुमार वर्मा अपनी टीम के साथ जिला कारागार पहुंचे। उन्होने कारागार में पुरूष व महिला बैरकों को चैक किया। अधिकारियों के साथ पहुंचे सीओ ने भी रसोई घर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई को चैक किया। उन्होने मैन्यू के हिसाब से बंदियों को भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। डीएम-एसएसपी ने जेल में बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं और उनकी समस्याओ के बारे में भी जानकारी दी। उन्होने निरीक्षण के दौरान कार्यालय के अभिलेखों का रख-रखाव और मुलाकाती रजिस्टर का भी अवलोकन किया। डीएम एसएसपी ने जेल में लगी जैमर प्रणाली, सीसीटीवी कैमरे को चैक करते हुए सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दोनो अधिकारियों ने कारागार के अस्पताल का भी निरीक्षण करते हुए यहां रखी दवाईयां को चैक किया। और ओपीटी के बारे में जानकारी की। उन्होने यहां के मरीजों से भी उनका हाल जाना।

# रिटायर्ड प्रिंसिपल के घर लाखों की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर/तितावी।** तितावी थाना क्षेत्र के गांव सालाखेडी में बदमाशों ने रिटायर्ड प्रिंसिपल के मकान को निशाना बनाते हुए लाखों की चोरी की वारदात कर डाली। चोर सामान के साथ सीसीटीवी और डीवीआर भी साथ ले गए। घटना के समय मकान बंद था और परिवार के लोग मेरठ गए थे। बदमाशों ने सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर पुलिस कार्यवाही से बचने के लिए की है फिलहाल पुलिसने घटना की छानबीन कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चैक किए है।

तितावी क्षेत्र के गांव सालाखेडी निवासी 75 वर्षीय साहब सिंह प्रा. इमरी स्कूल से रिटायर्ड प्रिंसिपल है। साहब सिंह का बेटा दीपक कुमार मेरठ में परिवार सहित रहता है और वह इंश्योरेंस कम्पनी में दो जनपदों के सर्वेयर है। बताया जाता है कि इक्कीस दिसम्बर को साहब सिंह अपने बेटे दीपक से मिलने मेरठ गए थे और घर पर ताला लगा हुआ था। जब वह घर पहुंचे तो कमरे का सामान तितर-बितर बिखरा हुआ मिला। कमरों में पडा सामान देखकर साफ हो रहा था कि बदमाश यहां काफी देर रूके और बड़ी आसानी से पूरे घर को खंगाला।



दीपक का कहना है कि बदमाश यहां से लाखों की नगदी और सोने-चांदी के जेवर ले गए है। कुल मिलाकर पीडित पक्ष का कहना है कि बदमाशों ने इस मकान में लाखों के बीच चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

सूचना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी, लेकिन चोरी की छानबीन से यह भी स्पष्ट हो रहा था कि बदमाश यहां से सबूत मिटाने के लिए और कानून से बचने के लिए सीसीटीवी और डीवीआर भी साथ ले गए है। फिलहाल पुलिस आस-पास के लोगों की कुण्डली खंगाल रही है और कुछ गिरोह पर भी निगाहे दौडा रही है।

पुलिस ने आस-पास के लोगों से भी इस संबंध में पूछताछ की है अब पुलिस चोरो तक कैसे पहुंचेगी और इस वारदात को किस गिरोह ने की है क्या इसमें किसी नजदीकी का हाथ है यह पुलिस जांच का विषय है। दीपक कुमार का कहना है कि इससे पहले भी कुछ लोग उन्हे परेशान कर रहे थे और वह अधिकारियों से लेकर स्थानीय थाने में तहरीर देकर शिकायत कर चुके है।

# तीन जनपद की टीम पहुंची जिला परिषद

■ पदाधिकारी सुभाष चौहान व व्यापारियों ने किया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला परिषद में आए दिन छापेमारी और चैकिंग से साफ हो रहा है कि जनपद मुजफ्फरनगर का नाम पूरी तरह सुर्खियों में है। लखनऊ, आगरा, हरियाणा व पंजाब की टीमों के अलावा स्थानीय टीम भी जिला परिषद व बाहर स्टोरो पर लगातार छापेमार कार्यवाही कर रही है। ऐसा भी नहीं कि टीम खाली हाथ लौटी पिछली कार्यवाही को दोहराया जाए तो टीम को यहां से भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाई बरामद हुई, लेकिन इसके बाद चैकिंग व कार्यवाही से यहां के व्यापारियों में रोष देखा जा रहा है। व्यापारियों का कहना है कि कुछ लोगों के कारण यहां का व्यापार बदनाम किया जा रहा है। शुक्रवार की सवेरे भी लखनऊ के ड्रग्स कंट्रोलर के आदेश पर बुलंदशहर जनपद मेरठ के साथ स्थानीय औषधि निरीक्षक ने कई दुकानों पर चैकिंग की। टीम सवेरे ग्यारह बजे जिला परिषद मार्किट पहुंची और मेरठ बुलंदशहर और जनपद मुजफ्फरनगर के ओषधि निरीक्षक ने करीब पांच से ज्यादा एजेंसियों पर चैकिंग की।

मेरठ और बुलंदशहर से आए ओषधि निरीक्षक का कहना था कि वह लखनऊ ड्रग्स कंट्रोलर के आदेश पर यहां आए है लखनऊ के अधिकारियों को सूचना मिली थी कि जिला परिषद की कुछ एजेंसियों पर नारकोटिक्स की दवाईयां बेची जा रही है। आज की कार्यवाही से जिला परिषद के दवा कारोबारियों ने टीम का विरोध शुरू किया। कुछ देर बाद ही कैमिस्ट व ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी जिला परिषद मार्किट पहुंच गए और उन्होने इस छानबीन का पूरजोर विरोध किया।

इस दौरान स्थानीय औषधि निरीक्षक पवन शाक्य भी मौजूद थे जहां सुभाष चौहान व मार्किट के पदाधिकारियों ने इस मामले से मंत्री कपिल देव को अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि छापेमारी के दौरान टीम को एजेंसी से कोई भी प्रति. बंधित दवाई बरामद नहीं हुई, लेकिन टीम द्वारा लगातार छापेमार कार्यवाही से उनकी बदनामी हो रही है। इस दौरान प्रमोद मित्तल, सुभाष चौहान, सतीश तायल, पंकज तनेजा, दिव्या प्रसाद सोलंकी, मनोज गर्ग, आरके गुप्ता ने भी मंत्री कपिल देव से बात करते हुए कहा कि गलत तरीके से की जा रही छापेमार कार्यवाही पर रोकलगाई जाए, सच्चाई क्या है यह तो ड्रग्स विभाग ही जाने।

## कांशीराम आवास योजना का कड़वा सच.......

# जिन गरीबों के लिए बने थे आवास वे हुए बेघर

( नसीम कुरैशी )

**बुढ़ाना।** तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती के शासनकाल में कांशीराम के नाम से नगरीय आवास योजना के तहत बुढ़ाना कस्बे के बड़कता रोड के पास 108 मकान गरीबों को देने के लिए बनाए गये थे लेकिन आज इन मकानों में काफी अपात्र लोग मस्ती काट रहे हैं। शुरू में इनमें रह रहे गरीब वर्ग के लोग इन मकानों को दबंगों के प्रभाव में छोड़कर लालचवश दो-चार हजार रुपये लेकर कहीं और चले गये। अब इन पर दबंगों का कब्जा है। इन दबंगों ने ये मकान अब किराए पर अपात्र लोगों को दे रखे हैं जबकि पात्र लोग आवास पाने के चक्कर में संबंधित अधिकारियों के कार्यालयों के धक्के खा रहे हैं लेकिन कोई भी अधिकारी गरीबों की सुनने को तैयार नहीं है। इन मकानों की अभी की स्थिति यह है कि इन 108 मकानों में से फिलहाल 15 मकान ऐसे हैं जिन पर दबंगों के अवैध कब्जे हैं। इनके अलावा 14 मकानों पर कई सालों से ताले लटके पड़े हैं। इनके अलावा 4 मकान तो ऐसे हैं जिन पर डेढ़ दशक से ताले लगे हैं। अगर देखा जाए तो बसपा शासनकाल का ड्रीम प्रोजेक्ट कांशीराम नगरीय आवास योजना प्रशासनिक लापरवाही के कारण दम तोड़ रहा है। सरकार की ओर से जो आवास गरीब परिवारों को दिए गए थे वे दबंगों के डर से कुछ मामूली रकम लेकर चलते बने। अब कांशीराम नगरीय आवासीय योजना के अंर्तगत गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले बेघर लोगों के लिए बने कई आवासों पर अपात्र लोग कब्जा किए बैठे हैं जबकि कई पात्र लोग अपने सिर पर एक अदद छत पाने के लिए संबंधित अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि जानकारी में होने के बावजूद प्रशासन द्वारा अपात्र लोगों से मकान खाली कराने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। ये मकान उन लोगों के लिए बनाए गए थे जो गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करते हैं और सिर ढकने के लिए अपना मकान नहीं है। कुछ आवासों में कभी कभी पात्र का कोई परिजन सिर्फ रात को सोने के लिए आ जाता है। सूत्रों का कहना है कि जब किसी अधिकारी के आने की संभावना होती है तो पात्र को सूचना दे दी जाती है। सूचना पाकर पात्र ताला खोलकर बैठ जाता है। काशीराम कॉलोनी में बड़ी तादाद में लोगों ने मकान किराए पर दे रखे हैं। जिसकी कभी जांच ही नहीं हुई। काशीराम कॉलोनी में ज्यादातर लोग लोफर लफंगे दबंग गुंडे सड़कों पर घूमते रहते हैं और काशीराम कॉलोनी में अवैध कब्जा करके जबरन मकान में रहे रहे हैं वहीं पर अवैध कब्जा करके रहने वाले अपात्र लोग बड़ी तादाद में बिजली चोरी भी कर रहे हैं। ज्यादातर ये लोग कॉलोनी में गंदगी फैलाने से लेकर गलत कार्यों तक में लिप्त रहते हैं मगर मकान किराए पर देने वाले मकान मालिक को सिर्फ अपने किराए से मतलब है।

जिन लोगों को मकान मिले हैं उनके पास पहले से ही अपने घर हैं। ये लोग इन सरकारी मकानों को किराए पर देकर जबरदस्त मुनाफा कमा रहे हैं। किरायेदारों की लापरवाही से इन मकानों की हालत भी खराब हो रही है। कई मकानों के आसपास झाड़ियां और घास फूस उग आई है। प्रशासन ने अब तक ना तो आवंटन का भौतिक सत्यापन किया और न ही किराए पर चल रहे इस गोरखधंधे पर रोक लगाई है। लोगों की मांग है कि प्रशासन मकानों का दुरुपयोग करने वालों की पहचान करे। उनका आवंटन रद्द कर वास्तविक जरुरतमंदों को मकान दिये जाएं। बसपा शासनकाल में शुरु हुई इस योजना का मकसद गरीबों को छत देना था मगर भ्रष्टाचार व प्रशासनिक लापरवाही से योजना अपने लक्ष्य से भटक गई। अगर जल्द ही इस पर रोक न लगी तो गरीबों के हक का हनन होता रहेगा। कुल मिलाकर पात्र व्यक्ति धक्के खा रहे हैं क्या अधिकारी पात्र लोगों को मकान दिलवाएंगे इस पर सबकी नजरें लगी हैं।

**क्या कहते हैं ईओ....**

ये कालोनी डूडा के अंडर में हैं। हम तो सिर्फ समय समय इसकी साफ सफाई का ध्यान रखते रहते हैं। इस बारे में डूडा के अधिकारी ही बता सकते हैं।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता से मारपीट

**खतौली।** थाना खतौली क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न का एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष ने एक विवाहिता के साथ मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने पति समेत ससुराल पक्ष के आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव खांजा. पुर निवासी ज्योति पत्नी शिवम पाल सैनी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी लगभग पांच वर्ष पूर्व अलमासपुर (थाना नई मंडी, मुजफ्फरनगर) निवासी शिवम पाल सैनी से हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले कम दहेज का ताना देते हुए उसे मानसिक और शारी. रिक रूप से प्रताड़ित करते रहे। शुरुआत में दो लाख रुपये नकद और एक मोटरसाइकिल की मांग की गई, जिसे पूरा न करने पर उत्पीड़न बढ़ता चला गया। पीड़िता के अनुसार, उसकी दो बेटियां हैं। बेटियों के जन्म के बाद ससुराल पक्ष का व्यवहार और अधिक खराब हो गया और बच्चियों की शादी को लेकर ताने दिए जाने लगे। इसी बीच दहेज की मांग बढ़ाकर पांच लाख रुपये कर दी गई। मना करने पर उसके साथ कई बार मारपीट की गई।ज्योति ने आरा. ेप लगाया कि बीते पांच अक्टूबर को पति, ससुर, सास, ननद और ननदोई ने उसके साथ मारपीट की थी, जिस पर उस समय समझौता करा दिया गया था। इसके अलावा उसके पिता अलग-अलग समय पर करीब एक लाख रुपये ससुराल पक्ष को दे चुके हैं। तहरीर में बताया गया कि 16 अक्टूबर को पति, ससुर और सास ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और फांसी लगाकर जान से मारने का प्रयास किया। उसे घर में बंद कर दिया गया, लेकिन किसी तरह उसने फोन कर अपने पिता को सूचना दी। परिजनों के पहुंचने पर आरोपियों ने उनके साथ भी अभद्रता की और धमकी दी कि पांच लाख रुपये दिए बिना वे उसे अपने घर में नहीं रखेंगे। इसके बाद पीड़िता को घर से निकाल दिया गया। मारपीट में उसे गंभीर चोटें आई हैं। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# दिव्यांग गरीब असहायों को बांटे गए उपकरण



**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन जनपद बागपत के असारा गांव में आगामी नववर्ष 2026 के शुभ अवसर पर समाजसेवकों जिनमें असारा गांव के लगातार तीन बार ग्राम प्रधान रह चुके पूर्व ग्राम प्रधान चौधरी मुशर्रफ अली, बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव डुंगर में स्थित कंपोजिट स्कूल के प्रभारी प्रधान अध्यापक चौधरी जमील अहमद, राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आरिश चौधरी और ठेकेदार मुर्शद चौधरी आदि समाजसेवकों द्वारा गांव असारा के दिव्यांगो, वृद्धजनों, विधवाओं और गरीब असहायों को उपकरण और भयंकर सर्दी से बचाने के लिए गरम कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि लोकसभा बागपत क्षेत्र के राष्ट्रीय लोकदल के सांसद राजकुमार सांगवान और रमाला शुगर मिल्स के चेयरमैन जयदेव सिंह संयुक्त रूप से रहे। इस भव्य आयोजन के दौरान गांव के सभी दिव्यांग, विधवा महिलाएं, गरीब वर्ग के सभी कमजोर व्यक्ति उपस्थित हुए और सभी को अपने कर कमलों के द्वारा बागपत लोकसभा सांसद राजकुमार सागवान ने सहायक उपकरण और गरम कंबल वितरण किए और कहा कि इस कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों की सेवा करना ही सच्चे अर्थों में जनसेवा है। गरम कंबल पाकर सभी लोगों के चेहरों पर खुशी देखी गई और इस तरह के आयोजन को लेकर जरुरतमंदों ने चौधरी जमील अहमद सहित सभी गणमान्य लोगों की जमकर सराहना की।

## शहीद दिवस एवं गुरु गोविंद सिंह जयंती की पूर्व बेला पर वीर बाल दिवस का भावपूर्ण आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** भागवंती सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, नई मंडी के प्रार्थना सभा स्थल पर शहीद दिवस एवं गुरु गोविंद सिंह जयंती की पूर्व वेला के पावन अवसर पर वीर बाल दिवस अत्यंत श्रद्धा, सम्मान एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्रधर्म, बलिदान और संस्कारों की गौरवशाली परंपरा से विद्यार्थियों को परिचित कराना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता आचार्या शिल्पा मित्तल ने वीर बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति के आदर्शों का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि वीर बालकों का अदम्य साहस आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है और उनके बलिदान हमें सत्य व धर्म के मार्ग पर अडिग रहने की सीख देते हैं। गुरु गोविंद सिंह जयंती के उपलक्ष्य में विद्यालय के आचार्य योगेश ने गुरु गोविंद सिंह के जीवन, उनके आदर्शों एवं समाज को दिए गए अमूल्य योगदान पर प्रेरक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने गुरु परंपरा की महत्ता और राष्ट्रनिर्माण में उसके योगदान को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. वन्दना शर्मा ने साहिबज़ादे जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को कथा के माध्यम से अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। उनकी मार्मिक प्रस्तुति ने उपस्थित सभी जनों को भावविभोर कर दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को साहिबज़ादों द्वारा दिखाए गए सत्य, साहस और धर्मनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार ने वीर साहिबज़ादों की शहादत को शत-शत नमन करते हुए उनके अमर बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में अनुशासन, श्रद्धा और राष्ट्रीय चेतना का अनुपम संगम देखने को मिला।

## साहिबजादों का त्याग हमारी स्वतंत्रता, सुरक्षा और अस्मिता की अमूल्य धरोहर है: कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** भारत सरकार द्वारा घोषित वीर बाल दिवस के अवसर पर सर्कुलर रोड स्थित एम. जी. पब्लिक स्कूल में एक अत्यंत भव्य, गरिमामय एवं भावनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य सिख इतिहास के अमर नायकोंश्री गुरु गोविन्द सिंह जी महाराज के चार साहिबज़ादो-साहिबज़ादा अजीत सिंह, साहिबज़ादा जुझार सिंह, साहिबज़ादा ज़ोरावर सिंह एवं साहिबज़ादा फ़तेह सिंह की अद्वितीय वीरता, धर्मनिष्ठा, त्याग और सर्वोच्च बलिदान को नमन करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवाणी पाठ एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वीर साहिबज़ादों ने अत्यंत कम आयु में जिस असाधारण साहस, आत्मबल और धर्म एवं राष्ट्र के प्रति अटूट समर्पण का परिचय दिया, वह भारतीय इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। उन्होंने कहा कि साहिबज़ादों का बलिदान हमें यह सिखाता है कि सत्य और धर्म की रक्षा के लिए किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि वीर बाल दिवस केवल एक स्मृति दिवस नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रप्रेम, नैतिक मूल्यों और कर्तव्यबोध से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे वीर साहिबज़ादों के जीवन से प्रेरणा लेकर सत्य, साहस, अनुशासन, सेवा, त्याग और राष्ट्रभक्ति को अपने जीवन के मूल मंत्र के रूप में अपनाएँ तथा एक जिम्मेदार, संस्कारवान और देशभक्त नागरिक बनें।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभावशाली नाट्य मंचन के माध्यम से साहिबज़ादों के



बलिदान की गाथा को अत्यंत जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त भावपूर्ण कविताएँ, प्रेरणादायक सबद गायन एवं विचारा. ेत्तेजक वक्तव्यों ने पूरे वातावरण को श्रद्धा, गर्व और भावुकता से भर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी श्रोताओं को भावविभोर कर दिया और कई क्षणों तक सभागार तालियों की गूंज से भर उठा।

विद्यालय की प्रधानाचार्य मो. निका ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में अपने गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सतीश गोयल, सरदार सतपाल मान (प्रधान), अजीत सिंह मलिक, जसप्रीत सिंह चावला, हरजीत सिंह गुराय, हरजीत सिंह चावला, चरण सिंह बराड़, ज्ञानी हरजीत सिंह, कश्मीर सिंह चहल, सतपाल सिंह, रविंद्र सिंह सोढ़ी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, शिक्षकगण, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रभक्ति के संदेश, वीर साहिबज़ादों को श्रद्धांजलि अर्पित करने एवं उनके आदर्शों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ हुआ।

# एसडीएम-ग्रामीणों की वार्ता मे 5 जनवरी की मीटिंग तय



**बुढ़ाना।** शुक्रवार को किसान मजदूर संगठन के तहसील अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह के नेतृत्व में कुछ ग्रामीण एसडीएम बुढ़ाना अपूर्वा यादव से उनके आफिस में मिले और एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि संगठन से जुडे सैंकडो ग्रामीणों ने किसानों व मजदूरों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए बीते 19 दिसम्बर को ग्राम बिराल में स्थित दिल्ली वाया देहरादून कॉरीडॉर पर धरना प्रदर्शन किया था। धरने पर आपकी ओर से तहसीलदार ने किसानों की मांग से संबंधित अधिकारियों से मीटिंग कराना तय किया था।

इसलिए आपकी मौजूदगी में 30 दिसम्बर को समस्याओं से संबंधित सब अधिकारी मीटिंग में रहें और किसानों की समस्याओं का समाधान करें। इसलिए मीटिंग में प्रशासन उचित व्यवस्था करे ताकि किसानों को कोई दिक्कत न हो। मीटिंग में उस दिन एनएचआई पीडी, जिला चकबंदी बंदोबस्त अधिकारी, बुढ़ाना विद्युत विभाग के एक्सईएन, बीएसए, तहस. ीलदार, पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन, जल विभाग के सक्षम अधिकारी, बीडीओ, सीएमओ, पशु चिकित्सा अधिकारी, डीएसओ आपके साथ आएं। तब एसडीएम व ग्रामीणों के बीच 5 जनवरी को गांव में सब अधिका. रियों की मीटिंग रखने की बात तय हुई। यहां संगठन के तहसील अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह, ग्राम अध्यक्ष बिराल मदनपाल सिंह, सतबीर सिंह, मुकेश सिंह, चुन्नू ठाकुर, डाक्टर लीला, ठाकुर अमरीश सिंह, सचिन सिंह व ठाकुर अंकुश सिंह आदि मौजूद रहे।

### वीर बाल दिवस पर श्री गुरुद्वारे साहिब में आयोजित किए गए कार्यक्रम

**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ स्थित श्री आशापूर्ण गुरुद्वारे साहिब में शुक्रवार को वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने कहा कि भारत का इतिहास अमर बलिदानियों की गौरव गाथाओं से भरा पड़ा है।

गुरु गोविंद सिंह जी के साहब. जादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने बालपन में अपना बलिदान राष्ट्र और धर्म के लिए समर्पित करके अपना नाम इतिहास के सुनहरे पन्नों में दर्ज करा लिया है । आज हम उन्हीं बलिदानियों को स्मरण करके देश एवं धर्म के लिए मर मिटने की प्रेरणा ले सकते हैं। भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी 2022 को वीर दिवस मनाने की घोषणा की गई थी तभी से प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को सिखों के 10 वें गुरु,गुरु गोविंद सिंह जी के पुत्रों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतेह सिंह जी का बलिदान दिवस मनाया जाता है। कार्यक्रम में ज्ञानी अमीर सिंह, अरुण पाल , रामकुमार शर्मा , ब्रजवीर सिंह, अनिल कुमार ,वीरेंद्र चौहान , विनोद शर्मा ,श्रीपाल महाराज मौजूद रहे। इसके बाद गांव कासमपुरा स्थित गुरुद्वारे में भी वीरों को याद किया गया। भाजपा के मंडल अध्यक्ष संजय कोरी, , सतनाम सिंह मौजूद रहे ।

# विवेक जागे बिना नेत्रों का होना व्यर्थ : मुनि प्रतीक सागर

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** उत्तर प्रदेश सरकार के राजकीय अतिथि क्रांतिवीर मुनि श्री प्रतीक सागर जी महाराज ने कहा कि जब तक व्यक्ति के भीतर विवेक का प्रकाश नहीं जागता, तब तक बाहरी आंखों से देखना केवल औपचारिकता मात्र है। ऐसी ख्रष्टि मोरपंख की आंख के समान होती है, जो देखने का आभास तो देती है, पर सत्य का बोध नहीं कराती।

मन की आंख से किया गया दर्शन ही जीवन को सही दिशा में मोड़ने की क्षमता रखता है। गुरुवार को चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, पीनोपाड़ा में आयोजित दैनिक धर्मसभा में प्रवचन देते हुए मुनि श्री ने कहा कि जागरूकता से भरा चार दिन का जीवन, अज्ञान में बिताए गए सौ वर्षों से कहीं अधिक श्रेष्ठ होता है। जो व्यक्ति अपने भीतर चेतना जगा लेता है, वही राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर और आदिनाथ जैसे महापुरुषों की श्रेणी में आता है।

मुनि श्री ने बताया कि सामान्य जन जहां दो आंखों से संसार को देखता है, वहीं मुनिराज तीन नेत्रों से जीवन को समझते हैं। उनका तीसरा नेत्र आगम अर्थात शास्त्र ज्ञान होता है।

संत कम बोलते हैं और अपने आचरण से अधिक प्रभाव छोड़ते हैं। उनके जीवन को देखकर ही समाज अपने विचारों को बदलता है और भक्ति के मार्ग पर अग्रसर होता है।

उन्होंने कहा कि जो स्वयं को बदलने का साहस रखता है, वही दुनिया को बदल सकता है। जो दूसरों को सुधारने की बात करता है, लेकिन स्वयं परिवर्तन नहीं चाहता, वह भ्रम में जीता है। मुनि श्री ने प्रतीकात्मक उदाहरण देते हुए कहा कि जो भगवान की शक्ति को भगवान के विरुद्ध खड़ा कर दे, वही दुर्योधन कहलाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मानव शरीर के सभी अंग ईश्वर की सेवा के लिए हैं। उन्हें भोग-विलास में लगाना ईश्वर की इच्छा के विपरीत है।

भगवान ने जीव मात्र से प्रेम करना सिखाया है,चाहे वह चींटी हो, मनुष्य हो या वृक्ष। नफरत और कटु वाणी धर्म का मार्ग नहीं हो सकती।मुनि श्री ने कहा कि जैसे पिता का मित्र पुत्र का मित्र और पिता का शत्रु पुत्र का शत्रु होता है, वैसे ही भगवान के सद्गुणों को अपनाना ही सच्ची भक्ति है। भक्ति के जागरण से ईश्वर के दर्शन सहज हो जाते हैं। चंदन वाला, राजा श्रेयांश और शबरी इसके जीवंत उदाहरण हैं, जिन्होंने भक्ति के बल पर भगवान को प्राप्त किया। प्रवचन के अंत में उन्होंने श्रद्धालुओं से आ]वान किया कि धन, तन और परिवार संसार को अर्पित करें, लेकिन मन को भगवान और सद्गुरु के चरणों में समर्पित करें, जिससे भीतर सम्यक ज्ञान का उदय हो सके। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और मुनि श्री के विचारों से गहराई से प्रभावित हुए।



### सार्वजनिक सूचना

में इरफान पुत्र हसन निवासी ग्राम लोई थाना फुगाना जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र सन्नि उर्फ समीर मेरे कहने सुनने मे नही था। उसका चाल चलन भी अच्छा नही था। जिससे कुपित होकर मैंने अपने पुत्र को अपने परिवार से बीते 16 सितम्बर 2025 को बेदखल कर दिया था। जिसके संबंध में मैंने समाचार पत्र राष्ट्रीय सहारा में बीते 18 सितम्बर 2025 के अंक मे बेदखली के सम्बन्ध में सूचना प्रकाशित कराई थी लेकिन अब मेरे पुत्र का व्यवहार चाल चलन अच्छा हो गया है। समीर अब मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने मे है। इसलिए मैं अपने पुत्र के साथ अपने परिवारिक रिश्ते जोडता हूं। पूर्व मे हुए सम्बन्ध विच्छेद का खंडन करता हूं।

### नाम परिवर्तन सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण सं B20250990020001365 0/10.05.2025 में मेरे पुत्र का नाम यश वर्धन (Yash Verdhan) अंकित हो गया था, जबकि वास्तविक नाम यशवर्धन (Yashwardhan) है। शुद्धिकरण हेतू आवेदन-पत्र विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**अनुज कुमार**
**ग्राम-भण्डूरा, मुजफ्फरनगर**
**8267909125**

### संबंध विच्छेद सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र उदय वर्मा व पुत्रवधु श्रीमति अनीषा सिंह उर्फ तन्नू मुझसे व मेरे परिवारजनों से अलग रहते है तथा मेरे कहने-सुनने में नहीं है इनकी गलत हरकतों से तंग व परेशान होकर मैने अपने पुत्र उदय वर्मा व अपनी पुत्रवधु श्रीमति अनीषा उर्फ तन्नू को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए है। यदि उदय वर्मा और उसकी पत्नी अनीषा सिंह उर्फ तन्नू कोई कानूनी अथवा गैर कानूनी कार्य करते है तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व परिजनों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**श्री अजय वर्मा पुत्र स्व. नरेश वर्मा**
**निवासी- म.न. 38 आबकारी**
**थाना-कोतवाली नगर**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सन्नी ग़लत संगत में पड़कर मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। काफी समझाने के बाद भी वह अपनी हरकतो से बाज नहीं आ रहा है। बात-बात पर परिवार से लडाई झगडा रखता है और परिवार पर दबाव बनाने के लिए मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के विरूद्ध झूठे प्रार्थना पत्र देता है। इसकी नाजायज हरकतों से परेशान होकर मैने व परिवार के अन्य सदस्यों ने इसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर इससे अपने तमाम सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। आज के बाद मेरा व परिवार का सन्नी से किसी प्रकार का कोई मतलब वास्ता नहीं रहा है। सन्नी अपने किसी भी कृत्य व लेन देन के लिए ये स्वयं जिम्मेदार होगा।

**वेद प्रकाश उर्फ धूमन पुत्र मामराज**
**निवासी- ग्राम अलावलपुर माजरा,**
**थाना-भौराकलां,**
**जनपद मुजफ्फरनगर**

**समन** वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय खतौली जिला मु.नगर** वाद संख्या T202509550603750 सन 2025 1. अमन सिंह 2.भंवर सिंह 3. चमन सिंह उर्फ चमन सिंह राणा पुत्रगण श्री हरीराम निवासीगण ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर 4 सुमित कुमार उर्फ सुमित सिहँ पुत्र कवरसिंह निवासी ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर ...**वादीगण**

**बनाम** 1.आशीष कुमार पुत्र श्री नाहर सिंह 2. अभिषेक पुत्र श्री ब्रजपाल सिंह 3 कु. प्राची पुत्री श्री ब्रजपाल सिंह 4 श्रीमति पूनम देवी पत्नि श्री ब्रजपाल सिंह सभी निवासीगण ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर 5 दिनेश कुमार 6 मुनेश कुमार पुत्रगण श्री भरत सिंह निवास. ीगण ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर 7 ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर ... **प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की मै लिहाजा आपको हुक्म देता हूँ आप बतारीख **06/01/2026 ई.** बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जबाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जबाव देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्खत और मोहर अदालत के आज बतारीख 19/12/2025 ई. जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी**
**खतौली मुजफ्फरनगर**

**समन** वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय खतौली जिला मु.नगर** वाद संख्या T202509550603747 सन् 2025 1.अमन सिंह 2 भवर सिहँ 3 चमन सिंह उर्फ चमन सिंह राणा पुत्रगण हरीराम निवासीगण ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर 4.श्रीमति प्रेमवती पत्नि श्री भंवर सिंह निवासी ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर ... **वादीगण बनाम** 1.आशीष कुमार पुत्र श्री नाहर सिहँ 2 अभिषेक पुत्र श्री ब्रजपाल सिंह 3 कु. प्राची पुत्री श्री ब्रजपाल सिंह 4 श्रीमति पूनम देवी पत्नि श्री ब्रजपाल सिंह सभी निवासीगण ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर 5 दिनेश कुमार 6 मुनेश कुमार पुत्रगण श्री भरत सिंह निवासीगण ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर 7 श्रीमति मंजुला देवी पत्नि रणपाल सिंह निवासी ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर 8.श्रीमति मनीता देवी पत्नि आशीष कुमार निवासी ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर 9 ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर ....**प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की मै लिहाजा आपको हुक्म देता हूँ आप बतारीख **06/01/2026 ई.** बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जबाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जबाव देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्खत और मोहर अदालत के आज बतारीख 19/12/2025 ई. जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी**
**खतौली मुजफ्फरनगर**

**समन** वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय खतौली जिला मु.नगर** वाद संख्या T202509550603748 सन् 2025 1.अमन सिंह 2 भवर सिहँ 3 चमन सिहँ उर्फ चमन सिंह राणा पुत्रगण हरीराम निवासीगण ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर 4 सुमित कुमार उर्फ सुमित सिहँ पुत्र कवर सिंह निवासी ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर ..........**वादीगण बनाम** 1. आशीष कुमार पुत्र श्री नाहर सिहँ 2. अभिषेक पुत्र श्री ब्रजपाल सिहँ 3.कु. प्राची पुत्री श्री ब्रजपाल सिंह 4.श्रीमति पूनम देवी पत्नि श्री ब्रजपाल सिहँ 5. दिनेश कुमार पुत्र श्री भरत सिहँ 6. मुनेश कुमार पुत्र श्री भरत सिहँ 7. श्रीमति मंजुला देवी पत्नि रणपाल सिहँ सभी निवासीगण ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर 8 ग्राम सभा द्वारा ग्राम प्रधान ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु. नगर ....**प्रतिवादीगण** वाद अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र. राजस्व संहिता 2006 ग्राम सरधन परगना व तहसील खतौली जिला मु.नगर हरगाह मिनजानिब वादीगण ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की मै लिहाजा आपको हुक्म देता हूँ आप बतारीख **06/01/2026 ई.** बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जबाब देही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसको शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजो को जिस पर अपनी जबाव देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मजर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्खत और मोहर अदालत के आज बतारीख 19/12/2025 ई. जारी किया गया है।

**उपजिलाधिकारी**
**खतौली मुजफ्फरनगर**

# गुडविल सोसायटी ने जिला अस्पताल को भेंट किए 51 कम्बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला अस्पताल (पुरुष) में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर संजय वर्मा के कार्यालय में उपस्थित होकर गुडविल सोसायटी के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल एवं सचिव होतीलाल शर्मा ने गुडविल सोसायटी की टीम के साथ पहुंचकर जिला अस्पताल में अपना इलाज करा रहे निर्बल वर्गीय रोगी उनके साथ सहयोगी के रूप में आने वाले तीमारदारो एवं चिकित्सालय में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को सर्दी से बचाव किए जाने की दृष्टि से 51 कंबल जिला चिकित्सालय को भेट किए।

उपजिलाधिकारी सदर प्रवीण त्रिवेदी जहां इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वहीं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील तेवतिया एवं सीएमएस डॉक्टर संजय वर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि इस कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान गुडविल



सोसायटी के पदाधिकारीयो एवं सदस्यों के साथ रहे और अतिथियों सहित उपस्थित सदस्यों ने जिला चिकित्सालय मे विभिन्न वार्ड में पहुंचकर अपने हाथों से जरूरतमंदों को कंबल भेट किये! अपने संबोधन में उप जिलाधिकारी सदर प्रवीण त्रिवेदी व अन्य ने गुडविल सोसायटी के सामाजिक जीवन को नई दिशा देने जैसे इस रचनात्मक कार्य की सराहना की इस अवसर पर सर्वश्री ए.के अग्रवाल डॉक्टर एसपी अग्रवाल बीएम गुप्ता मनोज जैन(एल. जी) बोहरन लाल विशाल कालरा पंकज जैन (गाँधीटेंट) मुकेश लाल एडवोकेट अंकुर गर्ग मुकेश अरोड़ा मुनेश सिंगल पीके गुप्ता प्रमोद बंसल राहुल शर्मा राजेंद्र साहनी रामबीर सिंह संदीप दास सतीश मित्तल चक्रेश जैन कृष्ण अग्रवाल सुभाष वर्मा आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# अवैध टायर फैक्ट्रियों से उठता ज़हर खतौली की हवा बन रहा जानलेवा

**काले तेल का 'काला कारोबार', प्रशासन की चुप्पी से बढ़ रहा खतरा**

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** खतौली नगर की आबोहवा तेजी से ज़हरीली होती जा रही है और इसका सबसे बड़ा कारण बन रही है।

आसपास संचालित अवैध टायर जलाने वाली फैक्ट्रियां। पहले से ही वाहनों का धुआं, उड़ती धूल, निर्माण कार्य और खुले में कूड़ा जलाना लोगों की परेशानी बढ़ा रहा था, लेकिन अब टायर जलाकर काला तेल निकालने का अवैध धंधा हालात को और भयावह बना चुका है। खतौली व आसपास के क्षेत्रों में चोरी-छिपे चल रही इन फैक्ट्रियों से निकलने वाला घना काला धुआं सीधे वातावरण में जहर घोल रहा है। टायर जलाने से निकाला गया काला तेल टैंकरों व कैंटरों में भरकर कस्बे के बीचों-बीच से खुलेआम ले जाया जा रहा है, जिससे पूरे इलाके में तेज दुर्गंध फैल रही है और किसी भी समय बड़ी आगजनी की आशंका बनी हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि इतना बड़ा अवैध कारोबार होने के बावजूद स्थानीय प्रशासन आंख मूंदे बैठा है। वहीं दिल्ली-एनसीआर से आ रहा प्रदूषण खतौली की हवा को और जहरीला बना रहा है।

नतीजा यह है कि लोगों में दमा, सांस की गंभीर बीमारियां, एलर्जी और अन्य श्वसन रोग तेजी से बढ़ रहे हैं। अस्पतालों में सांस संबंधी मरीजों की बढ़ती संख्या हालात की गंभीरता को साफ दर्शाती है। हाल ही में इस खतरे की एक झलक उस समय देखने को मिली, जब कढ़ली गांव के पास काले तेल से भरा एक कैंटर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गया। हादसे में दो आवारा सांडों की मौके पर ही मौत हो गई। सौभाग्य से उस समय कैंटर खाली था, अन्यथा भयानक आग और बड़े जान-माल के नुकसान से इनकार नहीं किया जा सकता था।

नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध टायर फैक्ट्रियों और काले तेल के परिवहन पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई, तो खतौली का वातावरण पूरी तरह जानलेवा हो जाएगा। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इन प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों पर तुरंत रोक लगाई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को इस धीमे ज़हर से बचाया जा सके।

# कड़ाके की ठंड में बेबस गरीब, कागज़ों तक सिमटी रैन बसेरों की व्यवस्था



**खतौली।** कड़ाके की ठंड ने जहां आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है, वहीं गरीब, निराश्रित और राहगीरों के लिए यह ठंड जानलेवा साबित हो रही है। प्रशासन द्वारा रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। जानकारी के अभाव और प्रशासनिक लापरवाही के चलते आज भी दर्जनों गरीब लोग खुले आसमान के नीचे ठिठुरते हुए रात बिताने को मजबूर हैं। गुरुवार की रात खतौली रेलवे स्टेशन पर यह ख्रश्य साफ देखने को मिला, जहां दर्जनों गरीब और राहग. ीर ठंड से कांपते हुए खुले में सोते पाए गए। जब इन लोगों से रैन बसेरों में न रुकने का कारण पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि उन्हें रैन बसेरों की कोई जानकारी ही नहीं है। कई लोगों ने बताया कि वे बाहर से आए हैं और उन्हें यह तक नहीं पता कि नगरपालिका कहां स्थित है।हैरानी की बात यह है कि शहर में लगाए गए रैन बसेरों से संबंधित पोस्टरों में केवल इतना लिखा है कि ह्रैन बसेरा नगरपालिका में स्थित हैह, लेकिन नगरपालिका का स्पष्ट स्थान कहीं अंकित नहीं किया गया। इस अधूरी जानकारी के कारण जरूरतमंद लोग इन सुविधाओं तक पहुंच ही नहीं पा रहे हैं और प्रशासन की व्यवस्था बेअसर साबित हो रही है।हालांकि प्रशासनिक अधिकारी रैन बसेरों के निरीक्षण का दावा करते नहीं थकते, लेकिन ठंड में खुले में सोते गरीब इन दावों पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। यदि समय रहते रैन बसेरों की समुचित जानकारी, संकेतक बोर्ड और व्यापक प्रचार-प्रसार नहीं किया गया, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

## भीषण शीत लहर में तहसीलदार ने राहगीरों को ठंड से दी राहत

**जानसठ।** उत्तर भारत में पड़ रही भीषण ठंड और शीतलहर के प्रकोप के बीच प्रशासन का एक मानवीय चेहरा सामने आया है। जानसठ की तहसीलदार श्रीमती श्रद्धा गुप्ता ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया और सड़कों पर ठिठुर रहे बेसहारा व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए हाथ आगे बढ़ाया।

गुरूवार को जब पारा अपने न्यूनतम स्तर पर था, तहसीलदार श्रीमती श्रद्धा गुप्ता क्षेत्र के भ्रमण पर निकलीं। इस दौरान उन्होंने देखा कि कई राहग. ीर और बेसहारा लोग कड़ाके की ठंड में खुले आसमान के नीचे या ठंडी हवाओं के बीच ठिठुरने को मजबूर हैं।मानवता का परिचय देते हुए, उन्होंने तत्काल अपनी सरकारी गाड़ी रुकवाई,और तहसीलदार ने किसी औपचारिकता का इंतजार न करते हुए अपनी सरकारी गाड़ी में मौजूद कंबलों को निकाला और खुद आगे बढ़कर राहगीरों को ओढ़ाया। उनके इस कदम ने न केवल जरूरतमंदों को शारीरिक राहत दी, बल्कि समाज में कर्तव्यनिष्ठा और सेवाभाव का संदेश भी दिया। कंबल मिलते ही कड़कड़ाती ठंड से जूझ रहे गरीब और असहाय लोगों के चेहरों पर सुकून नजर आया। कंबल पाकर कई बुजुर्गों और बेसहारा लोगों की आंखें भर आईं। उन्होंने तहसीलदार के इस प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें खूब आशीर्वाद और धन्यवाद दिया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि प्रशास. निक अधिकारियों का यह सेवा भाव आम जनता में ब्विास पैदा करता है कि शासन और प्रशासन उनके दुख-दर्द में साथ खड़ा है।

इस दौरान तहसीलदार श्रीमती श्रद्धा गुप्ता ने कहा कि भीषण ठंड को देखते हुए प्रशासन मुस्तैद है। हमारा प्रयास है कि कोई भी व्यद्रि खुले में ठंड से न ठिठुरे। उन्होंने सक्षम लोगों से भी अपील की कि वे इस मौसम में जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आएं।

# संत महात्माओं व विद्यार्थियों को किए कंबल वितरित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम में संत -महात्मा, आचार्यो, पुरोहितों और विद्यार्थियों को पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने कम्बल वितरित किये।

श्री शुकदेव आश्रम में गुड़गांव से पधारे भागवत भक्तों कुलदीप छिल्लर, मणिपाल सिंह और राहुल ने तीर्थ जीर्णोद्धारक वीतराग स्वामी कल्याणदेव महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित किये। पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज ने कहा कि परोपकार की भावना से दान करना श्रेष्ठ कर्म है। प्रभु ने जैसी भी सामर्थ्य दी है, उसी के अनुरुप मदद करनी चाहिए। त्याग, दान और निष्काम सेवा में जीवन की सार्थकता है। दान का पुण्य परिवार को सुखी, समृद्ध बनाता है। स्वजनों पर भगवान की कृपा होती है। श्री शुकदेव संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थियों को ऊनी वस्त्र भेंट किये गये। ट्रस्टी ओमदत्त देव, रमेश मलिक, कथाव्यास सुमन कृष्ण शास्त्री, आचार्य अतुल, आचार्य युवराज, दीपक मिश्रा आदि मौजूद रहे। वही श्री शुकदेव आश्रम में संयोजक विभोर सिंघल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पीठाधीश्वर स्वामी ओमानन्द महाराज के सानिध्य में भाजपा नेता श्री मोहन तायल, पुरुषोत्तम गौतम, विनोद शर्मा आदि ने संत महात्माओं को कंबल भेंट किये।



# एसआईआर फार्म भरने की प्रक्रिया हुई समाप्त



**बुढ़ाना।** कस्बे और क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण सूची में नाम दर्ज कराने के लिए एसआईआर फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुक्रवार को समाप्त हो गयी। सभी बीएलओज इस प्रक्रिया में आज बहुत ही ज्यादा व्यस्त दिखाई दिए। बीएलओ द्वारा मतदाताओं के नाम, जन्म तिथि, माता-पिता का नाम और मोबाइल नंबर जैसी जानकारी दर्ज की गयी और इसके साथ ही 2003 की मतदाता सूची के क्रम संख्या, विधानसभा क्षेत्र और पिता पति के नाम और रिलेशन की जानकारी भी ली गयी। इस कार्य में असमा अली, सुशील सैनी, अमीर अहमद, शशि धनगर, राकेश गोयल, अंकित कंसल, प्रवेश कुमार, धर्मेंद्र मलिक, आबाद कुरैशी, रमेश पंवार, दीपक कुमार और राखी जैन सहित अन्य कई बीएलओज सक्रिय रूप से लगे रहे। सभी ने मतदाताओं को एसआईआर फार्म भरने की प्रक्रिया और आवश्यक जानकारी प्रदान कराई। बीएलओ द्वारा गांव गांव और घर घर जाकर लोगों से छुटे मतदाताओं के बारे में जानकारी डिटेल्स ली तथा और फॉर्म वितरित करके भरे तथा किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर भी सुधारकर बीएलओज द्वारा फॉर्म को दोबारा भरकर मतदाता से पुनरीक्षण कराया गया और फिर उसे ऑनलाइन अपलोड किया। बताया जाता है कि निर्वाचन आयोग ने छुटे मतदाताओं को अतिरिक्त समय दिया था ताकि समय पर मतदाता अपना नाम पुनरीक्षण सूची में दर्ज करा लें। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर बीएलओ से संपर्क कर किसी भी समस्या का समाधान करने और विस्तृत जानकारी प्राप्त करने की सलाह भी दी गई थी।

# विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र की खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती किरण यादव की अध्यक्षता में बुढ़ाना कस्बे के कांधला रोड पर कमल मार्किट के सामने स्थित कन्या जूनियर हाई स्कूल में एक विज्ञान क्विज का आयोजन किया गया। जिसमे पांचों एआरपी जिनमें क्षमा जांगिड, संजीव कुमार, नरेश सैनी, रवि शंकर व नीरज जयंत और बीआरसी स्टाफ मे पंकज कुमार, नीरज कुमार, अंकुर कुमार और शिव कुमार आदि शिक्षकों ने इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक बहुत अच्छे से किया। इस कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमति किरण यादव के द्वारा सभी प्रतिभागी छात्र और छात्राओं को शैक्षिक सामग्री दी गई। यहां पर विज्ञान क्विज के उपरांत टॉप फाइव छात्र और छात्राओं को चयनित किया गया। जिन्हें मोमेंटो और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उन्हें जनपद स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम में महिला शिक्षक संघ की ब्लॉक अध्यक्षा प्रीति चौहान भी उपस्थित रही। उन्होंने सभी छात्र और छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम में सहयोग किया। इसके अलावा इस कार्यक्रम में सहयोग करने वाले सभी अध्यापकों का भी धन्यवाद किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### बैनामा कराने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोप

**मुजफ्फरनगर।** जिले के थाना बुढ़ाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला मंडी दक्षिणी-2 निवासी खुर्शीदा पत्नी शमशाद अली ने एक व्यक्ति पर प्लॉट का बैनामा कराने के नाम पर लाखों रुपये हड़पने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता के अनुसार वर्ष 2016 में आरोपी इरफान पुत्र सत्तार अली निवासी बुढ़ाना ने प्लॉट दिलाने का झांसा देकर अलग-अलग तारीखों में कुल 4,20,000 रुपये लिए। बाद में मोटरसाइकिल बिक्री, बैनामा और अन्य खर्चों के नाम पर भी पैसे वसूल किए गए। इसके बावजूद आज तक न तो बैनामा कराया गया और न ही पूरे रुपये वापस किए गए।आरोप है कि जब पीड़िता ने अपने पैसे मांगे तो आरोपी टालमटोल करता रहा और अब खुलेआम धमकी भी दे रहा है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी का दबदबा है और वह खुद को प्रभावशाली बताकर डराता है।पीड़िता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### पुल की बाउंड्री टूटने से किसी भी समय घटित हो सकता है बड़ा हादसा

**चरथावल।** क्षेत्र में स्थित कुटेसरा जाने वाला नहर पुल इन दिनों गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त अवस्था में पहुंच चुका है। पुल पर जगह-जगह दरारें, टूटी बाउंड्री के कारण राहगीरों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन दोपहिया वाहनों के फिसलने की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है।वही पुल की टूटी बाउंड्री टूटकर नहर मे गिरी पड़ी हैस लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा नहर के अंदर से टूटी बाउंड्री को उठाने की जहमत भी नहीं की गयी हैस और लापरवाही के कारण टूटी बाउंड्रीवाल हादसों को दावत दे रहे है वही इससे पानी की निकासी भी बाधित होती है वैसे ही नहर मे कम आनी आता है और बहुत बहुत दिनों तक नहर मे पानी न आने के कारण किसानों के खेतो की सिचाई भी प्रभावित होती है और नहर मे पानी न आने के कारण समय पर किसानों की फसलों को पानी भी नहीं दिया जाता है जिससे किसान खून के आंसू रोता नजर आता है

स्थानीय किसानों व ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य संपर्क मार्ग है। गन्ना, गेहूं सहित अन्य फसलों की ढुलाई इसी रास्ते से होती है। किसानों का आरोप है कि ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉली, ओवरलोड ट्रक और भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण पुल को गंभीर नुकसान पहुंचा है।ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि उन्होंने इस समस्या को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। न तो पुल की मरम्मत कराई गई और न ही किसी प्रकार के चेतावनी संकेत या बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई, जिससे विभागीय लापरवाही स्पष्ट दिखाई देती है।क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि नहर पुल की तत्काल मरम्मत कराई जाए और ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि किसी संभावित दुर्घटना को रोका जा सके। चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो किसान और ग्रामीण आंदोलन करने को मजबूर होंगे। चरथावल से कुटेसरा होकर यह मार्ग सहारनपुर हाइवे से जुड़ जाता है जिस कारण इस मार्ग पर बड़ी संख्या मे वाहनों का आवगमन रहता है कोहरे के कारण पुल की बाउंड्री टूटने के कारण अनेको वाहन गिर सकते है नहर के अंदर जिससे असमय बड़ा हादसा घटित होने की आशंका रहती है

### जन प्रतिनिधियों ने बढ़ाया छात्र-छात्राओं का उत्साह

**भोपा।** भोपा -मुज़फ्फरनगर मार्ग स्थित सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल में जारी पाँच दिवसीय स्पोर्ट्स मीट के समापन पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति छात्र-छात्राओं द्वारा दी गयी।वहीं जन प्रतिनिधिओं ने बच्चों को पुरुषकृत कर उनका उत्साह बढ़ाया।मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल,ब्लॉक् प्रमुख अनिल राठी एवं संजय राठी, धीरज बालियान ने विजेता बच्चों को पुरुषकृत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान एवं ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यालय के चारों हाउसों द्वारा प्रस्तुत मार्च पास्ट ने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मार्च पास्ट का नेतृत्व स्कूल हेड गर्ल आराध्य, हेड बॉय सक्षम, स्पोर्ट्स कैप्टन सुहानी एवं स्कूल वाइस कैप्टन शौर्य ने किया।

स्पोर्ट्स मीट के दौरान विद्यार्थियों ने वॉलीबॉल, कबड्डी, बैडमिंटन, खो-खो एवं एथलेटिक्स जैसी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें वॉलीबॉल सीनियर वर्ग, रेड हाउस, जूनियर वर्ग,येलो हाउस,कबड्डी सीनियर वर्ग, ग्रीन हाउस, जूनियर वर्ग, रेड हाउस बैडमिंटन, बालिका वर्ग, येलो हाउस, बालक वर्ग, येलो हाउस एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं के विजेता 100 मीटर दौड़ (बालक वर्ग)जूनियर, अविरल, सीनियर, अक्षत 200 मीटर दौड़ (बालक वर्ग) सीनियर, दिलजोत, 100 मीटर दौड़ (बालिका वर्ग) जूनियर, अन्नया, सीनियर, पद्मिनी समापन अवसर पर सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अतिथियों ने खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों के शारीरिक, मान. सिक एवं नैतिक विकास पर प्रकाश डाला।

### सड़क किनारे गड्ढा होने से अनहोनी की आशंका, एसडीएम से की गई शिकायत

**जानसठ ।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव तालड़ा में जानसठ-मोरना मार्ग पर सड़क किनारे बना एक गहरा गड्ढा राहगीरों और स्थानीय निवासियों के लिए मुसीबत का सबब बना हुआ है। शुक्रवार को गांव के ही एक युवक ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर इस समस्या के त्वरित समाधान की मांग की, जिस पर एसडीएम ने कड़ा संज्ञान लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम तालड़ा में इन दिनों नाले का निर्माण कार्य चल रहा है। इस निर्माण के दौरान जानसठ-मोरना मुख्य मार्ग के बिल्कुल किनारे एक बड़ा और काफी गहरा गड्ढा खोद दिया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्यदायी संस्था ने सुरक्षा मानकों को ताक पर रखते हुए इस गड्ढे को खुला छोड़ दिया है। व्यस्त मार्ग होने के कारण यहाँ चौबीसों घंटे वाहनों का आवागमन रहता है।

### ग्रामीणों ने जताई अनहोनी की आशंका

**जानसठ।** शुक्रवार को तालड़ा निवासी भीम आर्मी के मोहित ने उपजिला. धिकारी राजकुमार भारती से मुलाकात कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया। मो. हित ने बताया कि सड़क से बिल्कुल सटा हुआ यह गड्ढा इतना गहरा है कि रात के अंधेरे में या जरा सी लापरवाही होने पर कोई भी बड़ा वाहन या बाइक सवार इसमें समा सकता है। उन्होंने जनहित में इस समस्या को उठाते हुए इसे जल्द से जल्द बंद कराने की गुहार लगाई।शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिक. ारी राजकुमार भारती ने तत्काल मौके की स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन पर कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिए कि बिना विलंब किए सड़क किनारे बने इस जानलेवा गड्ढे को मिट्टी से भरवाकर समतल किया जाए, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना को टाला जा सके।

उपजिलाधिकारी राजकुमार भारती ने कहा,किसड़क किनारे गहरा गड्ढा होने की सूचना मिली है। जनसुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वे तत्काल मौके पर पहुंचकर समाधान सुनिश्चित करें।

# तुषार गुप्ता बने उत्तर प्रदेश टैक्स एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन (आई.आई.ए.) के जनसंपर्क अधिकारी एडवोकेट तुषार गुप्ता का चयन उत्तर प्रदेश टैक्स बार एसोसिएशन में कार्यकारिणी सदस्य के रूप में किया गया है। उनके इस चयन से जनपद के उद्योग जगत एवं अधिवक्ता समुदाय में हर्ष का माहौल है। एडवोकेट तुषार गुप्ता का यह चयन उनकी निरंतर कड़ी मेहनत, लगन एवं कर कानूनों में गहरी पेशेवर दक्षता का परिणाम माना जा रहा है। आई आई ए पदा. धिकारियों एवं सदस्यों ने उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे संगठन के लिए गर्व का विषय



बताया है। सभी ने एडवोकेट तुषार गुप्ता को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# सड़क दुर्घटना रोकने को जिला सड़क सुरक्षा समिति ने लिए कई निर्णय

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी श्री उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की माह अक्टूबर-2025 की बैठक 'ववउ ।चच के माध्यम से सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने शहर के अन्दर अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शा से होने वाली भीड के बारे में एवं ई-रिक्शाओं का रूट निर्धारित किये जाने हेतु सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी व ट्रैफिक पुलिस के साथ विचार विमर्श करते हुए ई-रिक्शा से होने वाली भीड को कम करने हेतु निर्देशित किया गया। सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को प्रतिमाह अधिक सख्या में सेमीनार एवं गोष्ठी आयोजित कर आम जनमानस को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लैक स्पॉटस पर कराये गये सुधारात्मक कार्यो की समीक्षा एवं सम्भावित सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नये ब्लैक स्पॉटों के चिन्हांकन व उनके सुधारीकरण का कार्य कराये जाने हेतु एनएचएआई एवं लोनिवि के अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा वर्ष 2025 में सृजित नये ब्लैक स्पॉटों के सुधारीकरण के कार्य को तत्काल ठीक कराने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर को शहर के अन्दर हो रहे अतिक्रमण को पुलिस विभाग के सहयोग से हटाने के निर्देश दिये गये।

जिला गन्ना अधिकारी को गन्ने के सीजन में सभी वाहनों की फिटनेस एवं वाहनों के पीछे रिफलेक्टर लगाये जाने के निर्देश दिये गये। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को शहर के अन्दर चल रही सभी ई-रिक्शाओं की निरन्तर फिटनेस चेक करने एवं लाईसेंस चेक किये जाने एवं अवैध रूप से चल रही ई-रिक्शाओं को तत्काल बन्द करने हेतु हेतु निर्देशित किया गया।

## 31 दिसम्बर तक सब वकील न्यायिक कार्यों से रहेंगे विरत

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन हुई बार एसोसिएशन बुढ़ाना की एक आवश्यक बैठक में बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी ने बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं को जानकारी देते हुए बतलाया कि उच्च न्यायालय की व्यवस्था के अनुसार आगामी 31 दिसंबर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। जिसके कारण अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से पूर्णतरू विरत रहेंगे। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को बार एसोसिएशन बुढ़ाना की एक आवश्यक बैठक का आयोजन हुआ। इस बैठक में बार एसोसिएशन बुढाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी ने बताया कि उच्च न्यायालय प्रयागराज द्वारा आज शुक्रवार से लेकर आगामी 31 दिसम्बर तक शीतकालीन अवकाश घोघषित किया गया है। जिसके कारण समूचे उत्तर प्रदेश में सभी अघधिवक्ता न्यायिक कार्यों से पूर्णतरू विरत रहेंगे। इसी को लेकर बार एसोसिएशन बुढ़ाना के सभी अधिवक्ता भी न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। यह प्रस्ताव सभी न्यायालय में भेज दिया गया है। इस मौके पर मीटिंग में बार एसोसिएशन के अघधिकतर पदाधिकारी व अधिवक्ता मौजूद रहे। जिनमें मुख्य रुप से बार एसोसिएशन के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक, डुंगर, प्रशांत शर्मा, पूर्व अध्यक्ष विनय बालियान, पूर्व अध्यक्ष बाबू सिंह राठी, मौहम्मद मियां रिजवानी, आबाद कुरैशी आदि मौजूद थे।

# माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में मनाई अटल बिहारी वाजपेई की जयंती

**मुजफ्फरनगर।** माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल में क्रिसमस कार्निवल का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम बच्चों, अभिभावकों एवं शहरवासियों के लिए मनोरंजन और उत्साह से भरपूर एक यादगार अवसर साबित हुआ। सुबह 11:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक चले इस कार्निवल में छात्रों ने अपनी बहुआयामी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं अभिभावकों और नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देना था, बल्कि परिवारों को सामूहिक आनंद एवं आपसी मेल-जोल का अवसर प्रदान करना भी था।

कार्निवल में लाइव परफॉर्मेंस, मैजिक शो, सांता परेड, लकी ड्रॉ एवं आकर्षक पुरस्कार मुख्य आकर्षण रहे। इसके अतिरिक्त टैटू आर्टिस्ट, स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल, खेल स्टॉल, मनोरंजक राइड्स तथा अनेक गति. विधियों ने उपस्थितजनों का भरपूर मनोरंजन किया। लकी ड्रॉ का आयोजन प्रत्येक घंटे किया गया।इस अवसर पर तुलसी दिवस भी श्रद्धा और पर्यावरण चेतना के संदेश के साथ मनाया गया, जिसमें तुलसी के महत्व पर प्रकाश डाला गया।

साथ ही, देश के महान नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती भी श्रद्धापूर्वक मनाई गई, जिसमें उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को उनके आदर्शों से प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने हेतु मुख्य अतिथि एसएसपी मुजफ्फरनगर की धर्मपत्नी डॉ. नीलम वर्मा तथा विशिष्ट अतिथि के रूप मे प्रेरणा मित्तल (श्री राम कॉलेज), वंशिका अग्रवाल, मानसी, भारती, मीनाक्षी रोहल, अमनदीप सिंह, रिद्धिमा भारद्वाज, लक्षित शर्मा एवं इनफ्लुएंसर नारायण शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल के चेयरमैन नवनीत भारद्वाज, निर्देशिका चारु भारद्वाज, संयुक्त निर्देशक श्री सुनंद सिंघल तथा प्राचार्य डॉ. के. जी. अरोड़ा ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों एवं ट्रस्टीगण




सुमित कुमार रोहल एवं श्रीमती मंजरी सिंगल का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजन विद्यार्थियों के समग्र विकास के साथ-साथ परिवारों में आपसी सौहार्द और आनंद को भी बढ़ावा देते हैं।मुख्य अतिथि डॉ. नीलम वर्मा ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मब्विास, रचनात्मकता और सामाजिक चेतना का विकास होता है। स्कूल प्रशासन द्वारा सभी गतिविधियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित ढंग से संपन्न कराया गया। उपस्थितजन बच्चों के उत्साह, कलात्मक प्रस्तुतियों और रचनात्मक गतिविधियों का भरपूर आनंद लेते नज़र आए। कार्यक्रम का समापन उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा के साथ हुआ, जिससे यह सिद्ध हुआ कि माउंट लिट्रा ज़ी स्कूल न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता में अग्रणी है, बल्कि सांस्कृतिक एवं सामाजिक आयोजनों के माध्यम से भी विद्यार्थियों और परिवारों को स्मरणीय अनुभव प्रदान करता है।

# राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मंच पर यूनियन लड़ती है किसानों की लड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** भारतीय किसान यूनियन की सदस्यता लेकर प्रदीप कौशिक ने किसानों की लड़ाई लड़ने की बात कही। राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत व ज़िलाध्यक्ष नवीन राठी ने कौशिक को यूनियन की सदस्यता ग्रहण कराई।

फलौदा निवासी प्रदीप कौशिक पत्रकारिता से जुड़े थे। शुक्रवार दोपहर कौशिक भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आवास पर पहुंचे। कौशिक ने राकेश टिकैत के सामने यूनियन में आस्था जताई। इस दौरान चौधरी राकेश टिकैत व ज़िलाध्यक्ष नवीन राठी ने साफा पहनाकर प्रदीप कौशिक को यूनियन में शामिल किया। कौशिक ने कहा कि वह किसानों के अधिकारों की लडाई लड़ने के लिए यूनियन में शामिल हुए है। कहा कि भारतीय किसान यूनियन ही वह संगठन है जो किसानों और मज़दूरों की बात राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाती है। इस दौरान भागवत पीठ शुकदेव आश्रम शुकतीर्थ धाम के ट्रस्टी व प्रबंधक व वरिष्ठ साहित्यकार ओमदत्त देव, वरिष्ठ समाजसेवी रमेश मलिक, योगेश शर्मा, नौमान आदि मौजूद रहे।

## अवरलोडिंग ट्रैक्टर चालक ने कार में मारी टक्कर

**बुढ़ाना।** गन्ने से भरे एक अवरलोडिंग ट्रेक्टर ट्राली के चालक की गलती से गलत दिशा से आ रही एक कार में हल्की सी साइड लग गयी। तब कार चालक ने फोन करके अपने लोगों को बुलाकर ट्रेक्टर चालक की पूरी फजीहत की। इस दौरान कार चालक और उसके द्वारा बुलाए गये लोगों की वजह से सड़क पर घंटों तक जाम लगा रहा। मौके पर पहुंचे उमरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी पंगु से नजर आए। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की दोपहर के समय लगभग ढाई बजे बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव गढ़ी के गन्ना सेंटर से शामली जनपदष्निवासी एक मुस्लिम व्यक्ति अपने ट्रेक्टर ट्राले में अवर लोडिंग गन्ना भरकर शुगर मिल की और जा रहा था। जब वह बुढ़ाना तहसील के पास आया तो डिवाइडर लगा होने के बाद भी गलत साइड से कार लेकर तेज गति से आ रहा एक कार चालक ट्रेक्टर के ठीक सामने अचानक से आ गया। इससे पहले ट्रेक्टर चालक ब्रेक लगाया तब तक ट्रेक्टर की साइड कार को लग चुकी थी। बस इसी बात पर सड़क के बीचों बीच ट्रेक्टर के आगे कार खड़ी कर कार चालक ने अपने गांव के लोगों को फोन करके मौके पर बुला लिया। तब सभी ट्रेक्टर चालक पर बिगड़ पड़े लेकिन कार चालक अपनी गलती मानने को तैयार नहीं हुआ। तब जाम और हंगामे की सूचना पाकर मौके पर उमरपुर पुलिस चौकी प्रभारी मोहित तेवतिया आए लेकिन वे भी भीड के सामने बेबस से नजर आए। कार चालक ने काफी देर तक जाम लगाए रखा और ट्रेक्टर चालक को खरी खोटी सुनाकर उससे क्षतिग्रस्त कार को ठीक करवाने के लिए मोटी रकम की मांग करता रहा जबकि कार में ज्यादा खरोंच नहीं थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गलती कार चालक की इसलिए थी कि वे रोंग साइड से निकल रहे थे और ट्रेक्टर चालक की गलती यह थी कि उसने ट्रैक्टर में अवरलोड गन्ना भरा हुआ था।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वन विभाग की लापरवाही के चलते सड़कों पर दम तोड़ते पेड़, चौसाना में लाखों की सरकारी हरियाली लुटी

**इंशाद राणा**

**चौसाना।** चौसाना.बिडौली मार्ग और चौसाना.ऊन मार्ग के दोनों ओर वन विभाग द्वारा लगाए गए हजारों पेड़ आज विभागीय लापरवाही की भेंट चढ़ते दिखाई दे रहे हैं। हालत यह है कि इन पेड़ों में से करीब पचास से अधिक पेड़ पूरी तरह सूखकर खड़े हैं, जबकि कई बड़े पेड़ सड़क किनारे टूटकर पड़े हुए हैं। टूटे पड़े पेड़ों को ग्रामीण उठा ले जा रहे हैं, लेकिन वन विभाग आंख मूंदे बैठा है। इससे सरकार को लाखों रूपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है। पवन, बिल्लू , रोहतास, विपिन, जयपाल, आदि ग्रामीणों का कहना है कि जिन पेड़ों को पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से लगाया गया था,



आज वही पेड़ सिस्टम की सुस्ती के कारण दम तोड़ रहे हैं। सबसे बड़ा कारण समय पर पानी की व्यवस्था न होना बताया जा रहा है। क्षेत्र में भूजल स्तर लगातार गिर रहा है और चोवा यानी निचला पानी लगभग 60 फीट नीचे चला गया है। ऐसे में पेड़ों को अधिक पानी की आवश्यकता है, लेकिन वन विभाग की ओर से सिंचाई के लिए न तो टैंकर लगाए गए और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सूखे खड़े पेड़ कभी भी गिरकर बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

वहीं सड़क किनारे टूटे पड़े पेड़ों को खुलेआम ले जाना वन संपदा की खुली लूट को दर्शाता है। यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में और भी पेड़ सूख सकते हैं, जिससे पर्यावरण के साथ-साथ सरकारी खजाने को भी भारी नुकसान होगा। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अफसर सिर्फ कागजी कार्रवाई तक सीमित हैं। न तो नियमित निरीक्षण हो रहा है और न ही सूखे पेड़ों को हटाने या टूटे पेड़ों को सुरक्षित करने की कोई ठोस पहल दिखाई दे रही है।

वन विभाग के दरोगा जोगिंदर ने बताया कि सूखे खड़े पेड़ों की जिम्मेदारी वन निगम की है और वही आगे की कार्रवाई करेगा। वहीं सड़क किनारे टूटे पड़े पेड़ों को लेकर उन्होंने कहा कि दो दिन के भीतर उन्हें उठवा लिया जाएगा। अब बड़ा सवाल यह है कि जब तक समय रहते निगरानी, सिंचाई और सुरक्षा की व्यवस्था नहीं होगी, तब तक हर साल करोड़ों की लागत से लगाए जा रहे पेड़ इसी तरह बर्बाद होते रहेंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई कर पेड़ों के संरक्षण के लिए तत्काल प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट में दो घायल चार का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में दो लोग घायल हो गए। चिकित्सकों ने दोनों घायलों का मेडिकल परीक्षण करने के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को हिरासत में लेकर शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में इकराम पक्ष और इलियास पक्ष में किसी बात को लेकर पुरानी रंजिश चली आ रही है। गुरुवार की शाम को दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। शोर शराबा होने पर दोनों पक्षों के लोग मौके पर आ गए। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक पक्ष से तस्लीम व दूसरे पक्ष से इकराम घायल हो गए। परिजनों ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने दोनों घायलों की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए एक पक्ष से इंजमाम उल हक, जैनुल हक व दूसरे पक्ष से उस्मान व सलमान हिरासत में ले लिया और थाने ले आई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए चारों लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि गांव गंगेरू में दो पक्षों में मारपीट हुई थी। चार लोगों को हिरासत में लेकर चालान किया गया है।

# बाइकों की आमने सामने की टक्कर में एक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली रोड स्थित एक रेस्टोरेंट के समीप बाइक से जा रहे एक युवक को विपरीत दिशा से आ रहे अन्य बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया। घायल को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शुक्रवार को कस्बे की जाट कॉलोनी स्थित मंदिर पुजारी का पुत्र अक्षय शर्मा, पुत्र सुरेंद्र शर्मा अपनी बाइक पर सवार होकर कस्बे के दिल्ली रोड स्थित कांधला कॉलेज कांधला के निकट किसी कार्य के लिए जा रहा था। बाइक सवार जैसे ही पेट्रोल पंप के निकट एक रेस्टोरेंट के समीप पहुंचा तो विपरीत दिशा से आ रहे अन्य बाइक सवार ने सामने से टक्कर मार दी।

मंदिर पुजारी का पुत्र बाइक से गिरकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। घायल का कहना है कि विगत 3 माह के भीतर उसका तीन बार एक्सीडेंट हो चुका है कोई व्यक्ति रंजिशन उसके साथ घटना को अंजाम दे रहा है। अन्य बाइक सवार हादसे को अंजाम देकर फरार हो गया पुलिस तलाश में जुटी हुई है।

# सुबह फिर छाया घना कोहरा, दोपहर में हल्की धूप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कोहरे का प्रकोप लगातार बना हुआ है, शुक्रवार की सुबह भी घना कोहरा छाने व कडाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित रहा। लोग ठंड से बुरी तरह मुहाल रहे। लोगों ने अलाव जलाकर ठंड से राहत का प्रयास किया, ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपडों में ढके नजर आए।

जानकारी के अनुसार जिले में ठंड का प्रकोप लगातार बना हुआ है, एक दिन की राहत के बाद कोहरे व ठंड ने लोगों को मुहाल करके रखा हुआ है। शुक्रवार की सुबह भी कोहरे व ठंड के कारण जनजीवन प्रभावित नजर आया। ठंड से बचाव के लिए लोग गर्म कपडों में पूरी तरह ढके दिखाई दिए। कोहरे के कारण कुछ दूरी भी साफ नजर न आने के कारण





लोगों को परेशानियों का सामना करना पडा। हालांकि दिन चढने के साथ हल्की धूप भी निकली लेकिन ठंड से ज्यादा राहत नहीं मिल पाई। दोपहर के समय एक बार फिर आसमान में कोहरा छा गया और धूप गायब हो गई। ठंड के कारण स्कूलों में भी छात्र-छात्राओं की उपस्थिति काफी कम हो गई है। कई जगह लोगों को अलाव जलाकर हाथ तापने पडे। ठंड का आलम यह है कि लोगों के हाथ-पैर सुन्न हो रहे है। वहीं दुकानों पर रुम हीटरों की बिक्री में भी इजाफा हुआ है। देहात क्षेत्रों में भी ठंड के कारण किसान देर से ही अपने खेतों पर जा रहे हैं।

## एक नजर

### 125 ग्राम अवैध चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**थानाभवन।** पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक युवक को अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित कब्रिस्तान के पास से एक आरोपी को पकड़ा गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान सूरज पुत्र धर्मेन्द्र, निवासी ग्राम लतीफगढ़, थाना थानाभवन, , उम्र करीब 26 वर्ष के रूप में हुई है। अभियुक्त के कब्जे से 125 ग्राम अवैध नाजायज चरस बरामद की गई। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई उप निरीक्षक अरविन्द कुमार, हेड कांस्टेबल अंकुर निर्वाल एवं कांस्टेबल अनिल कुमार द्वारा चेकिंग के दौरान की गई। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ थाना थानाभवन में संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### नौ दिवसीय तीर्थ यात्रा बस को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल द्वारा पुरानी गौशाला से नौ दिवसीय तीर्थ यात्रा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बस में सवार श्रद्धालु दिल्ली निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से एक विशेष तीर्थ यात्रा ट्रेन के माध्यम से नासिक, शिरडी, औरंगाबाद, घृणेश्वर ज्योतिर्लिंग, एलोरा का कैलाश मंदिर, त्रयम्बेकश्वर ज्योतिर्लिंग सहित महाराष्ट्र के अन्य स्थानों पर जाएंगे। इस अवसर पर अग्रवाल सम्मेलन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवचरण कुमार संगल, विपिन, संजीव संगल, राजेंद्र कुमार, राम कुमार गर्ग, रोहित, मीरा शर्मा, प्रवेश शर्मा, नरेश कुमार, मनोज, कृष्णपाल शर्मा, मती कौशल्या, अरुण कुमार, शिवम शर्मा, राज , हर्षित, विपिन गोयल, राजाराम चौरसिया, गोवर्धन लाल, मधु गोयल, लक्ष्मीचन्द आदि मौजूद रहे।

### सिम्भालका के निकट संदिग्ध परिस्थितियों में आग में जली कार मिली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मेरठ-करनाल हाइवे पर बीती देर रात एक कार में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। शुक्रवार की सुबह सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन मौके पर कोई व्यक्ति नहीं मिला। अब पुलिस कार सवारों की तलाश में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि शहर के मेरठ-करनाल रोड स्थित गांव सिम्भालका के निकट एक कार जली हुई हालत में खडी है। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची जहां कार पूरी तरह से आग से खाक हुई मिली। मौके पर कोई व्यक्ति भी नहीं मिला ताकि घटना का पता चल सके। संभावना जताई जा रही है कि देर रात कार में आग लगने के कारण कार सवार लोग वहां से चले गए। पुलिस अब कार की जांच पडताल करते हुए उसके सवारों के बारे जानकारी हासिल करने का प्रयास कर रही है।

### रेलवे के गाटर में फंसा गन्ने से भरा ओवरलोड ट्रक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार की दोपहर शहर के बुढाना रोड पर गन्नों से भरा एक ओवरलोड ट्रक रेलवे के गाटर में फंस गया जिस कारण वहां से गुजरने वाले अन्य वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पडा। बाद में ट्रक को किसी तरह निकालकर उसे वापस भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर के बुढाना रोड पर शुक्रवार की दोपहर किसी सेंटर से गन्ना भरकर आ रहा एक ओवरलोड ट्रक रेलवे के गाटर में फंस गया। काफी प्रयास के बावजूद ट्रक गाटरों से नहीं मिल पाया जिस कारण अन्य वाहन चालकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पडा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा कडी मशक्कत के बाद किसी तरह ट्रक को गाटरों से निकाला गया। पुलिस ने चालक को ट्रक में गन्ने की मात्रा कम करने की बात कहते हुए वापस सेंटर के लिए चलता कर दिया।

### गांव चढ़ाव में कूड़े के ढेर से बंद हुआ मुख्य रास्ता, ग्रामीणों में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** क्षेत्र के गांव चढ़ाव में गांव के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से कूड़े का ढेर लगा होने के कारण रास्ता पूरी तरह अवरुद्ध हो गया है। इस रास्ते से रोजाना स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं और दोपहिया-चारपहिया वाहन गुजरते हैं, लेकिन कूड़े के कारण लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

कई बार लोग मजबूरी में वैकल्पिक रास्तों का सहारा ले रहे हैं। कूड़े के ढेर से आसपास गंदगी और तेज दुर्गंध फैल रही है, जिससे मच्छर और मक्खियों का प्रकोप बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि इस कारण बीमा. रियों का खतरा भी लगातार बना हुआ है। बावजूद इसके संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द कूड़ा हटवाकर मुख्य मार्ग को खुलवाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# छात्रों ने किया सरकारी अस्पताल का भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के सरकारी अस्पताल में नगर स्थित द गॉड पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शैक्षिक भ्रमण के तहत पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस दौरान छात्रों ने अस्पताल परिसर का अवलो. कन करते हुए यह जाना कि मरीजों का पंजीकरण कैसे होता है, डॉक्टर किस प्रकार जांच कर उपचार करते हैं तथा दवाओं का भंडारण और वितरण किस व्यवस्था के अंतर्गत किया जाता है।चीफ फार्मासिस्ट सुधाकर सिंह ने छात्रों को बताया कि अस्पताल में दवाओं की गुणवत्ता, रखरखाव और समय-समय पर आपूर्ति की पूरी प्रक्रिया बेहद व्यवस्थित ढंग से की जाती है, ताकि मरीजों को समय पर



सही उपचार मिल सके। उन्होंने दवा वितरण प्रणाली और फार्मेसी के कार्यों की विस्तृत जानकारी भी दी।अस्पताल में मौजूद चिकित्सक डॉ। रवि वर्मा, डॉ। अजहर तथा फार्मासिस्ट दीपक सहित अन्य कर्मचारियों ने छात्रों को विभिन्न विभागों का भ्रमण कराया और प्राथमिक उपचार, रोगों की पहचान, स्वच्छता तथा मरीजों से व्यवहार जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही छात्रों को यह भी बताया गया कि भविष्य में यदि वे स्वास्थ्य विभाग से जुड़कर डॉक्टर, फार्मासिस्ट या अन्य पदों पर सेवा करना चाहें तो इसके लिए किस प्रकार की पढ़ाई और तैयारी आवश्यक होती है। इस दौरान दर्जनों छात्र व छात्राएं व स्टाफ मौजूद रहा।

# मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे और पेडियां तोड़ने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी आजम अली पुत्र हाजी हसन ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गत दो दिसंबर की रात्रि दो बजे पड़ोस के ही अब्बास, यासीन, लीलू व साहिल ने एक राय होकर पीड़ित के मदरसे में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़कर मदरसे के गेट पर लगी पेडियो को तोड़ दिया था। आरोप है कि विरोध करने पर मदरसे की पांच छात्राओं को भी मारपीट कर घायल कर दिया था। पीड़ित का आरोप है कि दो दिन पूर्व चारों लोगों ने मदरसे के गेट पर बनी पेडियो को जड़ से नष्ट करने का प्रयास किया। पीड़ितों ने विरोध किया तो चारों लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। शीघ्र ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** विकास खंड क्षेत्र के गांव डांगरोल में डॉ। दिनेश कुमार के आवास पर अजेय योद्धा, साहस व वीरता के प्रतीक परम श्रद्धेय महाराजा सूरजमल के बलिदान दिवस के अवसर पर एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सम्मानित लोगों ने महाराजा सूरजमल की उदारता, पराक्रम और राष्ट्रहित में किए गए कार्यों पर प्रकाश डालते हुए समाज को उनके गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया।

इस अवसर पर महाराजा सूरजमल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। जिला पंचायत सदस्य अरविन्द पंवार ने कहा कि महाराजा सूरजमल ने अपने जीवनक. ाल में लगभग 80 युद्ध लड़े और सभी में विजय प्राप्त की। उन्होंने सदैव धर्म की रक्षा की तथा भरतपुर रियासत का विस्तार करते हुए उसे मेरठ तक पहुंचाया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट अंपायर अनिल चौधरी ने कहा कि महाराजा सूरजमल जैसे महान शासक के कारण ही जाट समाज का नाम देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में सम्मान के साथ लिया जाता है।इस मौके पर वरिष्ठ नेता बिजेंद्र प्रधान, जय कुमार, विनोद पंवार, सोमपाल पंवार, विनोद प्रधान, सुनील पंवार, मुकेश, देविंदर डायरेक्टर, बबलू, महाशय जी जगद. ीश सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गुरु गोविन्द सिंह के चारों साहिबजादों के बलिदान को किया गया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के शिक्षण संस्थाओं में गुरुवार को गुरु गोविन्द सिंह के चार साहिबजादों के बलिदान दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर चारों साहिबजादों को नमन किया। बच्चों को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। जानकारी के अनुसार कस्बा बनत स्थित देवी उमराकौर वैदिक इंटर कालेज में गुरुवार को बाल. वीर दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य देवेन्द्र पाल सिंह राणा ने कहा कि मनुष्य की पग-पग पर धर्म और सिद्धांतों पर अडिग रहने की परीक्षा होती रहती है। जो व्यक्ति अपने सिद्धांतों पर अडिग रहता है, वही वास्तव में सच्चा माता-पिता, गुरु,इ श और देशभक्त हो सकता है। कार्यक्रम में कुनाल, अक्षय, अंश गौतम, तनिष भारद्वाज, सम्भव, संगम और कार्तिक ने देशभक्ति से परिपूर्ण गीत प्रस्तुत किए। क्रिस्टी और अनन्त ने भाषण की प्रस्तुति दी। डा। प्रीतम सिंह प्रीतम ने चारों बालवीरों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर सुषमा शर्मा, अनीता, कविता, सरिता चौधरी, पारूल, डोली, रेखा आदि उपस्थित हुए। दूसरी ओर शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में भी गुरु गोविन्द सिंह के चारों साहिब. जादों के बलिदान दिवस को बालवीर दिवस के रूप में मनाया गया। शिक्षक सागर कुमार ने कहा कि आदिकाल से लेकर आज तक भारत भूमि पर अनेक महापुरूषों ने जन्म लेकर अपने उपदेश रूपी अमृत से पृथ्वी को सींचने का कार्य किया।

अपने धर्म व अपनी मातृभूमि के लिए मर मिटने वालों की श्रृखंला में गुरू गोविन्द सिंह के चार साहिबजादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह का बलिदान युगों-युगों तक स्मरणीय रहने वाला है। प्रधानाचार्य आनंद प्रसाद ने छात्रों से अपने पुरखों की वीरता और बलिदान से प्रेरणा लेकर एक सशक्त राष्ट्रनिर्माण के लिए योगदान देने का आवाह्न किया। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य मलूक चन्द, अरविन्द कुमार, सोमदत्त आर्य, अशोक सोम, मधुबन, मनोज कुमार, नीटू कुमार, प्रदीप कुमार, भानू कुमार आदि मौजूद रहे।

# ऑपरेशन सवेरा: छात्र-छात्राओं को नशे खिलाफ किया जागरूक




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली एनपी सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना आदर्शमंडी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत जय जवान जय किसान इंटर कॉलेज, मुंडेट कलां में ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत एक व्यापक, प्रभावशाली एवं उद्देश्यपूर्ण नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों द्वारा छात्र-छात्राओं, अध्यापकगण एवं विद्यालय स्टाफ को नशे की लत से होने वाले गंभीर सामाजिक, मानसिक एवं शारीरिक दुष्प्रभावों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। युवाओं को नशे से दूर रहकर अनुशासित, स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन अपनाने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नशे के सेवन से होने वाले मानसिक अवसाद, शारीरिक क्षति एवं सामाजिक पतन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, विद्यार्थियों को यह समझाया गया कि नशा शिक्षा, करियर एवं पारिवारिक जीवन को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, नशे के विरुद्ध समय पर सही निर्णय एवं आत्मसंयम के महत्व पर बल दिया गया, नशे से ग्रसित व्यक्तियों को उपचार, परामर्श एवं पुनर्वास के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं को नशा-मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई तथा यह संकल्प लिया गया कि वे नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएंगे। विद्यालय प्रशासन द्वारा इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया। जनपद शामली पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत भविष्य में भी इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे, ताकि जनपद शामली को नशा-मुक्त, सुरक्षित एवं सशक्त समाज की दिशा में अग्रसर किया जा सके।

# आज से एक माह तक विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है, कि राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशो के क्रम में जनपद शामली में दिनांक 27 दिसम्बर 2025 से आगामी 01 माह तक विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम संचालित कर नियमित टीकाकरण आयोजित होने वाले सत्रो पर 09 माह से 05 साल तक के 171934 बच्चो को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी। विटामिन श्एश् एक वसा में घुलनशील विटामिन है, जो शरीर की रोग प्रतिरा. ेधक क्षमता को बढ़ाता है। 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन श्एश् की निर्धारित 09 खुराक दिए जाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढोत्तरी होती है और वे स्वस्थ्य व पोषित रहते है। कार्यक्रम का शुभारम्भ आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शामली पर डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी के द्वारा बच्चों को विटामिन श्एश् की खुराक पिलाकर किया गया। उद्घाटन के समय डा. अथर जमील अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डाद्द करन चौधरी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डा. दीपक चौधरी चिकित्सा अधीक्षक सामु. स्वा के शामली एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



# एलम धरने पर पहुंचे नरेश टिकैत बोले, आबादी से नहीं गुजरने देंगे लाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में एचटी विद्युत लाइन बिछाने को लेकर चल रहा विवाद लगातार गंभीर होता जा रहा है। उत्तरी विकास नगर की आबादी के बीच से लाइन निकाले जाने के विरोध में शुरू हुआ धरना तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने के तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत धरने पर पहुंचे और धरना दे रहे लोगों को संबोधित करते हुए विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। कस्बा एलम में बीते लगभग 16 दिनों से विद्युत विभाग द्वारा कस्बा एलम के उत्तरी विकास नगर क्षेत्र से होकर एचटी लाइन खीं. चने की तैयारी की जा रही है, जिसका स्थानीय लोग लगातार विरोध कर रहे हैं। बुधवार को विद्युत विभाग की टीम पुलिस बल के साथ मोहल्ले में पहुंची और जबरन कार्य शुरू कराने का प्रयास किया, लेकिन मोहल्लेवासियों ने एकजुट होकर विरोध करते हुए काम रुकवा दिया। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों ने भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। धरने के तीसरे दिन भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष पहुंचे और धरने को संबोधित करते हुए भाकियू राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि आबादी वाले क्षेत्र से एचटी लाइन गुजरना सीधे तौर पर लोगों की जान से खिलवाड़ है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जब तक समस्या का स्थाई और सुरक्षित समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक किसी भी हाल में लाइन बिछाने नहीं दी जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग पर मनमानी करने और जनता की सुरक्षा की अनदेखी करने का आरोप भी लगाया।धरने के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और संगठन पदाधिकारी मौजूद रहे तथा विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने जबरन कार्य कराने का प्रयास किया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।धरने में अंकित पवार, पूर्व चेयरमैन दीपा पवार, सुरेंद्र सिंह, प्रभात मलिक, पप्पू प्रधान, ओम सिंह, मास्टर बलजोर, वीरेंद्र सिंह वर्मा, देव पवार, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## घर के बाहर कार खड़ी करते समय हमला, दो घायल,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पीड़ितों के अनुसार वे मोहल्ला पैलवाली निवासी हैं। जब वे गांव हसनपुर लुहारी में अपने घर के बाहर बृहस्पतिवार की रात करीब 10:30 बजे कार खड़ी कर रहे थे, तभी मोहल्ले के ही कुछ युवक अचानक वहां पहुंचे और बिना किसी कारण उनके ऊपर हमला कर दिया। हमले में रजत उर्फ धोनी गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दूसरे युवक मुकुल के सिर में भी गंभीर चोट आई है। हमलावरों ने कार के शीशे तोड़ दिए और वाहन को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित ने थाना भवन पुलिस को तहरीर दी है। थाना भवन पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण करा दिया गया है तथा प्राप्त तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# प्राणों का बलिदान दे दिया लेकिन धर्म से समझौता नहीं किया: अमित वाल्मीकि

**वीर बाल दिवस पर सेंट आरसी स्कूल में भाजपा द्वारा चारों साहिब. जादों के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन, साहिबजादों व उनके परिवार के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का भी आयोजन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय जनता पार्टी शामली द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरु गोविन्द सिंह जी के चारों साहिबजादों के बलिदान पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चारों साहिबजादों व उनके परिवार के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को शामली भाजपा द्वारा शहर के सेंट आरसी स्कूल में वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, नगर पालिका चेयरमैन अरविन्द संगल भी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि अमित वाल्मीकि ने कहा कि यह दिवस गुरु गोविन्द सिंह के चार साहिब. जादों अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह के अद्वितीय शौर्य, त्याग और बलिदान को स्मरण करने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि चारों साहिबजादों ने कम आयु में ही अत्याचारों के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया था।

उन्होंने अमानवीय यातनाएं सही, सरहिंद में दीवार में जिंदा चुनवा दिए गए लेकिन अपने धर्म एवं संस्कारों से कभी समझौता नहीं किया। इस अवसर पर साहिबजादों के जीवन एवं उनके बलिदान पर आधारित एक लघु फिल्म एवं प्रदर्शनी का प्रदर्शन भी किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वीर बाल दिवस मनाने की परंपरा शुरू करना देश की युवा पीढी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोडने का एक ऐतिहासिक कदम है। साहिबजादों और उनके परिवार का बलिदान भारत की आत्मा, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। संचालन जिला संयोजक क्षेत्रीय सह संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ राजन बत्रा व अनुसूचित मोर्चा जिलाध्यक्ष बादल गौतम ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप, घनश्याम पारचा, सुखचौन वालिया, रूबी चौधरी, मीनू संगल, रीनू सरोहा, आशीष देशवाल, धर्मेन्द्र बधेव, सलेकचंद, रोबिन गर्ग आदि भी मौजूद रहे।

# कूड़े के अंबार से बंद हुआ गांव का मुख्य संपर्क मार्ग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** खंड विकास क्षेत्र के गांव चढ़ाव में ग्राम प्रधान और विकासखंड अधिकारियों की लाप. रवाही से मुख्य संपर्क मार्ग कूड़े के भारी ढेर से पूरी तरह बाधित हो गया है।सड़क पर पड़े ढ़ेर की सफाई न होने के कारण हालात बद से बदतर हो चुके हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीणों का आना-जाना होता है, जिनमें स्कूल जाने वाले बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं तथा दोपहिया और चारपहिया वाहन चालक शामिल हैं, लेकिन रास्ता बंद होने से लोगों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर निस्तारण की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि कूड़े के ढेर के कारण अब इस रास्ते से निकलना लगभग असंभव हो गया है। मजबूरी में लोगों को लंबा और खराब वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है।कूड़े के ढेर से लगातार दुर्गंध फैल रही है और आसपास का माहौल पूरी तरह प्रदूषित हो चुका है। गंदगी के कारण मच्छर, मक्खी और अन्य कीटों का प्रकोप बढ़ गया है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीणों का आरोप है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और ग्राम पंचायत व संबंधित विभाग इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहे हैं।इस मौके पर विक्रम, रिशिपाल, सोनू, गौतम, सौरभ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# वीर बाल दिवस के अवसर पर सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर कॉलेज में हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान के निर्देशन में वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालिज, शामली में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं वन्दना के साथ विधिवत रूप से किया गया। बालिकाओं के द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर स्वागत गीत, समरसता गीत व हरियाणवी लोक नृत्य के माध्यम से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई।कार्यक्रम का उद्देश्य सिक्ख धर्म के महान बलिदानी एवं दशवें गुरू, गुरू गोविन्द सिंह जी के साहबजादो बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय साहस, त्याग एवं बलिदान,धर्मनिष्ठा को स्मरण करते हुए बच्चों में नैतिक मूल्यों, देशभक्ति एवं बाल अधिकारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना रहा। इस अवसर पर बालिकाओं को प्रधानमंत्री द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर दिए गए सन्देश का सीधा प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री के सम्बोधन में साहिबजादों के बलिदान, साहस एवं राष्ट्र के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डाला गया। उक्त कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी मौहम्मद मुशफेकीन द्वारा बताया गया कि वीर बाल दिवस बच्चों में साहस, सत्य, आत्मसम्मान एवं राष्ट्रप्रेम की भावना उत्पन्न करने का सशक्त माध्यम है।



महिला कल्याण विभाग से मती मंजू चौधरी (बाल संरक्षण अधिकारी) द्वारा बाल अधिकारों एवं सुरक्षा से सम्बन्धित व समस्त विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। कुलदीप शर्मा (जेण्डर स्पेशलिस्ट) के द्वारा बालिकाओं को नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन के प्रति जागरूक किया गया।चाईल्ड हेल्पलाइन के प्रतिनिधि दीपक कुमार द्धकेस वर्करऋ द्वारा सभी हेल्पलाईन सेवाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी के द्वारा मैडल भेंट कर बालिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन बाल विवाह की शपथ दिलाकर एवं वन्दे मातरम् गीत गाकर किया गया।

# अटल स्मृति सम्मेलन: राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाले नेता को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की 101वीं जयंती के अवसर पर थाना भवन नगर पंचायत में जन्मशताब्दी समारोह के अंतर्गत आयोजित अटल स्मृति सम्मेलन में पूर्व मंत्री सुरेश राणा ने उनके जीवन और कार्यों को स्मरण किया। सुरेश राणा ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ऐसे नेता थे जिन्होंने राजनीति में रहते हुए कभी भी राष्ट्र के सम्मान से समझौता नहीं किया। अमेरिका के दबाव को ठुकराकर परमाणु परीक्षण कराने का साहसिक निर्णय लेकर उन्होंने भारत को विश्व मंच पर परमाणु शक्ति के रूप में स्थापित किया। वे हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते थे और पक्ष-विपक्ष, दोनों के ही लिए समान रूप से सम्मानित नेता थे। पूर्व मंत्री ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। हमें उनसे सीख लेनी चाहिए कि राजनीति सेवा का माध्यम है और देश सर्वोच्च है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अटल जी के कार्यकाल की उपलब्धियों और जीवन के संस्मरणों को साझा करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला महामंत्री राजेंद्र सिंह, जिला उपाध्यक्ष आनंद पुंडीर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष रोहित विश्वकर्मा, प्रमुख पति दीपक कोरी, भूपेंद्र चौधरी, जलालाबाद मंडल अध्यक्ष चक्रेश राणा, जिला पंचायत सदस्य पति मैनपाल सैनी, मोनू राणा, पप्पू प्रधान, सोमबीर प्रधान तथा गन्ना समिति थानाभवन के चेयरमैन राजेश राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## निर्माणाधीन टंकी से सोलर पैनल चोरी

**चौसाना।** चौसाना चौकी क्षेत्र के गांव लव्वादाउदपुर में बीतीरात्रि बदमाशों ने निर्माणाधीन टंकी पर लगे सोलर पैनल को चोरी कर लिया। सुबह होने पर ग्रामीणों व चौकीदार को मामले की जानकारी हुई तो कम्पनी के वरिष्ठ अधिकारियो को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और चोरी के सम्बंध मे जानकारी की गई। निर्माता कम्पनी के इंजीनियर नयन कुमार ने पुलिस को लिखित शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

**छह दिन, एक गांव और तीन चोरी की घटनाओं से हड़कम्प**

लव्वादाउदपुर में पुलिस की लापरवाही से चोरी की एक के बाद एक घटनाओं से लोगो मे रोष है। टंकी निर्माता कम्पनी के कर्मचारियों का आरोप है कि बीते शनिवार को दो सोलर पैनल को बदमाशों ने चोरी कर लिया था और आहट होने पर बदमाश चोरी की सोलर प्लेट व अपनी बाइक को छोडकर मौके से भाग गए थे। जिस पर पुलिस ने बदमाशों की बाइक को अपने कब्जे मे लिया था और पुलिस चौकी लाने के स्थान पर वही पर किसी नीजि स्थान पर खडा कर दिया था।

बाइक को बदमाश फिर से चोरी करके ले गए। वही गुरूवार की रात्रि मे फिर से बदमाशों ने सोलर पैनल को चोरी करके पुलिस की कार्यशैली पर सवालियां निशान खडे कर दिए है।

# छात्रों को दिलाई गई नशा-मुक्ति की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के खिलाफ जन-जागरूकता को लेकर थाना कैराना पुलिस ने गुरुवार को स्वामी विवेकानंद हाई सेकेंडरी स्कूल में नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम ऑपरेशन सवेरा रू नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशा-मुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना कैराना पुलिस ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंचाता है और इसका सीधा असर शिक्षा, करियर व पारिवारिक जीवन पर पड़ता है।

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि नशे की लत से एकाग्रता और निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाती है, जिससे युवा अपने उज्ज्वल भविष्य से भटक जाते हैं। नशा अपराध, हिंसा और सड़क दुर्घटनाओं का भी बड़ा कारण है, जो समाज में असुरक्षा की भावना को बढ़ाता है। इसके साथ ही नशे के कारण परिवारों में तनाव, आर्थिक संकट और सामाजिक विघटन जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने, गलत संगत से बचने और शिक्षा व खेल गतिविधियों में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए प्रेरित किया गया।

पुलिस ने यह भी अपील की कि यदि कहीं नशा संबंधी गतिविधियां दिखाई दें तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं और स्टाफ को नशा-मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई गई। थाना कैराना पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत आगे भी इस तरह के जन-जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाने की बात कही।

## युवक को जलती लकड़ी से पीटा, अस्पताल में भर्ती

**कैराना।** ताहिर पुत्र नफीस निवासी मोहल्ला इस्लामनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई तै"यब विगत बुधवार की शाम करीब सात बजे मौहल्ले में स्थित जामा मस्जिद के पास कुछ सामान लेने गया था। इसी दौरान परवेज, दानिश, फरहान तथा तालिब निवासीगण मौहल्ला इस्लामनगर ने उसके भाई के साथ गाली-गलौज करते हुए जलती हुई आग की लकड़ी से मारपीट की। मारपीट के दौरान तै"यब झुलस गया और उसे गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि हमलावर जाते समय जान से मारने की धमकी भी देकर गए। घटना के बाद परिजन घायल युवक को उपचार के लिए अस्पताल ले गए। थाना कैराना प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि नामजद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पाइप लाइन लीक होने से पानी को तरसे क्षेत्रवासी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के झिंझाना रोड पर पानी की पाइप लाइन के लीकेज होने के कारण मौहल्ला काकानगर की पानी की सप्लाई बंद होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना पर नगर पालिका कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा पाइप लाइन की मरम्मत का काम शुरू किया। इस दौरान मार्ग पर जाम के हालात भी बने रहे।

जानकारी के अनुसार शहर के झिंझाना रोड स्थित आरके इटर कालेज के निकट नगर पालिका की पानी की पाइप लाइन अचानक लीकेज हो जाने से मौहल्ला काक. ानगर के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पडा। मौहल्लेवासियों की सूचना पर नगर पालिका के कर्मचारी मौके पर पहुंचे तथा सडक के बीच में गड्ढा खोदकर ट्यूबवैल को बंद कराकर पाइप लाइन की मरम्मत का काम शुरू किया गया। बताया जाता है कि उक्त पाइप लाइन काकानगर में पानी की टंकी में सप्लाई करती है। पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने के कारण टंकी में पानी नहीं पहुंच पाया जिस कारण मौहल्ले में भी पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी। पानी के लिए मौहल्ले के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पडा। वहीं सडक के बीच गड्ढा खोदे जाने के कारण आने जाने वाले लोगों को भी दिक्कतें उठानी पडी। मौके पर जाम के हालात बने रहे। देर शाम तक नगर पालिका कर्मचारी पानी की पाइप लाइन को ठीक करने के काम में जुटे रहे।

# मतदाता सूची को लेकर तहसील पर प्रदर्शन

**प्रधानपति के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बीएलओ पर लापरवाही व पक्षपात के लगाए आरोप, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन**



**कैराना।** ग्राम पंचायत पावटी कलां की मतदाता सूची में भारी गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बूथ लेवल ऑफिसर बीएलओ पर गंभीर लापरवाही और पक्षपात का आरोप लगाते हुए एसडीएम कैराना को शिकायती पत्र सौंपा।प्रधानपति जावेद अली के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे और मतदाता सूची में अनियमितताओं को लेकर नाराजगी जाहिर की। ग्रामीणों का कहना है कि हाल ही में निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायत स्तरीय मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत पावटी कलां की सूची में कई गंभीर त्रुटियां सामने आई हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीएलओ ने बिना मौके पर सत्यापन किए ही मतदाता सूची तैयार कर दी। पार्टीबाजी और लापरवाही के चलते अनेक पात्र मतदाताओं के नाम सूची से हटा दिए गए, जबकि कई मतदाताओं के नाम दो-दो बार दर्ज कर दिए गए हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे व्यक्तियों के नाम भी मतदाता सूची में शामिल कर दिए गए हैं, जो ग्राम पंचायत के निवासी ही नहीं हैं।ग्रामीणों ने यह भी बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके कई युवाओं ने नए मतदाता बनने के लिए आवेदन किए थे, लेकिन उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं किए गए। जब इस संबंध में बीएलओ से संपर्क किया गया तो उसने यह कहकर पल्ला झाड़ लिया कि मतदाता सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है और अब उसमें किसी भी प्रकार का संशोधन संभव नहीं है।शिकायती पत्र में ग्रामीणों ने मतदाता सूची का पुनः अवलोकन कराकर सभी त्रुटियों को शीघ्र दुरुस्त कराने की मांग की है। प्रदर्शन में कय्यूम, रियासत, सादिक, हारुण, ताहिर, इरशाद, लियाकत, दिलशाद, वकील, कामिल, जुबैर, साबिर, मुस्तफा, मुनव्वर, साजिद, मुबारिक, अमजद, अकरम सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे। इस संबंध में एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज ने बताया कि मामले की जांच तहसीलदार को सौंप दी गई है। जांच रिपोर्ट के आधार पर मतदाता सूची में पाई गई त्रुटियों का निस्तारण कराया जाएगा।

# मजदूर बेरोजगार एकता मंच ने उठाई दीप चन्द्र दास के हत्यारों पर कार्रवई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** बांग्लादेश में हाल ही में हुई हिंसक घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। इस संबंध में मजदूर बेरोजगार एकता मंच के तत्वावधान में भारत की शांति और एकता बनाए रखने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन पत्र उपजिलाधिकारी कैराना के माध्यम से प्रेषित किया गया।

शुक्रवार को राष्ट्रपति को संबोधित एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज सौंपे ज्ञापन में बताया गया कि विगत 18 दिसंबर को हुई एक घटना को आधार बनाकर कुछ असामाजिक तत्व देश में भ्रम फैलाने और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। आरोप लगाया गया कि देश में अराज. कता का माहौल बनाकर एक विशेष समुदाय को दरकिनार कर अशांति फैलाने की साजिश की जा रही है, जो निंदनीय है।मंच ने राष्ट्रपति, देश की शीर्ष अदालत तथा शासन-प्रशासन से मांग की है कि ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए, जो देश की शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया कि अपराधी का कोई धर्म नहीं होता और दोषियों को केवल अपराधी की .ष्टि से देखा जाना चाहिए।मजदूर बेरा. जगार एकता मंच ने स्पष्ट किया कि भारत विविधताओं में एकता का प्रतीक है और सभी देशवासियों का कर्तव्य है कि वे एकजुट होकर सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखें। मंच की ओर से दीप चंद्र दास को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई।अंत में ज्ञापन में देश की एकता, अखंडता और शांति बनाए रखने की अपील की गई है।इस दौरान संस्था के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष शहजाद इकबाल,नफीस,फिरोज खान सहित आधा दर्जन से अधिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीडीओ ने ली जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्य विकास अधिक. ारी विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आज विकास भवन सभागार में जिला गंगा समितिध्जिला पर्यावरण समितिध्जिला वृक्षारोपण समिति बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने एजेंडा बिन्दु के अनुसार समीक्षा करते हुए जिन बिंदुओं पर कमी दिखी उसमें सुधार के निर्देश दिए। बैठक में समीक्षा करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने नदियों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम वाले बिंदु पर सभी को समय से कार्यक्रम आयोजित कराने के निर्देश दिए। नदी चयन बिंदु पर खोखरी नदी जीर्णोद्धार के सम्बन्ध में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन को अवगत कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को लौह पुरुष सरकार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती 31अक्टूबर 2025 के दृष्टिगत अक्टूबर 2026 तक कार्यक्रम आयोजिय कराने के निर्देश दिए।खंड विकास अधिकारीयो को आरवआरवसीव सेंटर की सूचना भेजने के निर्देश दिए। जिला परियोजना अधिकारी, नमामि गंगे काठा नदी को एजेंडा बिंदु में शामिल करने के निर्देश दिए। ठोस अपशिष्ट के संबंध में प्रदूषण विभाग को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वृक्षारोपण समिति में सभी विभागों को विगत की भांति वृक्षारोपण लक्ष्य की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। खंड विकास अधिकारियों को वृक्षारोपण कार्ययोजना जीपीडीपी में शामिल करने के निर्देश दिए।वर्ष 2025 जुलाई में किए गए वृक्षारोपण का उच्च स्तर से भौतिक सत्यापन करने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी जगदेव सिंह, लोक निर्माण विभाग, उद्योग विभाग, ड्रैनेज खंड, कृषि विभाग, पीडब्ल्यूडी, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सिंचाई विभाग, पंचायती राज विभाग, परिवहन विभाग आदि विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## रविवार को रहेगी बिजली आपूर्ति बाधित

**शामली।** अधिशासी अभियन्ता मो. अब्दुल्ला खां ने बताया कि विद्युत पारेषण खण्ड, शामली के अन्तर्गत 132 के.वी. उपकेन्द्र झिंझाना पर 132 के0वी0 झिंझाना-ननौता लाईन की द्वितीय सर्किट की स्ट्रींगिंग का कार्य कराया जा रहा है, जिसके कारण 220 के0वी0 उपकेन्द्र- ननौता से निर्गत 33 के0वी0 इस्लामनगर फीडर, चकवाली फीडर, ढसका फीडर एवं बडगांव फीडर का शटडाउन दिनांक -28.12.2025 को प्रात: 12 बजे से 15 बजे तक लिया जाएगा। जिसके कारण उपरोक्त पोषकों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहयोग की अपील की जाती है।

# मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से गोकश घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पुलिस और गौकशों के बीच हुई मुठभेड़ में दो गौकश पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिन्हें उपचार हेतु सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि अपराधिक घटनाएं रोकने के लिए जनपद भर में विशेष सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी के चलते गुरुवार रात करीब एक बजे देवबंद पुलिस झबीरण मार्ग पर वाहन चेकिंग कर रही थी। सामने से आ रहे बाइक सवार दो लोगों को पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन बाइक सवारों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और मौके से भागने लगे। पुलिस के पीछा करने पर आरोपियों की बाइक सिलिप होकर गिर गई जिसके बाद दोनों युवकों ने एक पेड़ की आड़ लेते हुए पुलिस पर फिर से फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें



दोनों हमलावर पैर में गोली लगने से घायल हो गए। जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ में घायल हुए दोनों व्यक्ति गौकश निकले, जिन्होंने अपना नाम नदीम उर्फ दानिश निवासी मोहल्ला बैरून कोटला और साकिब कुरैशी उर्फ छोटा निवासी मोहल्ला सरसटा अबुलमाली बताया। कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि मौके से एक बाइक, दो तमंचे, दो खोखे, चार कारतूस और गोकशी में प्रयुक्त उपकरण बरामद किए गए हैं। बताया कि दोनों आरोपी पहले भी गौकशी की घटनाओं में लिप्त रहे हैं। इस संबंध में कोतवाली में मुकदमा दर्ज करते हुए शुक्रवार को दोनों को न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बंद मकान में चोरों की सेंधमारी, पांच लाख के आभूषण चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नगर के वेद विहार में हुई 22 लाख रुपये की चोरी की वारदात का पुलिस ने अभी खुलासा भी नहीं किया। इसके दो दिन बाद चोरों ने खानकाह पुलिस चौकी क्षेत्र में एक ओर चोरी की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दे डाली।

दारुल उलूम वक्फ क्षेत्र निवासी मोहम्मद दानिश परिवार के साथ गागलहेड़ी के कैलाशपुर स्थित रिश्तेदारी में गए हुए थे। रात के समय चोर सीढ़ी लगाकर मकान में घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी सेफ अलमारी का ताला तोड़कर सोने चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। सवेरे जब दानिश वापस लौटा तो घर का सामान बिखरा हुआ मिला। दानिश के मुताबिक देखने पर पता चला कि चोर सड़क की तरफ बनी बैठक में खुले हाल (रोशनदान) से मकान में दाखिल हुए और घर में रखे आभूषण व करीब 50 हजार रुपये की



नकदी चोरी कर ली। पीड़ित ने बताया कि चोरी से करीब पांच लाख रुपये का नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करते हुए शीघ्र वारदात का खुलासा करने आश्वासन दिया। पुलिस का कहना है कि दानिश की तहरीर पर पुलिस जांच में जुट गई है।

## चोरी की गाय सहित पशु चोर गिरफ्तार, जेल भेजा

**देवबन्द।** नगर की सना कालोनी से दस दिन पूर्व चोरी हुई गांय के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए चोरी हुई गांय बरामद कर ली है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया है।कोतवाली प्रभारी अमरपाल शर्मा ने बताया कि बीती 16 दिसम्बर को नगर की सना कालोनी निवासी शमशाद पुत्र करीमुद्दीन सलमानी ने अज्ञात चोरों द्वारा उसके घर के आंगन में बंधी गांय चोरी कर लिए जाने की सूचना दी थी। जिस पर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करते हुए घटना के संबंध में जांच शुरू की गई थी। इसी मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को गांव अनवरपुर रेलवे अंडरपास के निकट से शेखुल हिंद कालोनी निवासी फरमान पुत्र अय्यूब को चोरी हुई गांय के साथ धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की बात कबूल की है। बताया कि पकड़े गए आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



# विभिन्न स्थानों पर मनाया गया वीर बाल दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सभा समेत विभिन्न स्थानों पर वीर बाल दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इस दौरान गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों के बलिदान को याद किया गया।

गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सभा में हुए कार्यक्रम में गुरुद्वारा कमेटी के प्रधान सेठ कुलदीप कुमार ने गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की वीरता के बारे में बताया कि कैसे वह छोटी सी उम्र में भी अपने धर्म से नहीं डिगे और हंसते-हंसते बलिदान हो गए। भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता समेत भाजपाई भी गुरुद्वारा साहिब पहुंचे और गुरु जी और उनके साहिबजादों को नमन किया। भाजपा नगराध्यक्ष अरुण गुप्ता व सभासद मनोज सिंघल ने कहा कि वीर बाल



दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य साहिबजादों के अदम्य साहस और बलिदान से आज की पीढ़ी को परिचित कराना और उनमें राष्ट्रीय गौरव की भावना जगाना है। गुरुद्वारा कमेटी के सचिव गुरजोत सेठी व अन्य पदाधिकारियों ने अतिथियों का सम्मान किया। उधर, दून वैली स्कूल में बच्चों ने साहिबजादों अजीत सिंह, जोरावर सिंह, जुझार सिंह व फतेह सिंह के अदम्य



साहस, वीरता व बलिदान पर कहानी व कविताएं प्रस्तुत की। कक्षा तीन के बच्चों ने शबद प्रस्तुत कर साहिबजादों के बलिदान को ताजा किया। छात्रों ने साहिबजादों का धर्म के प्रति समर्पण, प्रेम व साहस के बारे में भी बताया। चेयरमैन राजकिशोर गुप्ता व प्रधानाचार्य सीमा शर्मा ने छात्रों को साहिबजादों जैसा वीर बनने के लिए प्रेरित किया।

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती व महाराजा सूरजमल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भाजपाइयों ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और महाराजा सूरजमल की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें दोनों को श्रद्धांजलि देते हुए इनके जीवन कार्यों पर प्रकाश डाला।

गुनारसा गांव में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के देहात मंडल उपाध्यक्ष अनुराज चौधरी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में राष्ट्रीय राजमार्गों एवं हवाई अड्डों का विकास हुआ। उनके नेतृत्व वाली सरकार में नई टेलीकाम नीति तथा कोंकण रेलवे की शुरूआत करके बुनियादी सरंचनात्मक ढांचे को मजबूत करने वाले कदम उठाए गए।



मुख्य अतिथि आजाद चौधरी ने महाराजा सूरजमल के जीवन के बारे में बताया। कहा कि महाराजा सूरजमल भरतपुर के महान जाट शासक थे। वह एक कुशल योद्धा, दूरदर्शी रणनीतिकार और प्रशासक थे। उन्होंने मुगलों और अन्य ताकतों के खिलाफ खूब संघर्ष किया। इस मौके पर अमित शर्मा, चिराग, राहुल, विशाल, शिवम, विभोर, आदेश, अंकित व नितिन आदि भाजपा के कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विश्व उपभोक्ता संगठन की राष्ट्रीय महासचिव बनी डा. शाजिया नाज़

**देवबन्द।** विश्व उपभोक्ता संगठन (भारत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष असगर आलम ने उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहीं डॉ. शाजिया नाज को संगठन का राष्ट्रीय महासचिव नियुक्त किया है। उन्हें पश्चिमी भारत की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष असगर आलम ने कहा कि डॉ. शाजिया नाज उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने के लिए सेमिनार, गोष्ठी और जनसंपर्क कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक अभियान चलाएंगी और समाज के हर वर्ग को



साथ जोड़कर उपभोक्ता हितों की रक्षा करने का काम करेंगी। डॉ. शाजिया नाज ने कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से उसका निर्वहन करेंगी।

# 'ऑपरेशन सवेरा: नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ऑपरेशन सवेरा: नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत थाना कैराना पुलिस द्वारा समाज को नशा-मुक्त बनाने की दिशा में एक सशक्त, प्रेरणादाई एवं जन-जागरूकता से परिपूर्ण नशा-मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

पुलिस अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के मार्गदर्शन में थाना कैराना पुलिस द्वारा आज 26.12.2025 को ऑपरेशन सवेरा: नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर अभियान के अंतर्गत थाना क्षेत्रान्तर्गत स्वामी विवेकानंद हाई



सेकेंडरी स्कूल, कस्बा कैराना में एक प्रभावशाली नशा-मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए उन्हें नशा-मुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान थाना कैराना पुलिस द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया गया कि नशा व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचाता है तथा उसके शैक्षिक, पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहकर अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा एवं खेल गतिविधियों में रुचि बढ़ाने तथा सकारात्मक सोच के साथ उज्ज्वल भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया । कार्यक्रम में निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई, नशा शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करता है, जिससे एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं निर्णय क्षमता कमजोर हो जाती है व नशे की लत व्यक्ति के उज्ज्वल भविष्य को अंधकार में बदल देती है, जिससे शिक्षा, करियर एवं सामाजिक प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है व नशा अपराध, हिंसा एवं सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बनता है, जिससे समाज में असुरक्षा की भावना बढ़ती है व नशा पारिवारिक विघटन एवं आर्थिक संकट को जन्म देता है, जिससे परिवार का सामाजिक व मानसिक संतुलन बिगड़ता है व नशा-मुक्त जीवनशैली ही स्वस्थ, सुरक्षित एवं सशक्त समाज की आधारशिला है, जिसके लिए युवाओं की सक्रिय भूमिका अत्यंत आवश्यक है। थाना कैराना पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, गलत संगत से बचने तथा किसी भी प्रकार की नशा-संबंधी गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस अथवा संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ को नशा-मुक्त समाज निर्माण की शपथ दिलाई गई। थाना कैराना पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के अंतर्गत भविष्य में भी इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

## बांग्लादेश का पुतला फूंका

**किरतपुर।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचार, एवं उत्पीड़न की घटनाओं के विरोध में नगर में विरोध प्रदर्शन किया गया। नगर के प्रमुख स्टेशन चौराहे पर एकत्र हुए विभिन्न सामाजिक एवं हिंदू संगठनों से जुड़े लोगों ने बांग्लादेश का पुतला दहन कर अपना आक्रोश प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमले जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं, जो न केवल मानवाधिकारों का उल्लंघन हैं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाओं पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को संज्ञान लेना चाहिए। पुतला दहन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए बांग्लादेश सरकार के खिलाफ रोष व्यक्त किया तथा पीड़ित हिंदुओं को सुरक्षा देने की मांग की। इस मौके पर थानाध्यक्ष को एक ज्ञापन भी सौंपा गया। इस दौरान पुलिस बल मौके पर तैनात रहा। थानाध्यक्ष ने ज्ञापन प्राप्त कर उच्चाधिकारियों तक मांगें पहुंचाने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ और किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई।

## मिर्जापुर ने जीता क्रिकेट मैच

**नांगल सोती।** आरबीएस इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में मिर्जापुर ने जीतपुर को हराकर मैच जीता। मिर्जापुर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में पांच विकेट पर 154 रन बनाएं, जिसमें बल्लेबाज दीपांशु ने सर्वाधिक 70 रन बनाएं। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीतपुर की टीम 142 रन ही बना सकी, जिसमें शुभम ने सर्वाधिक 49 रन बनाएं। मैन ऑफ द मैच मिर्जापुर के दीपांशु को चुना गया। अंपायर अंकित व छोटू रहे।

# सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर तुलसी महोत्सव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम में तुलसी जयंती महोत्सव विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से आयोजित किया गया। इस अवसर पर काशीपुर से पधारे मेहंदीपुर बालाजी महाराज के समर्पित भक्त एवं महंत अनुपम रस्तोगी जी महाराज तथा गुरु माता भारती रस्तोगी का जयकारों की गूंज के बीच शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया।

कालागढ़ मार्ग स्थित संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज के संरक्षण एवं धार्मिक संस्था श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के संयोजन में आयोजित इस महोत्सव का शुभारंभ प्रसिद्ध श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पं. गौरव कृष्ण भारद्वाज जी महाराज द्वारा संगीत मय सुंदरकांड पाठ से किया गया। इस



## संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन

दौरान प्रस्तुत भजनों एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से वातावरण राममय और बजरंगमय हो गया।

कार्यक्रम में पं. माधव कृष्ण भारद्वाज जी तथा जगतारिणी भवन के संस्थापक पं. कुलदीप कुमार शर्मा का भी विशेष योगदान रहा। वहीं महाराज श्री के संगतकारों प्रतीक अग्रवाल, चेतन सैनी, यशपाल शर्मा, नादान आशु राजा सहित अन्य कलाकारों ने भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी। धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल के संस्थापक पं. विकास वशिष्ठ जी महाराज ने भी समर्पित रूप से सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम में बालाजी महाराज के दरबार से जुड़े परिवारों ने बड़ी संख्या में सहभागिता कर महंत राहुल अग्रवाल जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

उधर मौहल्ला खातियान स्थित चौराहे के निकट हंगामा लोक साहित्यिक एवं सामाजिक समिति द्वारा सामूहिक तुलसी पूजन कार्यक्रम एवं महामना पं. मदन मोहन मालवीय जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. जितेंद्र कौशिक, निर्मला कौशिक, राखी कौशिक एवं उपासना कौशिक द्वारा मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन से हुआ।

इस अवसर पर शशि बाला शर्मा, सुदेश शर्मा, सुषमा रस्तोगी, सुनीता गोस्वामी, सृष्टि रानी, पूजा रानी सैनी, सार्थक रस्तोगी, उदित कुमार, रुद्र कुमार, स्नेही सहित अनेक लोगों ने सहभागिता की। वक्ताओं ने तुलसी जयंती एवं मालवीय जयंती के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

## स्वास्थ्य शिविर में 110 रोगियों का उपचार

**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के सौजन्य से ग्राम हबीबवाला में एक नि:शुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा कुल 110 रोगियों का परीक्षण कर उपचार किया गया। शिविर के दौरान रोगियों की ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की नि:शुल्क जांच की गई। साथ ही आवश्यक दवाइयां भी नि:शुल्क वितरित की गईं। शिविर में आए मरीजों के लिए एक वर्ष की नि:शुल्क मेंबरशिप के कार्ड भी बनाए गए, जिससे उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. आकाश कुमार एवं डॉ. रेनू सिंह का विशेष योगदान रहा। वहीं अस्पताल प्रबंधन की ओर से मैनेजर त्रिवेंद्र राणा तथा स्टाफ सदस्य अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, वर्षा चौहान एवं निशु रानी ने व्यवस्थाओं को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉ. एन.पी. सिंह भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविरों के माध्यम से जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना अस्पताल का मुख्य उद्देश्य है। ग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजन समय-समय पर कराने की मांग की।

## शिकायत करने पर गाली-गलौज व मारपीट

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर जागन उर्फ लक्खूवाला निवासी सुनील कुमार ने थाने में तहरीर देकर बताया कि उसने ग्राम पंचायत में मनरेगा में हुई धांधली के चलते ग्राम प्रधान, मनरेगा मेट तथा ग्राम विकास अधिकारी के द्वारा कराए गए विकास कार्यों की जांच कराने हेतु प्रार्थना पत्र दिया था, जिसकी जांच ग्राम विकास अधिकारी द्वारा की जा रही है। ग्राम विकास अधिकारी ने 24 दिसंबर को उसे ब्लॉक कोतवाली देहात में बुलाया था। आरोप है कि जहां पहले से मौजूद ग्राम प्रधान के पति अवनीश कुमार ने सुनील को धमकी दी। आरोप है कि सुनील कुमार से शिकायत वापस लेने का दबाव भी बनाया तथा उन्हें एससी एक्ट लगवाने तथा जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद सुनील कुमार ग्राम विकास अधिकारी के आवास पर गए। वहां भी ग्राम प्रधान के पति ने उनके साथ गाली गलौज की।

## छत से गिरकर घायल

**नहटौर।** ग्राम सदरूद्दीन नगर में बुंदू खां के मकान में नदीम अहमद किराए पर रहता है। बताया जाता है कि नदीम अहमद का 1 वर्षीय पुत्र ईशान दूसरी मंजिल की छत पर खेल रहा था। अचानक वह नीचे गिर गया। बच्चे को भर्ती कराया गया है।

**आवश्यकता है।**

प्राचार्य एवम् स्नातक कक्षाओं में इतिहास, कॉमर्स, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान विषयों में प्रवक्ताओं की, योग्य एवम् इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्रों सहित प्रात: 10 बजे से 3:00 बजे तक चौधरी आशाराम त्यागी महाविद्यालय जड़ौदा पाण्डा, सहारनपुर में सम्पर्क करें।

मो. 9760745829, 9720271010

# ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत मादक पदार्थ तस्कर पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा ऑपरेशन सवेरा अभियान के क्रम में 1 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से अवैध 2144 ग्राम गांजा अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 4,00,000/- रूपए व 1 इलेक्ट्रोनिक काटा बरामद। पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सहारनपुर के कुशल नेतृत्व में परिक्षेत्र सहारनपुर के अंतर्गत मादक पदार्थों नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी एवं बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु एक विशेष अभियान ऑपरेशन सवेरा नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक शामली एन0पी0 सिंह के कुशल निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में दिनांक 25।12।2025 की रात्रि में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा 01 मादक पदार्थ तस्कर सुरेश पुत्र जगवीरा निवासी ग्राम कुडाना थाना कोतवाली शामली को अवैध 2144 ग्राम गांजा अन्तर्राष्ट्रीय अनुमानित कीमत करीब 4,00,000/- रूपए व 1 इलेक्ट्रोनिक काटा सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है । गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा एनडीपीएस अधिनियम पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त सुरेश उपरोक्त के मादक पदार्थो तस्करी के अवैध कारोबार के सम्बन्ध में FORWARD AND BACKWARD LINKS की जांच की जा रही है। अभियुक्त सुरेश पुत्र जगवीरा निवासी ग्राम कुडाना थाना कोतवाली शामली है।



**पुलिस की अपील**

शामली पुलिस जनपद के सभी नागरिकों से अपील करती है कि इस अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। नशे के अंधकार से, जीवन के उजाले की ओर बढ़ते हुए हम सब मिलकर जनपद शामली को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें।

## तहसील बार एसो. के चुनाव में शनिवार को होगा मतदान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में शनिवार को मतदान होगा सभी प्रत्याशी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने में लगे हैं शनिवार को मतदान के बाद मतगणना की जाएगी तहसील बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु सत्यवीर सिंह जोगिंदर सिंह मुंगेर महासचिव पद हेतु सोनू कल्याण तसव्वर अली तथा कोषाध्यक्ष पर हेतु दक्ष बाबू व जसबीर सोदाई चुनाव मैदान में है तीनों पद हेतु आमने-सामने का चुनाव है जिसमें प्रत्याशी की प्रतिष्ठा दावों पर लगी है सत्यवीर सिंह पूर्व में भी अध्यक्ष रह चुके हैं जोगिंदर सिंह मुंगेर पहली बार अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं अब देखना यह है कि चुनाव में कौन बाजी मारता है बता दे कि पहले एल्डर कमेटी द्वारा 26 दिसंबर को मतदान की तिथि घोषित की थी लेकिन बाद में मतदान की तिथि 27 दिसंबर घोषित की गई मतदान के बाद 2 बजे मतगणना की जाएगी।

# मेलबर्न में एक दिन में 20 विकेट गिरे, ऑस्ट्रेलिया टॉप पर

● **मेजबान टीम 46 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई जबकि इंग्लैंड 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हुई**

**मेलबर्न, वार्ता।** पिछले साल के बॉक्सिग डे टेस्ट की तुलना में मेलबर्न पिच पर सिर्फ चार मिलीमीटर ज्यादा घास होने से बॉक्सिग डे पर पिच शरारती हो गई, जिससे 20 विकेट गिरे, जो ऑस्ट्रेलिया में पहले दिन गिरे संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट हैं। मेजबान टीम 46 ओवर के अंदर 152 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसके बाद इंग्लैंड एक कदम और आगे बढ़कर 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हो गई, यह सब एमसीजी में 94,199 दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ के सामने हुआ।

दिन का अंत शानदार ड्रामे के साथ हुआ। स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड के साथ ओपनिग करने आए और उन्होंने एक पूरा ओवर सुरक्षित रूप से खेला, जिससे पूरे स्टेडियम में मौजूद दर्शक बहुत खुश हुए, जो दिन भर के रोमांचक एक्शन के बाद पहले से ही अपनी सीटों पर खड़े थे। बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने भेजा, लेकिन इसमें एक अजीब विडंबना थी कि इंग्लैंड सालों तक घर पर सपाट पिचों पर तैयारी करने के बाद एक बार फिर हरी सीमिग पिच पर खेल रहा था, और ऑस्ट्रेलियाई चुनौती के लिए अपनी तेज गेंदबाजी की योजना ऊंचाई और उछाल के हिसाब से बना रहा था, जबकि चुनौती ने अलग सवाल पूछे। हालांकि, इस बार उनके गेंदबाजों ने बेहतर जवाब दिया, उन्होंने पूरी लेंथ पर गेंदें फेंकी और तुरंत इनाम पाया। ट्रैविस हेड, जिन्होंने दौरे पर पहले एक और मुश्किल पिच पर इंग्लैंड को चोट पहुंचाई थी, गस एटकिसन की गेंद पर अपने स्टंप्स पर आउट हो गए, लेकिन पहले बदलाव के गेंदबाज के रूप में जोश टंग के आने से सच में मैच का रुख बदल गया। जेक वेदरल्ड दुर्भाग्य से लेग साइड में आउट हो गए, लेकिन इसके बाद की गेंदों ने यह साबित कर दिया कि पर्थ और ब्रिस्बेन में टंग की कितनी कमी खली थी। मार्नस लाबुशेन ने बाहर



जाती हुई गेंद पर किनारा लगाया, जबकि स्टीव स्मिथ एक तेज इन-स्विगर पर बोल्ड हो गए। 51 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद, उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया को संभालने के लिए मिलकर 72 रन पर 4 विकेट तक पहुंचाया। लेकिन 38 रन की यह साझेदारी ब्रेक के बाद चौथे ओवर में टूट गई जब एटकिसन ने ख्वाजा का किनारा लिया। इस बार, स्निको पर आवाज और स्पाइक एक साथ आए और ऑन-फील्ड फैसला पलट दिया गया।

स्टोक्स, जिन्होंने दोपहर के सेशन में एटकिसन के साथ बॉलिग की शुरुआत की थी, उन्होंने एक अच्छी प्लानिग के तहत कैरी को लेग स्लिप पर कैच करवाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 91 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। यह और भी बुरा हो सकता था, लेकिन माइकल नेसर को दो बार किस्मत का साथ मिला क्योंकि किनारे कॉर्डन में शॉर्ट गिरे, पहले जेमी स्मिथ के सामने और बाद में जो रूट के सामने, जिससे यह सवाल उठा कि क्या इंग्लैंड के कीपर और स्लिप कॉर्डन बहुत पीछे खड़े थे। नेसर ने मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया और पलटवार किया, जोश टंग के एक ओवर में चार चौके लगाए, जबकि कैमरन ग्रीन ने मुश्किल पिच पर धैर्य और समझदारी दिखाई। सातवें विकेट के लिए उनकी 52 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को 150 रन के पार पहुंचाया, हालांकि ग्रीन की पारी एक जोखिम भरे सिगल और नॉन-स्ट्राइकर एंड पर ब्रायडन कार्स के डायरेक्ट हिट से खत्म हुई। मिशेल स्टार्क इस सीरीज में 50 से ज्यादा के एवरेज के साथ आए थे, लेकिन इस बार सस्ते में आउट हो गए, स्टोक्स ने मिड-ऑफ पर पीछे दौड़कर एक शानदार कैच पकड़ा। रिप्ले में दिखा कि कार्स का अगला पैर क्रीज के अंदर था, लेकिन तीसरे अंपायर ने बॉलर के पक्ष में फैसला दिया। फिर टंग ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, उसी ओवर में बोलैंड और नेसर, जो पारी के टॉप स्कोरर थे, को आउट करके ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला पांच विकेट हॉल पूरा किया। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। फिर नेसर ने एक और विकेट लिया, रूट की क्रीज पर बेकार को. शिश को एक जाने-पहचाने बाहरी किनारे के साथ खत्म किया और अनुभवी बल्लेबाज को 15 गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। यह उनके टेस्ट करियर का 15वां शून्य था। सात ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आए हैं। हैरी ब्रूक ने अगली गेंद पर छक्का मारा और गेंद के बार-बार गड़बड़ करने के बावजूद ट्रैक पर दौड़ने के लिए उत्सुक दिखे, लेकिन विडंबना यह है कि वह पगबाधा आउट हो गए, बोलैंड की एक गेंद पर क्रीज में फंस गए जो अंदर की तरफ आई थी।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महाराष्ट्र ने सिक्किम को आठ विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच राजवर्धन हंगारगेकर (21 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से महाराष्ट्र ने सिक्किम को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को 192 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए सिक्किम को 150 रन पर ढेर करने के बाद 18 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर मुक. ाबला जीत लिया। महाराष्ट्र की तरफ से पृथ्वी शॉ ने 51, अर्शिन कुलकर्णी ने 40 और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 38 रन बनाए। सिक्किम की पारी में हंगारगेकर के चार विकेट के अलावा रामकृष्ण घोष ने तीन विकेट लिए।

### सूर्या, श्रुति, टॉप दो सीड को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

**विजयवाड़ा, वार्ता।** लोकल पसंदीदा सूर्या करिश्मा तामिरी और अनुभवी श्रुति मुंडाडा ने शुक्रवार को यहां सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सीधे गेम में टॉप दो सीड को हराया। सूर्या करिश्मा टॉप सीड उन्नति हुड्डा के लिए बहुत मजबूत साबित हुईं, उन्होंने अपना क्वार्टर फाइनल सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से जीता, जबकि श्रुति ने दूसरी सीड और पूर्व नेशनल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को 39 मिनट में 22-20, 21-12 से हराया। सेमीफाइनल में, सूर्या करिश्मा का सामना रक्षिता श्री से होगा, जब 18 साल की खिलाड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा को 16-21, 21-14, 21-18 से हराया। पुरुषों के सिंगल्स कैटेगरी में, टॉप सीड किरण जॉर्ज को 11वीं सीड रौनक की चुनौती से पार पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, उन्होंने 41 मिनट में 21-18, 21-18 से जीत हासिल की। अब उनका सामना 2024 ओडिशा ओपन चैंपियन ऋत्विक से होगा।

### युवराज संधू दूसरे राउंड में शानदार 64 के स्कोर के साथ टॉप पर पहुंचे

**जमशेदपुर, वार्ता।** युवराज संधू जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये के टाटा ओपन 2025 और पीजीटीआई के सीजन-फिनाले के दूसरे राउंड में अपने शानदार आठ-अंडर 64 के स्कोर की बदौलत लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए हैं। युवराज (67-64), जिन्होंने शुक्रवार को बेल्डीह में खेला था, ने हाफवे स्टेज पर कुल 11-अंडर 131 का स्कोर बनाया और तीन शॉट की बढ़त के साथ अपने पिछले रात के आठवें स्थान से सात स्थान ऊपर आ गए। युवराज, जिन्होंने इस साल पीजीटीआई पर छह बार जीत हासिल की है, पहले ही 2025 पीजीटीआईऑर्डर ऑफ मेरिट का ताज जीत चुके हैं और इस तरह अगले साल के लिए डीपी वर्ल्ड टूर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा



● **राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे, स्टीव स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए हैं**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्टीव स्मिथ ने एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे जबकि स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। जो रूट ने 162 टेस्ट में 214 कैच लपके हैं।

# 70 टीमें जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगी

**लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, पुदुचेरी, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दिल्ली केंन्द्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में में भाग ले रहे हैं**

**बेंगलुरु, वार्ता।** 44वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप 2025-26 में लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जो 31 दिसम्बर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक गुंजूर, बेंगलुरु में होगी।

लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। राज्यों के अलावा, कोल्हापुर, विदर्भ और मध्य भारत जैसे मान्यता प्राप्त खो खो संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें भी चैंपियनशिप में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जो लीग-कम-नॉकआउट आधार पर होगी। सभी की निगाहें महाराष्ट्र पर होंगी, जिसने 25 से 29 नवम्बर, 2024 तक अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में आयोजित 43वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में खिताब जीता था। लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में प्री-क्वार्टर फाइनल मैच सुबह और क्वार्टर फाइनल मैच दोपहर में 03 जनवरी को होंगे। 04 जनवरी को, सेमीफाइनल सुबह और उसके बाद फाइनल होंगे। लड़कों और लड़कियों दोनों टीमों को 8-8 समूहों में बांटा गया है। कर्नाटक राज्य खो खो संघ के अध्यक्ष श्री लोकेश्वरा ने कहा कि रेफरी के अलावा, तकनीकी अधिकारियों, कोचों और संघ के अधिकारियों सहित लगभग 25 अधिकारियों को चैंपियनशिप की तैयारियों और सुचारू संचालन के लिए तैनात किया गया है। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था स्टेडियम के 3-4 किमी के दायरे में की गई है, और उनके आने-जाने के लिए 10 बसें लगाई गई हैं। चैंपियनशिप गुंजूर के अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि यह खो खो का एक फेस्टिवल है जिसमें देश भर के युवा टैलेंट टाइटल के लिए मुकाबला करते हैं। यह जूनियर टैलेंट के लिए अपने स्किल्स दिखाने का एक प्लेटफॉर्म भी है। टैलेंट की पहचान और उसे पहचानना खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि हम पूरी लगन से खो खो को एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक्स में शामिल करने का लक्ष्य रखते हैं। भारत 9-14 मार्च, 2026 तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, जबकि 58वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 2025-26 11-15 जनवरी, 2026 तक काजीपेट, तेलंगाना में और 35वीं सब-जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) 2025-26 कुरुक्षेत्र, हरियाणा में 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी।

# विराट-पंत की फिफ्टी, दिल्ली ने बनाए 252 रन




● **दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 254 रन बनाए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (77) के लगातार दूसरे अर्द्धशतक और कप्तान ऋषभ पंत (70) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन का स्कोर बना लिया।

पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट ने इस मुकाबले में अपनी फॉर्म जारी रखते 61 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाए जबकि पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

हर्ष त्यागी ने 40 और सिम. रजीत सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। गुजरात की तरफ से विशाल जायसवाल ने 42 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए।




## रोहित शून्य पर लुढ़के, लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हराया

**जयपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड के खिलाफ शुक्रवार को शून्य पर लुष्क गए लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हरा दिया। मुंबई ने सात विकेट पर 331 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड को नौ विकेट पर 280 रन पर रोक दिया।

उत्तराखंड की तरफ से ओपनर युवराज चौधरी ने 96 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले पिछले मैच के शतकधारी रोहित को देवेंद्र सिंह बोरा ने आउट किया। लेकिन मुशीर खान (55), सरफराज खान (55) और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक तामोरे ने नाबाद 93 रन का योगदान देकर मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। शम्स मुलानी ने 48 रन बनाए। उत्तराखंड की तरफ से बोरा 74 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

# रिंकू ने 56 गेंदों में जड़ा शतक

● **रिंकू सिंह की तूफानी पारी की बदौलत यूपी ने चंडीगढ़ को 227 रनों से दी मात**

**राजकोट, वार्ता।** टी-20 विश्व कप से पहले उत्तर प्रदेश के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा।

रिंकू ने महज 60 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर अपनी टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मुकाबले में 4 विकेट के नुकसान पर 367 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया जिसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में 140 रन पर लुढ़क गई। यूपी की तरफ से जीशान अंसारी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। आर्यन जुयाल को उनकी 134 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले रिंकू ने चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 11 चौके और 4



गगनचुंबी छक्के लगाए। रिंकू के अलावा आर्यन जुयाल ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 118 गेंदों पर 134 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी अहम योगदान देते हुए 57 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। इसके अलावा समीर रिजवी ने 36 रन जोड़े, जबकि प्रशांत वीर 12 रन बनाकर नाबाद रहे। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उत्तर प्रदेश की शुरुआत हालांकि खराब रही और महज 2-1 ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आर्यन जुयाल और ध्रुव जुरेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश ने इससे पहले हैदराबाद को हराकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया था।

# ब्रजेश पाठक ने पीएम को दिया नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप का निमंत्रण

● **ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पीएम से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ**

**लखनऊ/दिल्ली, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्ह चार से 11 जनवरी तक वाराणसी में आयोजित होने वाली नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया ' प्रधानमंत्री से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा उनके बहुमूल्य समय के लिए आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात को राजनी. तिक नजरिए से भी अहम माना जा रहा है। हाल ही में लखनऊ में भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक के बाद प्रदेश की राजनीति में चर्चाएं तेज हैं। 23 दिसम्बर 2025 को कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन के आवास पर हुई इस बैठक में करीब 40-50 ब्राह्मण विधायक और एमएलसी शामिल हुए थे। बैठक में ब्राह्मण समाज की घटती राजनीतिक भागीदारी, जातिगत संतुलन और विभिन्न सामुदायिक मुद्दों पर मंथन किया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में कुल 52 ब्राह्मण विधायक हैं, जिनमें से 46 भारतीय जनता पार्टी से हैं। ऐसे में पाठक की पीएम से यह मुलाकात खेल आयोजन के निमंत्रण के साथ-साथ सियासी दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने डीपी वर्ल्ड के साथ कतर-ओमान का दौरा किया



**कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलइन के सामने थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत में राम सेतु के नाम से मशहूर, सांस्कृतिक रूप से पूजनीय एडम ब्रिज पर अपने शानदार लॉन्च के बाद, डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने कतर और ओमान में अपना सफर सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान दोनों देशों के प्रमुख शहरों और मशहूर जगहों पर फैंस, छात्रों और समुदायों को शामिल किया गया। कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलाइन के सामने थी। यह देश की समुद्री विरासत और ग्लोबल खेल में उसकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक था।

देश भर की अपनी यात्रा के दौरान, ट्रॉफी ने कतर के कई सबसे मशहूर जगहों का दौरा किया, जिनमें सीलाइन बीच, एस्पायर जोन (जिसे दोहा स्पोर्ट्स सिटी के नाम से भी जाना जाता है), कटारा कल्चरल विलेज, सूक वकीफ और लुसैल बुलेवार्ड शामिल हैं। इन पड़ावों ने फैंस को ट्रॉफी के साथ जुड़ने का मौका दिया, साथ ही कतर की विरासत और आधुनिक विकास के मेल को भी दिखाया। इस टूर का मुख्य फोकस सामुदायिक जुड़ाव पर था। ट्रॉफी को एक केंद्रीय सार्वजनिक सभा स्थल पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी, दूतावास और सामुदायिक नेता मौजूद थे, जिससे फैंस को ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन और फोटो के अवसरों के माध्यम से जुड़ने का मौका मिला। यह टूर स्कूलों और विश्वविद्यालयों तक भी पहुंचा, जिसमें बिरला पब्लिक स्कूल, यूडीएसटी यूनिवर्सिटी और कतर फाउंडेशन शामिल हैं, जिससे हजारों छात्र जुड़े और खेल के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा मिला। कतर फाउंडेशन में विशेष बातचीत में समावेशी पहलों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के साथ जुड़ाव भी शामिल था। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यबल को सम्मान देने के लिए, एशियन टाउन में एक विशेष एक्टिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण एशियाई समुदाय और क्रिकेट के प्रति उनके प्यार का जश्न मनाया गया। कतर का सफर रेगिस्तान में सूर्यास्त के समय ट्रॉफी के प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ, जो देश में टूर के एक यादगार अध्याय के अंत का प्रतीक था। कतर के बाद, ट्रॉफी ओमान पहुंची, जहां इसने खेल स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया। प्रमुख पड़ावों में मुत्तरा किला, सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद, रॉयल ओपेरा हाउस मस्कट, ओमान अक्रॉस एजेस म्यूजियम, जबल अखदर व्यूप्वाइंट और कुरम बीच शामिल थे, जो फैंस के साथ बातचीत और मीडिया जुड़ाव के लिए सुंदर पृष्ठभूमि प्रदान करते थे। इस टूर का फोकस इंडियन स्कूल मस्कट और इंडियन स्कूल अल वादी अल कबीर जाकर युवाओं और फैंस को जोड़ने पर था, जिससे स्टूडेंट्स को ट्रॉफी को करीब से देखने का मौका मिला।

# नोएडा निजास ने कानपुर वॉरियर्स को मात दी

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में देर रात गुरुवार को यूपी कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

अकस्मात शुरू हुए देर रात कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नोएडा निजास और कानपुर वारियर्स के बीच हुआ जहां नोएडा निजास ने कानपुर वारियर्स के 39-36 से मात देकर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश कबड्डी सीजन दो प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा शुक्रवार को जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता की शुरुआत गत बुधवार को होना था, जिसके लिए आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन एवं खेल संबंधी प्रशासन से अनुमति में देरी होने के चलते ए समस्या सामने आई जिस कारण जिला प्रशासन द्वारा बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान चतुर्थ के अंतर्गत पाबंदियों अथवा निर्देशों का हवाला देते हुए कबड्डी खेल आयोजन को स्थगित कर दिया गया था,जो 24 दिसम्बर तय तारीख के मुताबिक आयोजित नहीं की जा सकी, अथवा कुछ समय पश्चात जिला प्रशासन के जारी निर्देशों के अनुपालन के तहत कबड्डी खेल परिसर में एयर प्यूरिफायर और मास्क लगाने की अनिवार्य शर्त पर आयोजन के लिए मंजूरी दे दी गई।

# दो समुदायों को लड़ाना भाजपा का असली चरित्रः रावत

## अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव मुजतबा के आवास पहुंचे पूर्व सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि भाजपा एआई का दुरूपयोग कर दो समुदायों को लडाना चाहती है और यही भाजपा का असली चरित्र है।



हरीश रावत ने यह बात देहरादून से दिल्ली जाते हुये छुटमलपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासि. चव मुजतबा एडवोकेट के निवास पर पत्रकारों से वार्ता में कही। उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड भाजपा मेरी छवि खराब कर एआई जेनरेटेड वीडियो अपनी ऑफिशियल वेबसाइट से प्रचारित और प्रसारित कर रही थी जिसकी मैंने दो दिन पहले एफआईआर करवायी है भाजपा एआई का दुरुपयोग कर के दो समुदायों को लड़ाना चाहती है ये ही भाजपा का चरित्र है भाजपा देश की संप्रभुता अखंडता और भाईचारे को नष्ट करने में लगी हुई है भाजपा द्वारा मुझे एआई का दुरुपयोग कर राष्ट्रद्रोही बताया गया जो गंभीर विषय है।

उन्होने कहा कि उत्तराखण्ड में चुनाव नजदीक आते ही भाजपा के कुकृत्य सामने आने लगे है क्योंकि नो साल के कार्यकाल में भाजपा के पास विकास रोजगार शिक्षा स्मार्ट सिटी ,किसान मजदूर पलायन के लिये बताने को कुछ नहीं है इसलिये भाजपा एआई का दुरुपयोग कर मुझे राष्ट्रद्रोही दर्शा रही है भाजपा के पास विकास और उत्तराखंड के हित के लिये बताने के लिये कुछ नहीं है। हरीश रावत ने कहा व्यक्तिगत स्वाभिमान या अस्तित्व से बड़ा प्रश्न उत्तराखंड के स्वाभिमान का है। जिस स्वाभिमान की रक्षा के लिए अंकिता भंडारी बलिदान हो गई, अंकिता की हत्या हुई। मैं निश्चय कर चुका हूँ कि सांकेतिक मौन व्रत के बाद मैं अगले 20 दिन अर्थात 16 जनवरी तक अपनी समस्त गतिविधियों को कांग्रेस के अध्यक्ष द्वारा निर्णित कार्यक्रम को समर्पित करूँगा। उन्होने कहा कि मैं जानता हूँ, मुझे पाकिस्तानी जासूस के रूप में चित्रित करने वाला प्रसंग भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। यह प्रसंग यदि हमने ठीक प्रकार से भाजपाई षड्यंत्र का भंडाफोड़ किया तो 2027 में सत्ता की तरफ हमारी राह को सुगम बनाएगा।

अर्थात अंकिता को न्याय और उत्तराखण्ड के स्वाभिमान की रक्षा, इन दो उद्देश्यों के लिए मैं अपने आपको श्री गणेश गोदियाल जी की कमांड में सौंप रहा हूँ। हरीश रावत ने एक प्रश्न के सवाल पर कहा कि उत्तरप्रदेश में कांग्रेस सपा का गठबंधन पूरी तरह मजबूत है और आने वाले समय में इसके अच्छे परिणाम होंगे जैसे लोकसभा में परिणाम आये थे। इस अवसर पर अब्दुल हसीब, मनोज चौधरी, प्रधान फरमान मलिक, प्रधान नासिर अली, राव यूसुफ, याहीया मलिक, परवीन ठेकेदार, नासिर सैफी, फेसल मिर्जा, अरशद मलिक, कुद्दूस मलिक, हाजी छोटा, कारी आबिद, अजीम मलिक, रामबीर सिंह, पदम् सिंह, सुखदेव चौहान, परवेज मलिक मौजूद रहे।

# मृतकों के परिजनों से मिला सपा का डेलिगेशन, मदद का दिया भरोसा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि मंडल ने गांव शेखपुरा पहुंचकर मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त की। साथ ही शोकाकुल परिवारों को पार्टी की ओर से हर संभव मदद का भरोसा भी दिया।

समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने मृतकों के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात कर उनसे घटना की जानकारी ली और समाजवादी पार्टी की ओर से पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल ने घटना पर चिंता व्यक्त की तथा पीड़ित परिवारों से अफसोस प्रकट किया। इस दौरान प्रति. निधिमंडल में हाथरस लोकसभा से प्रत्याशी रहे जसवीर वाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष फरहाद आलम गाडा, सपा प्रदेश सचिव व पूर्व मंत्री मांगेराम कश्यप, अबूबकर चौधरी, राव कासिमा, बहार आलम कुरैशी, असद, अनस, हुसैन चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# विधायक चौ. किरत के कर कमलों से सड़क चौड़ीकरण का हुआ शिलांयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**गंगोह।** विधानसभा अर्न्तगत गंगोह के ग्राम टिकरौल में दौलतपुर नानौता मंगलौर (राज्यमार्ग-167) के चौनेज 17.408 से 29. 793 तक दो लेन विद पेब्ड शोल्डर के साथ मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया।



विधायक किरत सिंह ने कहा कि 2781. 53 लाख रुपये की लागत से होने वाला यह कार्य क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ कर, आवागमन को सुरक्षित बनाएगा तथा व्यापार, कृषि और औद्योगिक विकास को नई गति देगा।

इस दौरान मनोज राणा, जिला. उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, प्रदीप, ग्राम प्रधान अरविंद कुमार, अशोक कुमार, वैभव, अवर अभियंता मीनाक्ष श्रीवास्तव, तसव्वर सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जनप्रतिनिधियों के पत्रों को कार्यवाही में करें शामिलः इमरान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सांसद इमरान मसूद ने कहा कि जन प्रतिनिधियों के पत्रों को कार्यवाही में शामिल कर उन पर अमल किया जाये।



इमरान मसूद सर्किट हाऊस सभागार में डिस्ट्रिक्ट इलेक्ट्रिसिटी कमेटी की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक में मुख्य अभियन्ता द्वारा केन्द्र सरकार से प्रायोजित योजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया। तत्पश्चात पूर्व में विद्युत मीटिंग में उठाए गए प्रश्नों में जो कार्य क्षमतावृद्धि तथा संयोजनों से सम्बन्धित थे, जिनको तकनीकी रूप से औचित्यपूर्ण थे उनको करा दिया गया है। शेष कुछ कार्य अविकसित/विद्युतिकृत कालोनियों, एलटी लाइनों का विद्युतिकरण करने एवं जो कार्य क्षमतावृद्धि से सम्बन्धित थे उनके सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि ऐसी कालोनियों मे नए संयोजन प्राप्त करने हेतु 70रूपये /फीट के हिसाब से विभाग में धनरा. शि जमा करने के उपरान्त ही विभागीय नियमानुसार संयोजन निर्गत किया जाना सम्भव हो सकेगा। जिस पर सांसद इमरान मसूद एवं एमएलसी शाहनवाज खान द्वारा इस प्रकार की कालोनियों में वरीयता स्तर पर छोटे-छोटे प्राक्कलन/प्रोजक्ट बनाकर उपलब्ध कराए जाए।

मीटिंग में उपस्थित अन्य जन-प्रतिनिधियों एवं सांसद द्वारा पूर्व में उनके क्षेत्रान्तर्गत क्षमतावृद्धि के प्रस्ताव भेजे गए थे, उन पर क्या कार्यवाही की गई। जिस सम्बन्ध में मुख्य अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि ऐसे प्रस्तावों को तकनीकी/वाणिज्यिक रूप से प्रस्ताव बनाकर बिजनेस प्लान 2026-27 में प्रस्तावित किया गया था। शाहनवाज खान ने कहा कि जन-प्रतिनिधियों के जो भी पत्र प्राप्त होते हैं एवं उन पर जो भी कार्यवाही होती है उस पर की गई

**■ कार्यवाही से जन प्रतिनधि को कराया जाये अवगतः शाहनवाज**

कार्यवाही से जन-प्रतिनिधियों को भी अवगत कराया जाए। अध्यक्ष द्वारा निर्देश दिए गए कि आज मीटिंग में जो भी शिकायतें प्राप्त हो रही है उनको कार्यवृत् में शामिल कर लें। बैठक में मुख्य अभियन्ता विद्युत राजेश कुमार, विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम रवीन्द्र बाबू, विद्युत वितरण मण्डल-द्वितीय दीपक कुमार, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल राम सुरेश वर्मा, जनपद के समस्त अधिशासी अभियन्ता, सांसद कु. इकरा हसन के प्रतिनिधि साजिद हसन, विधायक उमर अली खान के प्रतिनिधि फरहान, विधायक आशु मलिक के प्रतिनिधि मोसिन मलिक उपस्थित थे।

# बलिदान की सजीव झांकी दिखाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** वीर सुभाष मैमोरियल पब्लिक स्कूल में वीर बाल दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया।

नकुड़ रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने साहिबजादों के शौर्य, त्याग और बलिदान को दर्शाती सजीव झांकी प्रस्तुत की। कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने साहिबजादों के जीवन, बलिदान और आदर्शों पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में विद्यालय के डायरेक्टर हर्षित तोमर, प्रधानाचार्य विशाल चौधरी एवं उप प्रधानाचार्य पलक आदि मौजूद रहै।

# एकता क्लब ने सहारनपुर को 4 विकेट से हराया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एकदिवसीय क्रिकेट मैच में एकता क्लब अंबेहटा ने सहारनपुर टीम को चार विकेट से पराजित किया।



अंबेहटा बस स्टैंड पर स्थित क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित एकदिवसीय मैच एकता क्लब अंबेहटा व सहारनपुर टीम के बीच खेला गया। जिसमें सहारनपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते निर्धारित 25 ओवर में पांच विकेट खोकर 235 रन का लक्ष्य विपक्ष एकता क्लब अंबेहटा टीम के समक्ष रखा। शानदार बल्लेबाजी करते सहारनपुर के राज बरमन 59, नीटू उपाध्याय 50, राज ऋषि ने 48 रन का योगदान अपनी टीम को दिया। एकता क्लब की तरफ से शानदार गेंदबाजी करते आरव शर्मा बलाल खेडी व अनुज रुहेला ने दो-दो विकेट लिए। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी एकता क्लब की टीम ने धमाकेदार बल्लेबाजी करते अनुज कुमार ने 35, कासिफ पठान 17, सेठपाल 13 जबकि अर्पित कुमार ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते 15 चौके व 8 गगनचूम्मी छक्को की बदौलत 65 गेंद पर सर्वाधिक 141 रन की नाबाद पारी खेली। जिसके चलते एकता क्लब अंबेहटा ने 23.4 ओवर में 6 विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर चार विकेट से मैच जीत लिया। एकता क्लब की तरफ से शानदार कीपि. ंग करते कीपर शिवकुमार बलाल खेड़ी ने तीन बल्लेबाजों को स्टांप कर मैच की दशा दिशा बदल दी। मैन ऑफ दा मैच शानदार बल्लेबाजी की बदौलत अर्पित कुमार को दिया गया।

# समय से बस न पहुंचाने पर चालक परिचालक पर जुर्माना

**गंगोह।** एक यात्री ने गंगोह से करनाल जाने वाली बस समय के अनुसार न आने पर मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। जिससे परिवहन विभाग ने चालक व परिच. ालक पर 200- 200 रुपये का जुर्माना लगाया है।

मोहल्ला छत्ता निवासी सुयश गर्ग ने 3 दिसंबर को परिवहन विभाग के खिलाफ मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करते हुए बताया था कि में 1 दिसंबर को करनाल जाने के लिए नानौता बस स्टैंड पर गया था।बस का समय दोपहर 1:20 था। काफी इंतजार के बाद भी बस नही आई। वही पर अगले दिन 2 दिसंबर को में सुबह के समय करनाल जाने के लिए बस स्टैंड पर गया था। मगर 7 बजे गंगोह से करनाल जाने वाली बस भी नही आई। फिर इंतजार के बाद 8 बजे वाली बस का इंतजार किया। मगर वो भी उस दिन नही आई। जिससे मुझे करनाल प्राइवेट बस से जाना पड़ा। वही पर सुबह के समय ठंड में यात्रियों को भारी परेशानी हुई। शिकायतकर्ता ने बताया कि इसको लेकर मैने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी। जिस पर मैने रीजनल मैनेजर सहारनपुर व चालक परिचालक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। मगर जो मेरी शिकायत का निस्तारण किया गया है। उसमें चालक परिचालक पर 200-200 का जुर्माना किया गया है। विभाग ने आगे लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करने की हिदायत दी गई है।

# भाकियू रक्षक ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विभिन्न समस्याओं को लेकर आज भारतीय किसान यूनियन रक्षक ने जिलाधिकारी को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।



यूनियन के प्रमुख नेता सुनील ठाकुर व जिलाध्यक्ष रविंद्र सैनी के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी से कहा कि नागल बस स्टैंड पर फ्लाईओवर न होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। जिसमें सैकडों लोग अब तक अपनी जान गंवा चुके है इसलिये जनता की सुरक्षा के लिये शीघ्र ही फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाये। उन्होंने कहा कि बजाज शुगर मिल गांगनौली द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करते हुए किसानों का गन्ना भुगतान समय से नहीं कर रहा है। जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति अत्यंत खराब हो चली है इसलिये भुगतान कराया जाये। उन्होंने कहा कि नागल एवं बढेडी क्षेत्र में जोहडों और तालाबों पर अवैध अतिक्रमण किया गया है। इसलिये सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार अतिक्रमण हटाकर उनका सौंदर्यकरण कराया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि जल योजना के कार्य में सडकों को तोडकर पाइप बिछा दिये गये है, लेकिन कार्य अधूरा है और तोडी गई सडकों की मरम्मत नहीं की गई। जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

इस दौरान अजीत सैनी, सुबे. सिंह, सुनील शास्त्री व अमरीश आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धा से मनाया गया शहीदी दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सिखों के गुरु गोबिंद सिंह के चारों साहिब. जादों और माता गुजर कौर जी का शहीदी दिवस बड़ी श्रद्धा और सत्कार के साथ मनाया गया।



महानगर के खलासी लाईन स्थित उत्तर रेलवे पंचायती गुरुद्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहज पाठ के भोग के उपरान्त गुणी ज्ञानियों द्वारा गुरुमत विचार व्यक्त किए। निहाग बाबा गढ़गज सिंह ने कहा कि अन्य शहीदों का इतिहास पढ़ें तो पता चलता है कि दी गई शहीदीयां अपने अहम, समराज्य, धन, जमीन, जोरू तक सीमित हैं, परन्तु गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत इसलिए अनोखी और बेमिसाल हैं। महान शहीदी समागम पर द्वारा रक्तदान शि. विर लगाया जिसमें 32 लोगों ने ब्लड डोनेट किया। इस अवसर पर विशेष तौर पर पूर्व सांसद राघव लखनपाल ने उपस्थित होकर माथा टेक कर नमन किया। गुरुद्वारा कमेटी से सरदार साहिब सिंह, सरदार दविंदर सिंह चड्ढा, स. गोविंदर सिंह, स. परमजीत सिंह, स. सुच्चा सिंह, स अगम सिंह, स रपिंदर सिंह, पूर्व पार्षद यशपाल पुण्डीर, स. सुरेन्द्र मोहन सिंह चावला, व्यपारी नेता विवेक मनोचा, नगर विधायक राजीव गुम्बर, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्टेज सेवादार सरदार गो. विंदर सिंह ने किया अरदास हेड ग्रंथी ज्ञानी अमर सिंह ने की।

# धोखाधड़ी में फरार चल रहे दो गिरफ्तार

**गंगोह।** पुलिस नाबालिग के साथ दुष्कर्म और धोखाधड़ी मामले मे वांछित दो को गिरफ्तार किया है।

एक महिला ने मुजक्किर निवासी मौहम्मद गंज कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन के विरुद्ध उसके घर मे घुसकर उसकी नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। इसके अलावा पुलिस ने धोखाधडी के मामले में डेढ़ साल से वांछित चल रहे एक अन्य अभियुक्त को भी गिरफ्तार किया है। मामले में कुछ दिन पूर्व राशिदा पत्नी स्वः मुस्तकीम निवासी ग्राम खानपुर गुज्जर थाना गंगोह ने पुलिस ने अभियुक्त मुस्तफा निवासी ग्राम खानपुर गुर्जर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि अभियुक्ता महरूबा फरार चल रही थी। जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया।

# विटामिन ए सम्पूर्ण अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल द्वारा जिला महिला चिकित्सालय में विटामिन ए सम्पूर्ण अभियान के द्वितीय चरण का उद्घाटन फीता काटकर एवं बच्चे को खुराक पिलाकर किया।

जिलाधिकारी श्री बंसल ने कहा कि विटामिन ए एक शिशु सुरक्षा कवच है, जो कि प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाया जाना अत्यन्त आवश्यक है। उनके द्वारा सभी जनपदवा. सियों से अपील की गयी कि अपने 9 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक अवश्य पिलायें। उन्होंने टीकाकरण कर्मियों का आह्वान किया कि वे जनता और स्वास्थ्य विभाग के बीच की कड़ी है। उनके कंधों पर बच्चों के स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है, जिसकी जिम्मेदारी को वे पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निभाते हुये बच्चों को आच्छादित करायें तथा भारत एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण आकांक्षाओं व लक्ष्य को पूर्ण करने में भागीदारी निभायें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीन कुमार ने बताया कि विटामिन ए सम्पूरण अभियान का द्वितीय चरण आज 26 दिसम्बर से संचालित किया जा रहा है, जो 24 जनवरी 2026 तक संचालित रहेगा। इसके अंतर्गत 9 माह से 5 वर्ष तक के 482860 बच्चों को विटामिन ए की खुराक से आच्छादित किया जायेगा। विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम प्रति वर्ष दो चरणों में छः माह के अन्तराल पर आयोजित किया जाता है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. मुकेश कुमार द्वारा बताया गया कि जनपद में एएनएम, आशा एवं आंगनवाड़ी कार्यकत्री के सहयोग से विटामिन ए सम्पूरण अभियान का संचालन किया जायेगा। अभियान के अंतर्गत बुधवार एवं शनिवार को आयोजित होने वाले टीकाकरण सत्रों पर विटामिन ए की खुराक दी जायेगी। उन्होंने बताया कि विटामिन ए से शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता में वृद्धि, आंखों की परत कोर्निया की सुरक्षा, दस्त व श्वास संबंधी रोगों से बचाव, आंख के रोगों जैसे रतौंधी से बचाव, कुपोषण में कमी एवं शारीरिक विकास में सहायक एवं 9 माह से 5 वर्ष तक छः माह के अंतराल से विटामिन ए सम्पूरण द्वारा बाल जीवितता में 20 प्रतिशत की वृद्धि सम्भव है। इस अवसर पर अवसर पर प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा. सुधा कुमारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा. इन्दिरा सिंह, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. मुकेश कुमार, जिला महिला चिकित्सालय से डा. नवदीप गुप्ता एवं बाल रोग विशेषज्ञ डा. मनदीप सिंह, जिला महिला चिकित्सालय के समस्त टीकाकरण कर्मी सहित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# खेलों में बच्चों का शानदार प्रदर्शन

**गंगोह।** प्रभा ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद सप्ताह के दूसरे दिन एलकेजी, यूकेजी, कक्षा चार, पांच व छः के छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

स्कूल परिसर में आयोजित प्रतियोगिताओं में 100 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, बुक बैलेंस एवं म्यूजिकल चेयर में नैतिक, अवि, प्रिंस, जसमीत, यशी, साइमा, अभिजीत, अंशु, सृष्टि, दिव्या, मुकुंज, गुरमीत, कृष्णा, आकृति, वीरेन, अर्शी, मन्नत, प्रेरणा, आयुष, शैफुल, सुहैल, गौरी, रेशु, नित्या, अरमान, सक्षम, आरव, वंश, गौरव, आर्या, पल्लवी, सृष्टि, वैदिक, तनिष्क, नैंसी, पार्थ, अंशु, शौर्य, पावनी, परी, आरवी, अनुष्का, विविका, वंश, अथर्व, उमर, यशिका, अविका, अवनी ने अपनी अपनी कक्षाओं में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# वीर बाल दिवस पर मेधावी बच्चे सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरू गोविन्द सिंह के चार वीर पुत्रों के अदम्य साहस, बलिदान व राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल की टॉपर बालिकाओं व खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया गया।



अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में वीर बाल दिवस कार्यकम आयोजित किया गया। कार्यकम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संबोधन का लाइव प्रसारण जनपद के समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत बालक एवं बालिकाओं को दिखाया गया। कार्यकम में जनपद की इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल की टॉपर बालिकाओ व खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बालक-बालिक. ाओं तथा बाल सेवा योजना (सामान्य) व स्पॉन्सरशिप योजना के लाभार्थियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरू गोविन्द सिंह के चार वीर पुत्रों साहिबजादे अजीत सिंह, साहिबजादे जुझार सिंह, साहिबजादे जोरावर सिंह व साहिब. जादे फतेह सिंह के अदम्य साहस, बलिदान व राष्ट्रभक्ति पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम में बालक बालिकाओं को राष्ट्र के प्रति जागरूक करते हुए बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलायी गयी। साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य), स्पॉन्सरशिप, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, हेल्पलाइन नम्बर 1098 के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी इसके अतिरिक्त राजकीय बाल गृह (शिशु सदन), फतेहपुर में भी वीर बाल दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीएम अंकुर वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक, द्वितीय हर्षवर्धन व जिला प्रोबेशन अधिकारी अभिषेक कुमार पाण्डेय सहित जिला बाल संरक्षण ईकाई, हब फॉर इम्पॉवरमेंट ऑफ वूमेन, सखी वन स्टॉप सेंटर के समस्त कार्मिक व शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# देर से उठाया कदम

आखिरकार भारत ने बांग्लादेश के प्रति अपना रुख सख्त कर दिया है, लेकिन देर हो चुकी है। जब दीपू दास की हत्या हुई थी, उसी समय भारत की प्रतिक्रिया आनी चाहिए थी, लेकिन अब तक चार अल्पसंख्यकों की हत्या के बाद भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है, जिसे देर से उठाया जा रहा कदम बताया जा रहा है। किसी भी देश में वहां के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार की होती है, लेकिन भारत ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया था। दीपू दास की हत्या के बाद भारत में प्रदर्शन हुए, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजे गए, तब कहीं जाकर भारत सरकार ने अपना मुंह खोला है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, एचवन बी वीजा, ऑस्ट्रेलिया टेरर अटैक और कनाडा में भारतीय छांत्र की मौत मामले पर प्रतिक्रिया दी। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले को लेकर मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो हो रहा है वो चिंता का विषय है। हम बांग्लादेश में हाल ही में एक हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं। इस अपराध के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भारत का हमेशा यह ध्येय रहा है कि पड़ोसी देशों से संबंध अच्छे रहे, लेकिन यूनुस सरकार ने इन संबंधों पर पानी फेर दिया। भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में है। बांग्लादेश में शांति और स्थिरता चाहता हैं। सरकार को देश के नागरिकों से कई शिकायतें मिली हैं, जिन्हें अपने वीजा अपाइंटमेंट को रीशेड्यूल करने में दिक्कतें आ रही हैं। वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इन मुद्दों और अपनी चिंताओं को भारत ने अमेरिकी पक्ष के सामने उठाया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को बांग्लादेश में भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में अमृत मंडल नामक हिंदू शख्स को पीट-पीटकर मार डाला। इससे पहले मैमनसिंह के भालुका में कथित ईशनिंदा के आरोप में 25 साल के हिंदू गारमेंट फैक्ट्री वर्कर दीपू चंद्र दास की भी भीड़ ने हत्या कर दी थी,जिसको लेकर भारतभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। अब इस मामले में बालीवुड के अभिनेता और अभिनेत्रियां सामने आने लगे हैं। सभी ने बांग्लादेश में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की है और इसे नरसंहार का नाम दे डाला है।हम दुनिया के दूसरे छोर पर हो रही घटनाओं पर रोते रहेंगे, जबकि हमारे अपने भाई-बहन जलाकर मार दिए जा रहे हैं। किसी भी रूप में मौजूद उग्रवाद की निंदा और विरोध करना जरूरी है, इससे पहले कि हम अपनी इंसानियत को भूल जाएं।

## राहुल गांधी की गतिविधियों पर नजर



राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है, मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है, हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं, भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप बेबुनियाद हैं , विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है, सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में, डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते, राहुल गांधी या कांग्रेस का किसी भी तरह के एंटी-इंडिया नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। सब बकवास है। -**सैम पित्रोदा, चेयरमैन, ओवरसीज कांग्रेस**

# देश को याद आ रहे आर्थिक संकट से उबारने वाले डा. मनमोहन सिंह


डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति के ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं जिनका नाम आते ही सादगी, ईमानदारी, विद्वता और दूरदर्शिता का भाव स्वत: मन में उभर आता है। वे केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को मजबूती देने वाले एक ऐसे शिल्पकार थे जिनकी सोच, निर्णय और कार्यशैली ने देश की दिशा ही बदल दी। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि शांत स्वभाव, गहरी समझ और निस्वार्थ भावना के साथ भी कोई व्यक्ति देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितम्बर 1932 को तत्कालीन अविभाजित भारत के गाह (अब पाकिस्तान में) नामक गांव में हुआ था। विभाजन के समय उन्होंने अपने परिवार के साथ भारत आकर कठिन परिस्थितियों में जीवन की नई शुरुआत की। बचपन से ही वे अत्यंत मेधावी थे। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन इतनी गहरी थी कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को ही अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय पहुंचे और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। यह अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि थी, क्योंकि उस दौर में विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान नहीं था।

शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अध्यापन और शोध को अपना प्रारंभिक क्षेत्र बनाया। दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स और पंजाब विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में उन्होंने छात्रों को अर्थशास्त्र पढ़ाया। उनके व्याख्यानों में गहराई, तार्किकता और व्यावहारिक दृष्टिकोण साफ झलकता था। धीरे-धीरे उनकी पहचान एक गंभीर और विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में बनने लगी। यही कारण था कि उन्हें भारत सरकार में आर्थिक मामलों से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अवसर मिला।

डॉ. मनमोहन सिंह का प्रशासनिक जीवन बेहद प्रभावशाली रहा। वे भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बने, योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे और बाद में प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी बने। इन सभी पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा। वे निर्णय लेने से पहले गहराई से सोचते थे और किसी भी मुद्दे को भावनाओं के बजाय तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर परखते थे। उनकी यही विशेषता उन्हें एक असाधारण नीति-निर्माता बनाती है। साल 1991 भारत के इतिहास का एक निर्णायक मोड़ था। देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग समाप्त हो चुका था, महंगाई बढ़ रही थी और आर्थिक व्यवस्था चरमराने लगी थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया। यह एक साहसिक निर्णय था, क्योंकि वे राजनीति में सक्रिय नहीं थे, लेकिन उनकी काबिलियत पर पूरा देश भरोसा करता था।

वित्त मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने जो ऐतिहासिक फैसले लिए, उन्होंने भारत की आर्थिक तस्वीर ही बदल दी। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति को अपनाया, जिसे आमतौर पर एलपीजी सुधार कहा जाता है। लाइसेंस राज की समाप्ति, विदेशी निवेश को बढ़ावा, उद्योगों को स्वतंत्रता, आयात-निर्यात में सरलता और बैंकिंग सुधार जैसे कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी। यह वही दौर था जब भारत विश्व अर्थव्यवस्था से मजबूती से जुड़ना शुरू हुआ। आज जो भारत एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देखा जाता है, उसकी नींव उसी समय रखी गई थी। साल 2004 में डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि वे स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो सीधे तौर पर राजनीति की पारंपरिक पृष्ठभूमि से नहीं आए थे। उन्होंने कभी आक्रामक भाषण नहीं दिए, न ही वे दिखावे में विश्वास रखते थे।




उनकी ताकत उनके काम, उनकी ईमानदारी और उनकी दूरदृष्टि थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को विकास, स्थिरता और सामाजिक कल्याण के लिए जाना जाता है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की। देश की विकास दर तेज हुई, विदेशी निवेश बढ़ा और भारत को वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में पहचान मिली। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़े सुधार किए। उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में मनरेगा योजना मानी जाती है, जिसने ग्रामीण भारत को रोजगार की गारंटी दी। इस योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की और गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। शिक्षा के क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान और शिक्षा का अधिकार कानून जैसे कदमों ने देश के भविष्य को मजबूत आधार दिया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन ने दूर-दराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाईं। विदेश नीति के क्षेत्र में भी डॉ. मनमोहन सिंह का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अमेरिका के साथ परमाणु समझौता कर भारत को वैश्विक परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दिलाई। यह समझौता भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण था। इसके अलावा उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने, व्यापार बढ़ाने और शांति बनाए रखने पर भी जोर दिया। वे हमेशा संवाद और सहयोग के पक्षधर रहे। डॉ. मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी विशेषता उनकी ईमानदारी थी। राजनीति में रहते हुए भी उनके ऊपर कभी व्यक्तिगत भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। वे एक साधारण जीवन जीते थे, सादे कपड़े पहनते थे और बिना किसी दिखावे के अपना कार्य करते थे। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने कभी अपनी मर्यादा नहीं छोड़ी। वे आलोचनाओं से विचलित नहीं होते थे और चुपचाप अपना काम करते रहते थे। उनके आलोचक भी इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त और विद्वान नेता थे। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा और भारतीय इतिहास में उनका स्थान सदैव सम्मान के साथ सुरक्षित रहेगा। **-मौ. इमरान**

# भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर

**ग्लेशियरों का कम होना बढ़ते वैश्विक तापमान के सबसे भयावह परिणामों में से एक है । ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र तल में वृद्धि होती है जिससे तटीय क्षरण बढ़ता है । इसके साथ ही साथ उग्र तटीय तूफान पैदा होते रहते हैं क्योंकि समुद्री तापमान में वृद्धि होती है और गर्म हवाएं बहुत तेज रफ्तार से चलती हैं, जिससे समुद्री बर्फ और ग्लेशियर पिघलते हैं और महासागर गर्म होते हैं । समुद्र की धाराएं दुनिया भर में मौसम व समुद्री जीव-जंतुओं को प्रभावित करती हैं । ग्लेशियरों के पिघलने से जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है और जीव-जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियां खत्म होने लगती हैं । इसके अलावा ग्लेशियरों के पिघलने से दीर्घावधि में ताजे पानी की मात्रा में कमी आ सकती है । साथ ही समुद्र के किनारे बसे शहरों के जलमग्न होने का खतरा भी है ।**

पृथ्वी पर करीब 2 लाख ग्लेशियर (हिमनद) हैं, किंतु अब ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते प्रदूषण के कारण दुनिया भर के ग्लेशियरों का पिघलना तेजी से बढ़ रहा है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट चेंज इंपैक्ट में जलवायु प्रोफेसर का कहना है कि पिछले 100 सालों में दुनिया के समुद्र तल में 35 फीसदी इजाफा ग्लेशियरों के पिघलने की वजह से हुआ है।

जर्नल दी क्रायोस्फियर में प्रकाशित शोध के अनुसार बर्फ अब 65 प्रतिशत ज्यादा तेजी से पिघल रही है। 1994 से 2017 के बीच 28 लाख करोड़ टन बर्फ पिघल चुकी है। किलिमंजारो पहाड़ों की बर्फ 1912 के बाद से 80 प्रतिशत से अधिक पिघल गई है। भारत में गढ़वाल हिमालय में ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना है कि अधिकांश मध्य और पूर्वी हिमालय के ग्लेशियर 2035 तक गायब हो सकते हैं। कुछ समय पूर्व ही अंटार्कटिका में दुनिया का सबसे बड़ा हिमखंड 'ए-76' टूट कर अलग हुआ है। इसका कुल क्षेत्रफल 4320 वर्ग किलोमीटर है। यह हिमखंड अंटार्कटिका में मौजूद ग्लेशियर रोने आइस शेल्फ के पश्चिमी हिस्से से टूटकर वेडेल सागर में गिरा है।

शोधकर्ताओं के अनुसार तेजी से बर्फ पिघलने के कारण समुद्र का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण पूरी दुनिया पर बड़ा संकट आ रहा है। ग्लेशियरों के पिघलने से दुनिया के उन लोगों पर असर पड़ेगा जिनके लिए ग्लेशियर ही पानी का प्रमुख स्रोत हैं। इससे अकेले दक्षिण-पूर्व एशिया में ही 70 करोड़ लोगों के जीवन पर असर पड़ेगा। हिमालय के ग्लेशियर आस-पास रहने वाले 25 करोड़ लोगों और ऐसी नदियों को पानी देते हैं जो करीब 1.65 अरब लोगों के लिए भोजन, ऊर्जा और कमाई का साधान है।



नेदरलैंड्स की डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के हैरी जोकोलारी के अनुसार ज्यादातर लोग इस बात का महत्व नहीं समझते कि बर्फ की विशाल संरचनाएं कितनी जरूरी हैं। एक स्वस्थ ग्लेशियर गर्मी में थोड़ा पिघलता है और सर्दियों में और बड़ा बन जाता है। इसका मतलब है कि लोगों को जब पानी की ज्यादा जरूरत होती है तो उन्हें ग्लेशियर से पानी मिलता है। प्रमुख शोधकर्ता व लीड्स विश्वविद्यालय के प्रो. थॉमस स्लेटर का अनुमान है कि समुद्री जल स्तर में हर एक सेंटीमीटर की वृद्धि से करीब एक लाख लोग विस्थापित होंगे। इसके साथ ही प्राकृतवासों व वन्य जीवों पर भी खतरा है। हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन की स्टेट ऑफ ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट 2020 से पता चला है कि 2020 इतिहास का सबसे गर्म वर्ष था। नेशनल ओशिएनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन (एनसीईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 इतिहास का छठा सबसे गर्म वर्ष था। रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष तापमान 20वीं सदी के औसत तापमान से 0.84 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया था। स्पष्ट है पृथ्वी अब तेजी से गर्म होती जा रही है जिसका असर ग्लेशियरों पर हो रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि हम ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकने में सफल हो जाएं और दुनिया के तापमान में बढ़त को उद्योग-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक पर सीमित कर दिया जाए तब भी एशिया के ऊंचे पर्वतों के ग्लेशियर अपनी एक तिहाई बर्फ खो सकते हैं। पहाड़ों के ऊपर उड़ने वाली धूल तेजी से बर्फ को पिघला रही है, क्योंकि धूल में सूरज की रोशनी अवशोषित हो जाती है जिसकी वजह से बढ़ी गर्मी के कारण बर्फ पिघलने लगती है।


**( स्रोत फीचर्स )**

# नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता है पर्किंसन रोग

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।

इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गतिविधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं।**

(साभार प्र.सा.)



नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरुत/यरूशलेम।** दोपहर दक्षिणी लेबनान में गुरुवार को इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सूत्रों और इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएए) ने बताया कि गुरुवार दोपहर सीमावर्ती गांव मजदल सेल्म के प्रवेश द्वार पर एक इजरायली ड्रोन ने एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाया। लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने पुष्टि की कि हमले में एक नागरिक मारा गया। एक सुरक्षा सूत्र ने मृतक की पहचान मोहम्मद अला अल-दीन नामक हिजबुल्लाह सदस्य के रूप में की।

## भारत में मिल रही नकली रेबीज वैक्सीनः ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में वैक्सीन के लिए काम करने वाली सरकार की संस्थान आस्ट्रेलियन टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप आन इम्यूनाइज. ेशन (एटीएजीआई) ने शुक्रवार को भारत में इस्तेमाल होने वाली रेबीज वैक्सीन के लिए चेतावनी जारी की है। ये चेतावनी **ABHAYRAB** ब्रांड के लिए जारी की गई है। चेतावनी में कहा गया है। **ABHAYRAB** ब्रांड की वैक्सीन नकली है और रेबीज बीमारी के लिए फायदेमंद नहीं है। नवम्बर 2023 से ये नकली वैक्सीन सप्लाई हो रही है। एटीएजीआई के मुताबिक नकली वैक्सीन में सही मात्रा में एक्टिव इंग्रीडिएंट नहीं हैं। **ABHAYRAB** का इस्तेमाल आस्ट्रेलिया में नहीं होता है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि अनुमानों से कहीं बेहतर होगी

## अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगाः गोल्डमैन सैक्स

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स के एक ताजा अनुमान के अनुसार भारत अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा और देश की वृद्धि की रफ्तार वैश्विक स्तर पर लगाए जा रहे अनुमानों से बेहतर होगी।

इस प्रतिष्ठित बैंकिंग की शुक्रवार को प्रकाशित मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक (वृहत आर्थिक परिदृश्य) रिपोर्ट के 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वास्तविक (स्थिर कीमत पर) वृद्धि 6.7 प्रतिशत और 2027 में 6.8 प्रतिशत रह सकती है। यह धीमी पड़ रही वैश्विकअर्थव्यवस्था के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते जुझारूपन और संरचनात्मक शक्ति को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की वृद्धि के बारे में ये अनुमान अधिकांश विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी ऊपर हैं। भारत से इस तरह के प्रदर्शन




यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है

की उम्मीद ऐसे समय में है जबकि कड़ी वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और लगातार व्यापार बाधाओं के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि धीमी होने के आसार हैं। गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था लगभग 2.8 प्रतिशत की अपेक्षाकृत स्थिर लेकिन मामूली गति से बढ़ेगी, जो मौजूदा अनुमानों से थोड़ी अधिक है। अनुमान में यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वैश्विक परिदृश्य में भारत निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता के बिना वृद्धि की उच्च दर को बनाए रखने की अपनी क्षमता की दृष्टि से अलग दिखता है। वैश्विक मांग में उतार-चढ़ाव के आगे कमजोर पड़ने वाली कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बिपरीत भारत की वृद्धि दर एक बड़ी सीमा तक घरेलू खपत, सार्वजनिक निवेश और संरचनात्मक सुधारों से संचालित हो रही है। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि भारत का बड़ा आंतरिक बाजार, बढ़ता घरेलू खर्च और सरकार के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे का लगातार विस्तार देश में आर्थिक गतिविधि के लिए मजबूत आधार के रूप में काम करेगा है। इसके अनुसार, 'सार्वजनिक पूंजीगत व्यय भारत के मध्यम अवधि के दृष्टिकोण का एक प्रमुख चालक बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 58 अरब डालर के रिकॉर्ड रक्षा बजट को मंजूरी

**टोक्यो।** जापान के मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय तनाव और चीन की बढ़ती सैन्य गति. विधियों को देखते हुए शुक्रवार को अब तक के सबसे बड़े रक्षा बजट को अपनी मंजूरी दे दी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जापान सरकार ने रक्षा क्षेत्र को लगभग 58 अरब डॉलर का आवंटन किया है। जापानी मुद्रा एन में यह राशि नौ हजार अरब एन है। स्थानीय मीडिया जापान टुडे के मुताबिक इस भारी भरकम बजट का मुख्य उद्देश्य जापान की जवाबी हमले की क्षमता को बढ़ाना और अत्याधु. निक मानवरहित हथियारों, ड्रोनों के जरिए तटीय सुरक्षा को पुख्ता करना है।

### नाइजीरिया ने आईएस ठिकानों पर हवाई हमलों की पुष्टि की

**अबुजा।** नाइजीरियाई सरकार ने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों ने मिलकर अफ्रीकी देश के पश्चिमोत्तर हिस्से के आईएस के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता किमिबी एबिएनफा ने कहा कि यह अभियान पश्चिमी अफ्रीकी देश में आतंकवाद और हिसक उग्रवाद को खत्म करने के लिए अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ नाइजीरिया के सुरक्षा सहयोग का हिस्सा था।

### ईरान में पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्याः मीडिया रिपोर्ट

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में एक सशस्त्र हमले में एक पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्या कर दी गई। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेहर ने ईरान पुलिस के एक जानकार सूत्र के हवाले से बताया कि मृतक की पहचान इकरामुद्दीन सरी के रूप में हुई है, जो पूर्व अफगान सरकार के तहत उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में पुलिस कमांडर थे। सरी को वलियासर स्ट्रीट स्थित अपने कार्यस्थल से निकलने के बाद गोली मार दी गई।

# H-1B वीजा में देरी पर भारत ने जताई चिंता

## कहाः बच्चों की पढ़ाई और परिवारों पर गंभीर असर, वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

**नई दिल्ली।** विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों से जुड़े मामलों को लेकर भारत सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वीजा परेशानियों, सुरक्षा से जुड़े मामलों, भगोड़े अपराधियों की वापसी और विदेशों में भारतीय छात्रों की मौत जैसे मुद्दों पर विदेश मंत्रालय ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार को एच1बी वीजा नियुक्ति के बार-बार पुनर्निर्धारित होने को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। इस कारण बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक लंबे समय से विदेशों में फंसे हैं, जिससे उनके परिवार और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है।

प्रवक्ता ने बताया कि वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने अपनी चिंताएं अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाई हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लगातार बातचीत की जा रही है ताकि भारतीय नागरिकों को हो रही दिक्कतों को कम किया जा सके। भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर गंभीर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पहले से तय एच-1बी वीजा साक्षात्कार अचानक रद्द या आगे खिसका दिए गए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने




भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर तथ्यों से अवगत कराया

साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सरकार को कई भारतीय नागरिकों से शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों में कहा गया है कि वीजा साक्षात्कार पुनर्निर्धारित होने के कारण वे लंबे समय से भारत में फंसे हुए हैं और अमेरिका लौटकर अपनी नौकरी जाइन नहीं कर पा रहे हैं।

मंत्रालय के अनुसार, दिसम्बर के मध्य से जिन एच-1बी वीजा आवेदकों के साक्षात्कार तय थे, उन्हें अचानक कई महीनों के लिए टाल दिया गया है। कुछ आवेदकों को ई-मेल के जरिए बताया गया कि उनके साक्षात्कार अब अगले साल मई तक के लिए बढ़ा दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह फैसला सोशल मीडिया प्रोफाइल और आनलाइन गतिविधियों की अतिरिक्त जांच के चलते लिया गया है। साथ ही ये भी स्पष्ट किया कि वीजा से जुड़े फैसले किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने इस मुद्दे को अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाया है। उन्होंने कहा कि इस देरी से भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को आर्थिक, पारिवारिक और शैक्षणिक स्तर पर गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रणधीर जायसवाल ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच में हुई आतंकी घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत इस हमले से जुड़े जिम्मेदार लोगों की गतिविधियों से अवगत है और इस मामले में संबंधित विद. ेशी एजेंसियों के संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत उन सभी लोगों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश में कानून से बचकर विदेशों में छिपे हुए हैं। इसके लिए कई देशों से बातचीत चल रही है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में कई कानूनी स्तर होते हैं, लेकिन सरकार की मंशा साफ है कि ऐसे लोग भारत लौटें और अदालतों में मुकदमे का सामना करें। कनाडा में एक भारतीय छात्र की मौत पर विदेश मंत्रालय ने गहरा दुख जताया। रणधीर जायसवाल ने बताया कि सरकार मृतक छात्र के परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों से मौत की परिस्थितियों को लेकर जानकारी ली जा रही है। भारत का दूतावास परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

### बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या नजरअंदाज नहीं कर सकतेः भारत

#### विदेश मंत्रालय बोलाः हत्यारों को जल्द सजा मिले, भगोड़े ललित मोदी-माल्या को वापस लाएंगे

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में जारी अशांति और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने कहा कि हम ढाका में हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि सरकार ललित मोदी और विजय माल्या को वापस लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने इसके अलावा कई सवालों के जवाब दिए। जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश में फैलाई जा रही भारत-विरोधी झूठी कहानी को खारिज करता है। वहां कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,900 से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं को महज मीडिया की बयानबाजी या राजनीतिक हिंसा कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पाक ने एलओसी पर एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर (पीओ. के) में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने एलओसी पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की हैं, जो कोटली/भिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं। इसका मकसद एलओसी के पास हवाई निगरानी और इलेक्ट्रानिक वारफेयर क्षमता मजबूत करना है। स्पाइडर एंटी-ड्रोन सिस्टम रेडियो फीक्वेंसी के जरिए ड्रोन का पता लगाता है और करीब 10 किलोमीटर तक छोटे ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन पहचान



पाक सेना ने आशंका जताई कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है

सकता है। यह पोर्टेबल और वाहन-माउंटेड दोनों रूपों में उपलब्ध है। यह ड्रोन के कम्युनिकेशन को बाधित कर हवा में रुकने, वापस लौटने या लैंड करने पर मजबूर करता है। स्पाइडर काउंटर-यूएएस सिस्टम को पाकिस्तान की ग्लोबल इंडस्ट्रियल एंड डिफेंस सोल्यूशन (जीआईडीएस) ने विकसित किया है। सुफ्रा जैमिंग गन-यह कंधे पर रखकर चलाया जाने वाला हथियार है जिसकी रेंज करीब 1.5 किलोमीटर है। यह ड्रोन के कंट्रोल, वीडियो और जीपीएस लिंक को बाधित करता है। यह एक साथ कई कामीकाजे ड्रोन को डिएक्टिवेट कर सकती है। सुफ्रा जैमिंग गन को पाक के नेशनल इलेक्ट्रानिक्स काम्प्लेक्स ने विकसित किया है।

# पाक के परमाणु शस्त्र दुनिया के लिए खतरा

## दस्तावेजों से खुलासाः पुतिन ने 24 साल पहले जॉर्ज बुश को किया था आगाह

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2001 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश से अपनी पहली मुलाकात के दौरान पाकिस्तान को लेकर चिंता जताई थी। पुतिन ने कहा था कि पाकिस्तान असल में एक सैन्य शासन यानी जुंटा है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं।

यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं है। पुतिन के मुताबिक, इसके बावजूद पश्चिमी देश पाकिस्तान की आलोचना नहीं करते, जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। दोनों नेता पाकिस्तान के अंदरूनी हालात, राजनीतिक अस्थिरता और परमाणु कमांड सिस्टम को लेकर चिंतित थे। उन्हें डर था कि



यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं हैः पुतिन

अगर हालात बिगड़े तो परमाणु तकनीक गलत हाथों में जा सकती है। यह जानकारी दोनों के बीच 2001 से 2008 के दौरान हुई बातचीत के डीक्लासिफाइड दस्तावेज सामने आए हैं। ये दस्तावेज अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी आर्काइव ने सूचना के अधिकार कानून के तहत जारी किए हैं। यह बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब दुनिया में आतंकवाद और दक्षिण एशिया की सुरक्षा को लेकर हालात काफी संवेदनशील थे। पुतिन का मानना था कि परमाणु हथियारों से लैस किसी गैर-लोकतांत्रिक देश का होना वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। बात. चीत में पाकिस्तान के 'एक्यू खान नेटवर्क', ईरान और उत्तर कोरिया तक परमाणु तकनीक पहुंचने के खतरे और पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई गई है। 2001-2008 के दौर में पाकिस्तान में सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ का शासन था। 9/11 के बाद आतंकवाद विरोधी लड़ाई में अमेरिका और रूस दोनों उसका सहयोग ले रहे थे।

# यूएई प्रेसिडेंट पाक पहुंचे, शहबाज व मुनीर स्वागत करने एयरपोर्ट आए

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शुक्रवार को पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। पीएम शहबाज शरीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस आसिम मुनीर यूएई प्रेसिडेंट को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे। यह इस साल उनकी पाकिस्तान की दूसरी यात्रा है।

इससे पहले जनवरी 2025 में वे रहीम यार खान में निजी यात्रा के दौरान शहबाज से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली आधिकारिक पाकिस्तान यात्रा है। विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति अल नाहयान प्रधानमंत्री शहबाज के साथ द्विपक्षीय संबंधों के पहलुओं की समीक्षा करेंगे। क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे

ट्रेड-एनर्जी पर डील संभव, पाक को सऊदी जैसा रक्षा समझौता होने की उम्मीद

समय से चले आ रहे भाईचारे को और मजबूत करने का अच्छा मौका है। साथ ही व्यापार, निवेश, ऊर्जा, विकास और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समझौते हो सकते हैं। यात्रा से पहले, इस्लामाबाद में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बिलबोर्ड लगे हुए हैं। इस्लामाबाद जिला प्रशासन ने यात्रा के दिन यानी आज पूरी राजधानी में छुट्टी की घोषणा की। पाकिस्तान और यूएई के बीच गहरे राजनयिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। जो यूएई में रहने वाले बड़ी पाकिस्तानी प्रवासी आबादी के कारण और मजबूत हुए हैं।






# कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या, यूनिवर्सिटी में गोली मारी

**टोरंटो।** कनाडा के यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के पास भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह टोरंटो में 2025 की 41वीं हत्या है।

यह घटना कैंपस के पास होने से छात्रों में डर का माहौल है और यूनिवर्सिटी ने भी सुरक्षा अलर्ट जारी किया। पुलिस के अनुसार, 23 दिसम्बर को दोपहर में हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर शिवांक अवस्थी को गोली लगी हालत में पाया और मौके पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध पुलिस के आने से पहले मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने लोगों से संदिग्ध से जुड़ी कोई भी जानक. ारी मिलने पर सूचना देने की अपील की है। टोरंटो में 3 दिन के अंदर दो भारतीयों का हत्या हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर को भारतीय मूल की महिला हिमांशी खुराना

कैंपस में सुरक्षा अलर्ट जारी, आरोपी फरार, पिछले तीन दिनों के दौरान दो भारतीयों का मर्डर

का उसके पार्टनर ने मर्डर कर दिया था। टोरंटो में भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि वे शिवांक के परिवार से संपर्क में हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव मदद मुहैया करा रहे हैं। दूतावास ने अपने बयान में शिवांक को एक युवा भारतीय डाक्टरल छात्र बताया है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में उन्हें लाइफ साइंसेज का अंडरग्रेजुएट छात्र भी कहा गया है। इसी शहर में कुछ दिन पहले ही एक अन्य भारतीय महिला हिमांशी खुराना की हत्या हुई थी। वो 30 साल की थीं और टोरंटो में रहती थीं। पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया।

# बांग्लादेश के ढाका यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी प्रदर्शन

## हादी के हत्यारे को सजा देने की मांग, बांग्लादेशी हिंदू की हत्या मामले में 6 और गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर भारत विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इंकिलाब मंच ने नेता उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए ढाका के शाहबाग इलाके में प्रदर्शन किया।

इस दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाए गए। जुमा की नमाज के बाद ढाका यूनिवर्सिटी से जुलूस निकाला गया, जो शाहबाग पहुंचकर धरने में बदल गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे इलाके में यातायात ठप हो गया। इंकिलाब मंच का कहना है कि जब तक हादी की हत्या में न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शरीफ उस्मान हादी की पिछले हफ्ते हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश में एक बार फिर अशांति फैल गई है। प्रदर्शन के दौरान 'आई एम हादी' जैसे नारे गूंजते रहे। ढाका यूनिवर्सिटी वही जगह है, जहां जुलाई



हिंदू संगठन ने ढाका में प्रदर्शन किया

2024 में हुए आंदोलन की रणनीति बनी थी। बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में छापेमारी के दौरान हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे दीपू दास पर अपनी नौकरी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। दीपू चंद्र दास की 18 दिसम्बर को भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें एक पेड़ से आग भी लगा दी थी। इस घटना के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस घटना के विरोध में हिंदू संगठन नेशनल हिंदू महाजोत ने ढाका के नेशनल प्रेस क्लब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दीपू दास की हत्या की निंदा की और मांग की कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़ रहे हैं और सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता जताई जा रही है।